# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-28-08-2023

# मजदूर को गुमराहकर शातिर ने निकलवा दिया खून

## मरीज के परिजनों से वसूल किया 18000, मजदूर को दिया सिर्फ 1100 रुपये

गोरखपुर (एसएनबी)। खूनचुसवा गैंग बीआरडी मेडिकल कालेज में फिर सक्रिय हो गया है। गैंग के सदस्य अस्पतालों में भर्ती ब्लड के जरूरतमंदो से मोटी रकम लेकर ब्लड दिलाने का ठेका लेते है और बाहरी लोगों को रुपए का लालच देकर खून निकलवाकर लेते और डोनर को कुछ रुपए देकर भगा देते है। इस तरह खूनचुसवा गैंग का गोरखधंधा फलफूल रहा था कि रविवार को एक रक्त डोनर पीड़ित मेडिकल चौकी पुलिस के पास पहुंचा और खूनचुसवा गैंग द्वारा ठगे जाने आपबीती बताई। देर शाम चौकी पुलिस ने गैंग के और एक सदस्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गोरखनाथ चौक पर प्रतिदिन मजदूरों का बाजार लगता है। महराजगंज जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के कमता बुजुर्ग गांव निवासी गोरख चौहान पुत्र लालबचन गोरखनाथ पुल के नीचे रहता है और प्रतिदिन मजदूरी करता है। चरगांवां प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार की सुबह मजदूरी के लिए गोरख चौक पर खड़ा था। कहीं कोई काम नहीं मिला तो खूनचुसवा गैंग का कर्ताधर्ता वसीम पता अज्ञात पहुंचा और एक यूनिट ब्लड देने के लिए मजदूर से कहा। उसने पहले यह कहानी बनाया कि जरूरतमंद को ब्लड देना है। ब्लड के बदले मजदूर को 10 हजार रुपये देने का लालच दिया। चूंकि तीन दिनों से बरसात के कारण कही काम नहीं मिलने से मजदूर गोरख के पास खाने तक के पैसे नहीं थे जिसके चलते वह ब्लड देने को तैयार हो गया। गैंग का कर्ताधर्ता बिना नम्बर की नीली कलर की प्लेटिना बाइक पर बैठाकर मजदूर को मोगलहा लेकर आया और अपने गैंग के सदस्य केशरदेव पुत्र सुखई निवासी कम्हरिया खुर्द थाना फरेंदा जिला महराजगंज के हवाले कर दिया। शनिवार की शाम 6 बजे केशरदेव मजदूर को लेकर मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में पहुंचा। ब्लड बैंक का कर्मचारी पहले से ही तैयार बैठा था और तुरंत ब्लड निकलवाकर पिपराइच थाना क्षेत्र के रुदलापुर निवासी मरीज मोहन 13 वर्ष को दे दिया गया। बताया जाता है कि केशरदेव मरीज के घरवालों से ब्लड के एवज में 18 हजार रुपये लेकर मजदूर को मोगलहा वापस ले गया और वसीम को पैसा दे दिया। वसीम मजदूर को बाइक पर बैठाकर रेल बिहार के एक गली में ले जाकर 1100 रुपये दिया। मजदूर ने और पैसे मांगे तो उसने थप्पड़ मारकर खदेड़ दिया। इधर एक यूनिट खून देने वाला मजदूर वसीम की इस हरकत से खासा नाराज हुआ और मेडिकल कालेज चौकी पर जा पहुंचा। चौकी प्रभारी विवेक मिश्र ने मजदूर की बातों को सुना और फिर हरकत में आकर बताया कि गैंग लीडर वसीम और सदस्य केशरदेव को हिरासत में ले लिया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**मेडिकल कॉलेज**

**खूनचुसवा गैंग मेडिकल कालेज में सक्रिय, दो हिरासत में, पुलिस कर रही है पूछताछ**



**ब्लड बैंक का कर्मचारी भी आ सकता है चपेट में :** ब्लड बैंक में मजूदर के पहुंचते ही आनन-फानन में खून निकालने वाला कर्मचारी भी जांच के चपेट में आ सकता है क्योंकि चौकी की पुलिस इस प्रकरण को लेकर खासा गंभीर है? यह खेल पता नहीं कितने दिनों से ब्लड बैंक में खेला जा रहा था यह तो पूछताछ के बाद ही सार्वजनिक हो सकेगा। वैसे एंबुलेंस गैंग में लिप्त रहने वाले भी खूनचुसवा गैंग में शामिल रहे हैं, ऐसी चर्चा है।

# तिरंगे के अपमान पर दो के विरुद्ध केस, एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगे को जलाकर वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया था । पुलिस मामले में आरोपित की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने बूढ़ाडिह गांव के सोनराइच टोले के समीप पुलिया से आरोपित को मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपित हरि ओम मद्धेशिया पुत्र सुनील मद्धेशिया निवासी बुढ़ाडीह टोला सोनराइच (19) द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन एकला नंबर दो पानी टंकी के पास तिरंगा का जलाते हुए एक वीडियो अपने एक अन्य साथी आजाद से बनवाया गया था । उसके पश्चात वीडियो को अपनी फेसबुक आईडी ओम हरि ओम व इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया गया था । वीडियो को देख लोगों ने आक्रोशित होकर आपत्ति स्वरुप कमेन्ट भी दर्ज कराया था । नहर पुलिया से आरोपित की गिरफ्तारी के दौरान तलाशी में एंड्रयड मोबाइल बरामद हुआ । जिसे खोलकर देखा गया तो फेसबुक आईडी ओम हरि ओम के नाम से एक्टीवेट मिला। फेसबुक आईडी से कई विडियो डाले गये थे।

इस संबंध में थाना प्रभारी जेएन शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है,दूसरे की तलाश की जा रही है।



# सराफा से 12 लाख उड़ाने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

तीन फरार बदमाशों की पुलिस कर रही तलाश

नकली सोने का बिस्कुट देकर उड़ाया था रुपया

# धोखाधड़ी के शिकार तीन लोगों को वापस दिलायी रकम

**गोरखपुर (एसएनबी)**। जिले की साइबर सेल टीम ने ऑन लाइन धोखाधड़ी के शिकार बने तीन व्यक्तियों का 1,45,207 रुपए उनके खाते में वापस कराया। रुपए वापस होने पर पीड़ित व्यक्तियों ने साइबर सेल टीम के प्रति आभार प्रकट किया।

लिंक भेज कर गूगल पे के माध्यम से खाते से 75000 रुपए की निकासी किए जाने' के संबंध में पीड़ित राज हर्ष निवासी पिपराइच थाना पिपराइच द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए संपूर्ण धनराशि 75000 रुपए आवेदक के खाते में वापस कराए गए। इसी क्रम में बैंक का कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्राप्त कर क्रेडिट कार्ड से 63207 की धन निकासी कर लेने के संबंध में पीड़ित चंदन कुमार मित्तल निवासी मोतीराम अड्डा थाना झगहा गोरखपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर साइबर सेल टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए निकासी की गई संपूर्ण धनराशि आवेदक के क्रेडिट कार्ड में वापस कराया गया। एक अन्य घटना में गूगल पे के माध्यम से 7000 रुपए की निकासी के संबंध में आवेदिका श्रीमती अनीता देवी निवासी सिंघड़िया थाना कैंट गोरखपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए निकासी की गई धनराशि रुपए 7000 आवेदक के खाते में वापस कराए गए। बैंक खातों में पैसा वापस आने पर आवेदकगण उपरोक्त द्वारा साइबर सेल, अपराध शाखा गोरखपुर कार्यालय उपस्थित आकर पुलिस उच्चाधिकारी व साइबर सेल गोरखपुर पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया। गुडवर्क टीम में निरीक्षक संदीप सिंह, प्रभारी साइबर क्राइम सेल, मुख्य आरक्षी शशि शंकर राय साइबर क्राइम सेल, मुख्य आरक्षी शशिकांत जायसवाल साइबर क्राइम सेल, मुख्य आरक्षी प्रद्युम्न जायसवाल साइबर क्राइम सेल, आरक्षी पंकज कुमार गुप्ता साइबर क्राइम सेल व महिला आरक्षी नीतू नाविक साइबर क्राइम सेल शामिल रहीं।

**साइबर सेल टीम ने खाते में वापस कराए 1,45,207 रुपए**




साइबर टीम को प्रशस्ति पत्र देकर धन्यवाद देते पीड़ित।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित अभियुक्त को पीपीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम शनी कन्नौजिया पुत्र विरेन्द्र प्रसाद कन्नौजिया निवासी बिलन्दपुर खंता थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 363,366,376 भा0द0सं0 व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में चौकी प्रभारी जंगल कौड़िया एसआई प्रदीप कुमार सिंह, आरक्षी चन्दन चौरसिया चौकी जंगल कौड़िया थाना पीपीगंज, जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** शाहपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग का शारीरिक शोषण करने के आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विसु यादव उर्फ कृष्ण मुरारी यादव पुत्र गोरख यादव निवासी ग्राम पिपरपाती थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 363,366,376, भादवि0 व पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

## टुल्लू पंप बरामद, एक धराया

**गोरखपुर।** एम्स थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का टुल्लू पम्प बरामद किए जाने का दावा किया है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम आकाश निषाद उर्फ गोलू पुत्र जितेन्द्र निषाद निवासी रजही कैम्प शिव मन्दिर थाना एम्स जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 380 व 411 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई प्रमोद कुमार व मुख्य आरक्षी प्रेम बहादुर सिंह थाना एम्स, जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

## अपहरणकर्ता गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**गोरखपुर।** झंगहा पुलिस ने एक अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपहृता को मुक्त कराया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विनय विश्वकर्मा पुत्र अनोखी विश्वकर्मा ग्राम ब्रह्मपुर टोला बरगदही थाना झंगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई शुभम श्रीवास्तव आरक्षी राजाराम वर्मा, महिला आरक्षी अंकिता सिंह, महिला आरक्षी साहिन परवीन थाना झंगहा जनपद गोरखपुर शामिल रहीं।

## अपमिश्रित कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**चरगावां।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सराय गुलरिहा निवासी रंभा देवी पत्नी दीपचंद निषाद को पुलिस ने कच्ची शराब बनाने एवं बेचने के आरोप में रविवार की दोपहर सराय गुलरिहा से गिरफ्तार कर ली है। पुलिस ने महिला के पास से 20 लीटर अपमिश्रित शराब के साथ एक किलो यूरिया, आधा किलो नौसादर बरामद किया है।

# दुकान का ताला काटकर चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने गत दिवस रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित जैमिनी गार्डेनिया के सामने स्थित गुमटी का ताला काटकर चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम सौरभ कुमार पुत्र भरत कुमार सोनी निवासी बुद्ध बिहार पार्ट सी रामपुर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने चोरी गया 670 रुपये बरामद किया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 380 व 411 आईपीसी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पति समेत नौ पर दर्ज कराया उत्पीड़न का मुकदमा

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी मनीता देवी ने अपने पति सिकंदर शर्मा पर दुसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए थाने में पति ,सास देवर और दुसरी पत्नी समेत नौ के विरूद्ध भादवि की धारा 498ए, 323,504,506, 494 तथा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। विवाहिता मनीता की शादी छह साल पहले सिकन्दर से हुई थी। मनीता को दो बेटी है। सुरभि व सौम्या क्रमशः 5 व 3 वर्ष। आरोप है कि बेटा नहीं होने पर ससुराल पक्ष द्वारा दूसरी शादी की धमकी दी जाने लगी और इस बीच पति सिकन्दर ने ग्राम बड़हरा बाबू कप्तानगंज (कुशीनगर) निवासी अंशिका से महराजगंज स्थित दुर्गा मन्दिर पर बीते जुलाई 2021 में दूसरी कर लिया। उसके बाद मनीता के पति सिकन्दर ने 20 अगस्त की शाम दूसरी पत्नी के साथ घर पर आया और हमें बच्चों समेत मारपीट कर जानमाल की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। पुलिस ने महिला के तहरीर पर पति सिकन्दर ,सास मंजू देवी ,ननद निधि व देवर राज तथा दूसरी पत्नी की मां ज्ञानमती ,पिता रामबालक , बुआ अमरावती देवी ,भाई लक्ष्मण व चन्द्रभान निवासी बड़हराबाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पति समेत सास ससुर पर दहेज हत्या का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमौरा टोला पतरका निवासी महिला की 22 अगस्त को मौत हो गई थी। मृतका के भाई की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने एक सप्ताह बाद पति समेत सास ससुर के खिलाफ प्रताड़ित कर दहेज हत्या का केस दर्ज कर ली है। **चरगांवा प्रतिनिधि** के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के चकजलाल निवासी बृजेश सहनी की बहन प्रेमशिला की शादी 24 मे 2022 को हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। भाई का आरोप है कि उसके बहन का पति कन्हैया लाल, ससुर जगदीश व सास मैना देवी और दहेज की मांग को लेकर मारतेपीटते, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते थे। बहन के बार बार शिकायत करने पर ससुराल वालो को कई बार समझाया बुझाया लेकिन ऐसा नही हुआ। यह भी आरोप है कि 22 अगस्त 2022 को बहन का फोन आया कि ससुराल वाले मारपीट रहे है। बहन के ससुराल पहुंचने से पहले पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है और ससुराल वाले शव का पोस्टमार्टम करा चुके थे। मृतका के भाई की लिखित तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने उक्त तीनों के खिलाफ धारा 498ए, 323, 304बी, 506 आईपीसी व 3/4 दहेज हत्या का केस दर्ज कर ली है।

# दो लुटेरे गैंगस्टर में निरूद्ध

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैंग बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाशों के विरूद्ध कैंट पुलिस ने धारा 3 (1) उप्र गिरोह बन्द व समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कैंट ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग लीडर पीयूष पाण्डेय पुत्र स्व. ओम प्रकाश पाण्डेय निवासी सिक्टौर बाजार मानीराम थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर व राजवीर जायसवाल उर्फ छोटू पुत्र स्व. हेमन्त जायसवाल निवासी सिक्टौर बाजार मानीराम थाना चिलुआताल के विरूद्ध कार्रवाई की गयी है। दोनों के विरूद्ध कैंट थाना पर लूट और बरामदगी के दो-दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

# लीबिया से लौटे युवक ने दी झंगहा पुलिस को तहरीर

## परिजनों ने लीबिया भेजा था टिकट तब कहीं जाकर लौटा युवक

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सउदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों वसूला और फिर समूह में फ्लाइट पकड़ाकर भेजा। वहां कुछ दिन रखने के बाद हम सबको लीबिया पहुंचा दिया गया। वहां भी कई माह रखा और फिर यह कहा गया कि परिजनों से टिकट मंगवा लो तथा शपथ-पत्र भी। तब कहीं जाकर बड़हलगंज के खैरवा निवासी भागीरथी यादव पुत्र श्रीराम दुलारे यादव वापस गांव लौट सका। पीड़ित ने झंगहा पुलिस को तहरीर देकर इस तरह का कृत्य करने वाले के खिलाफ विधिक कार्यवाही की मांग की है।

तहरीर में भागीरथी यादव ने लिखा है कि मोतीराम अड्डा चौराहे पर विजेन्द्र सिंह का विदेश भेजने वाला आफिस है। उनके द्वारा 8 मार्च को दुबई में स्टील फीटर पद पर नौकरी दिलाने का बीजा दिया। वहां से बीस दिन बाद लिबिया भेज दिया गया। वहां कोई काम नहीं दिया गया। यह कहा गया था कि कंपनी में नौकरी रखी हुई है बस जाकर ज्वाइन करना है। लिबिया में कई माह तक रखा गया और फिर कहा गया कि परिजनों से टिकट मंगवा लो साथ ही शपथ-पत्र भी। तब कहीं जाकर हम 26 जुलाई 2023 को वापस गांव आ सके। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि वापस लौटने के बाद विजेन्द्र सिंह से मिलने उनके आफिस पहुंचा और पैसा मांगा तो उनके द्वारा जानमाल की धमकी दी गयी। फोन पर भी उनके द्वारा धमकी दी जा रही है। पीड़ित भागीरथी यादव का कहना है कि झंगहा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग किया हूं। अगर नहीं मुकदमा लिखा गया तो पुलिस अधिकारियों के पास पहुंकर फरियाद करूंगा। गोरखनाथ मंदिर में जाकर कार्यवाही की मांग की जाएगी। उसने बताया कि हमें ही नहीं बड़हलगंज के कई युवक अभी भी लिबिया में फंसे हुए हैं। नौकरी दिलाने के नाम पर टूरिस्ट बीजा पर हम लोगों को विदेश भेजा गया। कर्ज लेकर, पत्नी का जेवर व खेत आदि बंधक रखकर हम लोगों ने पैसा दिया था। विजेन्द्र सिंह ने हम लोगों संग धोखाधड़ी किया है।

**मोतीराम अड्डा चौराहे पर है जिसने सउदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लेकर थमा दिया था टूरिस्ट बीजा**

**सउदी में कुछ दिन रखने के बाद भागीरथी यादव समेत दर्जनों को पहुंचा दिया गया था लिबिया**

**झंगहा पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की मांग की है**

**अभी भी लिबिया में फंसे हैं दर्जनभर से अधिक :** मोतीराम अड्डा चौराहे वाले आफिस से कई को लिबिया भेजा गया था। चार अभी भी वहीं फंसे हुए हैं क्योंकि उनके बीजा का समय सीमा खत्म हो गया है? परिजनों से टिकट मंगवाने को कहा जा रहा है। इसमें बिहार के 10 से अधिक लोग लिबिया में फंसे हैं। लिबिया से वापस लौटे भागीरथी यादव का कहना है कि विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखा किया जा रहा है और इस तरह का काम करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

# जहरीली कच्ची शराब का कारोबारी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। थाना रामगढ़ताल पुलिस ने जहरीली कच्ची शराब बेचने के आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम गेनु कुमार पुत्र चन्द्रभान निवासी झरवा थाना रामगढ़ताल बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 272 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल संजय कुमार सिंह, एसआई अभय नारायण सिंह, मुख्य आरक्षी आशुतोष कुमार पाण्डेय एवं आरक्षी सचिन कुमार शामिल रहे।

# तमंचा व कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। पीपीगंज पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अदद अवैध तमंचा व दो अदद कारतूस बरामद किए जाने का दावा किया है। पूछतछ में बदमाशों ने अपना नाम मनोज उर्फ टुन्नू तिवारी पुत्र रघुनाथ तिवारी व अरविन्द उर्फ भोलू तिवारी पुत्र स्व. हरि नरायन तिवारी निवासी भीटी तिवारी थाना पीपीगंज बताया। पुलिस आरोपितों को आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई रामदयाल गिरी, कांस्टेबल सत्येंद्र तिवारी व राम नरायन शुक्ल थाना पीपीगंज शामिल रहे।

# घर में घुसकर चोरी के आरोप में गिरफ्तार

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान आकाश निषाद उर्फ गोलू पुत्र जितेन्द्र निषाद निवासी रजही कैम्प शिव मन्दिर थाना एम्स के रूप में हुई। उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा अस्पताल सील किया

## सख्ती

कैम्पियरगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कैम्पियरगंज में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया है। वहीं संचालक और अन्य स्टाफ अस्पताल छोड़कर फरार हो गए।

करमैनीघाट रोड पर नगर पंचायत चौमुखा के बनभागलपुर गांव के सामने शिवम हास्पिटल को बिना रजिस्ट्रेशन के हास्पिटल संचालित करने की शिकायत पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार की रात करीब 11.30 बजे सील कर दिया। वहां भर्ती जनकपुर निवासी इन्द्रजीत की पत्नी नन्दनी की डिलीवरी हुई थी। उसे सीएचसी कैम्पियरगंज में सिफ्ट करा दिया। टीम के पहुंचने पर अस्पताल के संचालक और अन्य लोग अस्पताल छोड़कर भाग खड़े हुए। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह व राजस्व लेखपाल मौजूद थे। टीम ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

फिर सक्रिय हुआ खून चुसवा गिरोह, गुलरिहा पुलिस ने केस दर्ज कर सरगना सहित दो को हिरासत में लिया

# खून का धंधा करने वाला गिरोह दबोचा

**शर्मनाक**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में एक बार फिर खून चुसवा गैंग सक्रिय हो गया है। शहर में मजदूरी करने आए लोगों से काम के बदले खून बेचवा कर वह गिरोह धंधा कर रहा है। गिरोह ने एक मजदूर को खून के बदले दस हजार रुपये देने का लालच देकर खून निकलवाया और मरीज के तीमारदार से 18 हजार रुपये वसूलने के बाद मजदूर को 1100 रुपये दिया। मजदूर ने विरोध किया तो थप्पड़ मारकर भगा दिया। मजदूर ने मेडिकल कालेज चौकी पर पहुंच कर शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर गैंग लीडर सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि गैंग लीडर खून बेचने का धंधा लम्बे समय से कर रहा है।

**दस हजार रुपये देने का लालच :** महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के कमता बुजुर्ग निवासी गोरख चौहान पुत्र लालबचन गोरखपुर में गोरखनाथ पुल के नीचे रहकर मजदूरी करता है। गोरखनाथ चौक पर प्रतिदिन लेबर मार्केट लगता है। शनिवार की सुबह मजदूरी के लिए चौक पर खड़ा था लेकिन काम नहीं मिला तो खून चुसवा गैंग का लीडर वसीम पहुंचा और एक यूनिट ब्लड देने के लिए कहा। उसके बदले में दस हजार रुपये देने का लालच दिया। चूंकि बारिश के कारण तीन दिन से काम नहीं मिल रहा था और खाने तक के पैसे नहीं थे, इसलिए गोरख चौहान ब्लड देने को तैयार हो गया।

## मोगलहा ले गए मजदूर को

मजदूर द्वारा खून देने की स्वीकृति के बाद गैंग लीडर उसे बिना नम्बर की नीली कलर की बाइक पर बैठाकर मोगलहा लेकर आया और महराजगंज के फरेंदा निवासी अपने गैंग के सदस्य केसरदेव के हवाले कर दिया। शाम 6 बजे वह मजदूर को लेकर मेडिकल कॉलेज आया तो ब्लड बैंक का कर्मचारी पहले से ही तैयार बैठा था। उसने तुरंत ब्लड निकालकर पिपराइच क्षेत्र के मरीज को दे दिया गया। इसके बाद गैंग का सदस्य मरीज के घरवालो से 18 हजार रुपये लेकर मजदूर को मोगलहा वापस ले गया और गैंग लीडर को पैसा दे दिया।

- गोरखनाथ में रहनेवाले मजदूर का गैंग ने बेचा खून, बदले में दिए 11 सौ रुपये
- वादे से कम पैसा देने पर बिगड़ी बात मजदूर ने पुलिस में की शिकायत
- मजदूर का आरोप- जिसके लिए खून लिया उससे गैंग ने वसूले 18 हजार


वसीम


केसरदेव

**10 हजार रुपये देने का वादा, 11 सौ देकर थप्पड़ मार कर भगाया**

आरोप है कि गैंग लीडर मजदूर को रेल विहार स्थित एक गली में ले गया और 1100 रुपये देने लगा। और रुपए मांगने पर उसने मजदूर को तीन-चार थप्पड़ जड़कर भगा दिया। मजदूर ने इसकी सूचना मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी पर दी। गैंग के सदस्य की पुलिस तलाश कर रही थी कि रविवार की शाम मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक के पास से खूनचुसवा गैंग के सदस्य को पुलिस ने पहले हिरासत में लिया और बाद में गैंग लीडर को भी पकड़ लिया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया की वसीम और केशर देव के खिलाफ मानव अंग एवम उत्तक प्रतिरोपण अधिनियम, 19(क) के तहत केस दर्ज किया गया है।

# 15 साल पहले भी सामने आया था ऐसा गिरोह

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता । गोरखपुर का खून चुसवा कांड 15 साल पहले पहली बार जब सामने आया तो सनसनी मच गई थी। इस खबर ने गोरखपुर ही नहीं, पूरे देश में हड़कम्प मचा दिया था। देश भर के कई प्रदेशों के 17 लोगों को शाहपुर इलाके के एक तबेले में बंधक बनाकर उनका खून निकाल कर बेचा जा रहा था। एक मजदूर का हर हफ्ते तीन-तीन बार खून निकाला जाता था। होली के समय जब मजदूरों को घर जाने के लिए पैसा नहीं मिला तो पीड़ितों में से कुछ पादरी बाजार चौकी पर शिकायत लेकर पहुंचे और यह कांड सामने आया। इस कांड का एक आरोपित जयंत सरकार वर्ष 2008 से ही गोरखपुर पुलिस का मोस्ट वांटेड है। पश्चिम बंगाल के जयंत सरकार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा है।

- शाहपुर इलाके में 17 लोगों को बंधक बनाकर निकाला जा रहा था खून
- कई प्रदेश के मजदूर और रिक्शा चालकों को गैंग ने बनाया था शिकार

शाहपुर थाना क्षेत्र में इन मजदूरों को जहां बंधक बनाकर रखा गया था उनके लिए बकायदा पूरा सेटअप बनाया गया था। खून निकाला जाता और पैथालॉजी को मुंहमांगी कीमत पर सप्लाई दी जाती थी। सप्ताह भर में तीन-तीन बार खून बेचने वाले मजदूर इतने कमजोर हो गए थे कि वे अपने बेड से कहीं जा नहीं पा रहे थे। हालांकि इसमें से कुछ लोगों ने गैंग लीडर से होली में घर जाने की बात कही और अपना पैसा मांगा। दरअसल गैंग लीडर खून तो निकाल कर बेचता था लेकिन मजदूरों का पैसा नहीं देता था। बार-बार मांगने पर एक ही जवाब होता था कि गांव जाएंगे तब उनका हिसाब किया जाएगा। यही वजह थी कि होली में पैसा मांगने पर जब उसने इनकार किया तो कुछ मजदूरों ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी पर की। जब पुलिस ने मौके पर छापा डाला तो सबके होश उड़ गए थे।

## कई डॉक्टरों के नाम भी आए थे सामने

लाल खून के काले धंधे में कुछ डॉक्टरों के साथ पैथालॉजी सेंटर के लोग भी शामिल थे। पुलिस ने जब अपनी विवेचना आगे बढ़ाई तो धंधे से जुड़े कई लोगों के नाम सामने आए। खास बात यह रही है कि वह खून जिन्हें भी दिया गया था वह पानी से ज्यादा नही था। एक व्यक्ति का एक बार खून निकालने के बाद तीन महीने बाद ही खून निकाला जाता है लेकिन यहां सप्ताह में तीन बार खून निकाल का गैंग बेच रहा था।

# गैंग बनाकर लूट में दो बदमाशों पर गैंगस्टर

गोरखपुर। गैंग बनाकर लूट करने वाले एक गैंग के दो बदमाशों पर कैंट पुलिस ने गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गैंग लीडर पीयूष पाण्डेय निवासी सिक्टौर बाजार मानीराम थाना चिलुआताल व राजवीर जायसवाल उर्फ छोटू का गैंग है। ये संगठित गिरोह बनाकर लूट करते हैं।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगाने में केस

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में 24 अगस्त की सुबह सात बजे गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक अर्जुन के खिलाफ अपहरण की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# साइबर सेल ने तीन लोगों के 1.45 लाख वापस कराए

गोरखपुर। ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित तीन लोगों का 1.45 लाख रुपये साइबर सेल ने वापस कराया। लिंक भेज कर गूगल पे के माध्यम से खाते से 75000 की निकासी किए जाने के संबंध में पिपराइच के राज हर्ष की रकम साइबर सेल अपराध शाखा गोरखपुर ने खाते में वापस करा दिया। बैंक का कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड से 63207 की निकासी के मामले में चंदन मित्तल निवासी मोतीराम अड्डा की पूरी धनराशि टीम ने वापस करा दी

गूगल पे से 7000 की निकासी के संबंध में अनीता देवी निवासी सिंघड़िया थाना कैंट गोरखपुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर साइबर सेल अपराध शाखा की टीम ने 7000 रुपये वापस कराए।

# नकली टाटा नमक की बिक्री में चार विक्रेताओं पर केस

बांसगांव,हिन्दुस्तान संवाद। टाटा कम्पनी के कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने बांसगांव की चार दुकानों पर टाटा का नकली नमक बेचने का केस दर्ज किया है। बड़ी मात्रा में नकली नमक का पैकेट भी बरामद किया है।

टाटा के कर्मचारी मुम्बई निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह ने गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से बांसगांव व माल्हनपार बाजार की चार दुकानों की चेकिंग की। इस दौरान बांसगांव बाजार में राजेश किराना स्टोर, विरेन्द्र किराना स्टोर तथा माल्हनपार बाजार में निगम किराना स्टोर तथा पन्ना किराना स्टोर से काफी मात्रा में नकली रैपर लगा टाटा नमक बरामद किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# दो बेटियां होने पर दूसरी शादी की, पहली पत्नी को निकाला

- पिपराइच क्षेत्र के ग्राम रतनपुर का मामला
- पुलिस ने पति समेत नौ पर केस दर्ज किया

पिपराइच, हिसं। पिपराइच क्षेत्र के ग्राम अगया की एक महिला ने दूसरी शादी का आरोप लगाते हुए पति और सास, देवर व ननद समेत नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि दूसरी पत्नी से बेटा होने के बाद पति ने उसे और दो बेटियों को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिपराइच के अगया गांव की रहनेवाली मनीता देवी ने रविवार को पिपराइच पुलिस को तहरीर दी कि छह साल पहले उसकी शादी पिपराइच के रतनपुर निवासी सिकंदर शर्मा से हुई थी। दोनों की दो बेटियां हैं सुरभि (5) व सौम्या (3)। दो बेटियां होने पर ससुरालवाले उसे प्रताड़ित करने लगे और सिकंदर की दूसरी शादी की धमकी देने लगे। बीते 20 अगस्त को सिकंदर एक महिला को घर लेकर आया। पता चला कि वह उसकी दूसरी पत्नी है। कप्तानगंज के ग्राम बड़हरा बाबू की रहनेवाली अंशिका से सिकंदर ने जुलाई 2021 में ही महराजगंज स्थित दुर्गा मन्दिर पर शादी कर ली थी। अंशिका भी पहले से शादीशुदा है और पहले पति से आठ साल की बेटी और पांच साल का एक बेटा है। सिकंदर से भी उसे एक साल का लड़का है। सिकंदर की दूसरी शादी में परिवारवालों की भी रजामंदी थी। अंशिका के घर आने पर मनीता ने इसका विरोध किया, तो ससुरालवालों ने उसे और उसके बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मनीता की तहरीर पर पति सिकन्दर, सास मंजू देवी, ननद निधि व देवर राज तथा दूसरी पत्नी की मां ज्ञानमती, पिता रामबालक, बुआ अमरावती देवी, भाई लक्ष्मण व चन्द्रभान निवासी बड़हराबाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाहिता की मौत मामले में केस दर्ज

सरहरी। विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति व सास के खिलाफ केस दर्ज किया है। पिपराइच के ग्रामसभा चकदलाल निवासी बृजेश साहनी की तहरीर के अनुसार 2022 में उसकी बहन की शादी करमौरा टोला पतरकी निवासी कन्हैया साहनी से हुई थी। शादी के बाद और दहेज के लिए ससुराल वाले बहन को प्रताड़ित करने लगे और एक दिन संदिग्ध हालत में उसकी मौत हो गई।

# दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

मोतीराम अड्डा। झंगहा थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा के गोरखपुर-देवरिया फोरलेन पर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में रविवार को तीन लोग घायल हो गए। देवीपुर निवासी गोलू राजभर (22) एवं गोधन राजभर (25) बाइक से चौरीचौरा से मोतीराम अड्डा जा रहे थे। सामने से आ रहे झंगहा थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा निवासी बेचन चौधरी (60) की बाइक से उनकी टक्कर हो गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शादी का झांसा देकर एक छात्रा को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। मामले में पुलिस ने कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती निवासी विसु यादव उर्फ कृष्ण कुमार यादव को गिरफ्तार किया। कुशीनगर की रहने वाली एक महिला अपने बच्चों के साथ शाहपुर इलाके में रहती है। उसकी 16 साल का बेटी स्कूल के लिए निकली और लौटी नहीं।

## मामूली बात को लेकर दम्पति के खिलाफ केस

भटहट। भटहट निवासी गंगाजली देवी पत्नी लालबहादुर गुप्ता पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगायी है कि 25 अगस्त की रात में 10 बजे बेबी व उसके पति बृजेश मामूली बात को लेकर उसकी तीन वर्षीय पोती पर अभद्र तरीके से गाली देने के साथ ही उसे पीट दिए। आरोप है कि उसकी बहू पहुंची तो उसे भी गाली देने के साथ ही जेल भेजवाने की धमकी देने लगे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपितों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## दुकान का ताला तोड़ चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है जो दुकान का ताला तोड़कर चोरी करता था। उसके पास से पुलिस ने ताला काटकर चोरी करने वाला सामान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक उसकी पहचान सौरभ कुमार पुत्र भरत कुमार सोनी निवासी बुद्ध बिहार पार्ट सी रामपुर थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर के रूप में हुई।

## सोशल मीडिया पर असलहे के साथ फोटो वायरल

पीपीगंज। क्षेत्र के एक युवक की फोटो अवैध असलहे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस इसका संज्ञान लेने के बजाय मौन साधे हुए हैं। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। क्षेत्र के तमाम ग्रुपों पर एक युवक के हाथ में देशी तमंचा लिए फोटो वायरल हो रही है। वायरल फोटो में युवक तमंचा लेकर पीछे की तरफ प्रदर्शन करते दिखाई दे रहा है।

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, युवती बरामद

झंगहा। क्षेत्र के एक युवती को बीते 25 अगस्त को बहला-फुसलाकर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्रह्मपुर के टोला बरगदही निवासी विनय विश्वकर्मा पुत्र अनोखी विश्वकर्मा भगा ले गया था। युवती बुआ के घर जाने के लिए घर से निकली थी। युवती के परिजनों की तहरीर पर 26 अगस्त को आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत केस दर्ज किया गया था।

## नकली नोट से भी टप्पेबाजी करते थे जालसाज, गिरोह के 3 अन्य सदस्यों की तलाश

# नकली सोने के सिक्के देकर 12 लाख रुपये ठगने में चार गिरफ्तार

**कामयाबी**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बांसगांव क्षेत्र में एक सर्राफ को नकली सोने का सिक्का बेचकर 12 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने चार जालसाजों को दबोचा है। रविवार को सभी को कोर्ट पेश किया गया, जहां से सभी जेल भेज दिए गए। चारों आरोपित नकली नोट के धंधे से भी जुड़े बताए जा रहे हैं। उनके पास से कुछ निकली नोट मिले हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह के साथ सीओ खजनी अंजनी कुमार पांडेय ने रविवार को मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गंगा टोला बशारतपुर निवासी संतोष कुमार वर्मा की रामजानकी नगर बशारतपुर में सोने-चांदी की दुकान है। उनके मित्र अविनाश कुमार गोंड तथा विवेक कुमार उर्फ राजन निवासी पिपल डाडा कुड़ाघाट थाना एम्स के जरिए दीपक और दिनेश नाम के दो युवकों से उनका सम्पर्क हुआ। दोनों ने सोने का सिक्का बेचने का करार किया। 20 अगस्त को उन्होंने एक सिक्का दिखाया और चेक कराने के बाद सोने का सिक्का असली होने पर संतोष वर्मा ने उन्हें पैसा दे दिए। करार के मुताबिक 21 अगस्त को 109 सोने का सिक्का देने के लिए उनवल में बुलाए और एकांत स्थान पर पीली धातु का सिक्का दिए जो कि देखने में सोने का सिक्का जैसा ही लग रहा था। विश्वास में लेकर उसके बदले 12 लाख रुपये ले लिए। बाद में सिक्का चेक किया तो सभी नकली थे। संतोष ने इस मामले में खजनी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दो नामजद सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर जालसाजों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने रविवार को चार टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान थाना बांसगांव ग्राम टिकरी बुजुर्ग निवासी दीपक कुमार पुत्र देवी प्रसाद हरिजन, पीडिया निवासी रतन लाल चौहान पुत्र मोतीलाल चौहान, ग्राम कटवर निवासी संदीप यादव पुत्र दीनानाथ यादव और थाना खजनी के कठैइचा बिन्दन निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र रामसरन यादव रूप में हुई। पुलिस ने टप्पेबाजों के पास से 10 लाख 85 हजार रुपया नकद, एक बंडल 500 और एक बंडल 200 के नोट जिसमें आगे-पीछे बाहरी छोर पर असली नोट व बीच में चिल्ड्रेन बैंक ऑफ इंडिया के नोट, दो पीली धातु के सिक्के, पांच रुपये का एक व 100 रुपये के दो नकली नोट, 5 मोबाइल व 3 बाइक भी बरामद की है।



नकली सोने का सिक्का देकर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा करते एसएसपी।

## ऐसे करते थे टप्पेबाजी

पुलिस ने बताया कि इनका एक पूरा गैंग है जो मिल कर काम करता है। ये किसी भी व्यक्ति को झांसे में लेकर बताते हैं कि कहीं भूमि से कुछ सोने के सिक्के मिले हैं जो कम कीमत पर बेच रहे हैं। इस बात की जानकारी किसी को न दें नहीं तो सारा सोना सरकार जब्त कर लेगी। एक सोने का सिक्का जांच करवा कर संतुष्ट हो जाने के लिए देते थे। संतुष्ट हो जाने के बाद लालच ने आकर और सोने के सिक्कों का मूल्य तय करके लेनदेन की जगह निर्धारित कर लेते थे और फिर वहां पहुंच कर नकली सिक्के देकर या मौका देख कर पैसे लेकर फरार हो जाते थे।

## नकली नोट देकर असली माल खरीदने का था निशाना

एसएसपी ने बताया की इनका अगला निशाना नकली नोट देकर असली माल खरीदने का था। साथ ही ये नकली नोट खरीद कर बाजार मे चलाते भी हैं। बताया की इस बात की जांच की जा रही है की पूर्व में इन्होंने कितनी लूट और टप्पेबाजी की है साथ ही जांच में इनके तीन अन्य साथियों के बारे में भी पता चला है जिनकी तलाश की जा रही है। इसकी भी जांच की जा रही है की ये नकली सोने के सिक्के और नकली नोट कहां से लाते हैं ।

## गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार का इनाम

नकली नोट के धंधे से जुड़े आरोपितों को पकड़ने वाली टीम में खजनी थानेदार के अलावा एसओजी प्रभारी मधुपनाथ मिश्र, एसआई सूरज सिंह सहित टीम के अन्य लोगों को एसएसपी ने 20 हजार रुपये का इनाम दिया है।

# महिला ने युवक का अश्लील वीडियो बनाया, वसूले रुपये

- वीडियो डिलीट करने के बहाने 45 हजार, केस के नाम पर 20 हजार लिये
- युवक की तहरीर पर रामगढ़ताल पुलिस ने तीन अज्ञात पर दर्ज किया केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रामगढ़ताल इलाके के पथरा निवासी एक युवक के साथ सेक्स टार्सन का मामला सामने आया है। एक युवती ने युवक को वीडियो कॉल किया। खुद वह न्यूड थी फिर युवक को न्यूड कराकर वीडियो बना लिया फिर पैसे मांगने लगी। बाद में एक व्यक्ति पुलिसवाला बनकर कॉल किया और एफआईआर होने की बात बताकर डराया और युवक से 65 हजार रुपये वसूल लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

पथरा निवासी युवक ने बताया कि कुछ दिन पूर्व प्रिया नाम से किसी युवती ने कॉल की। हालचाल लेने के बाद व्हाट्सएप नम्बर लिया। फिर वीडियो कॉल की। युवती वीडियो कॉल पर न्यूड थी और युवक को बाथरूम भेजकर उसके भी कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बना लिया। फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांगने लगी। अगले दिन एक दूसरी कॉल आई और फोन करने वाले ने पुलिसकर्मी बताकर मुकदमा दर्ज होने की बात बताई। वीडियो डिलीट करने के लिए एक यू-ट्यूबर का नम्बर दिया। यू-ट्यूबर ने इसके लिए 45 हजार रुपये वसूले। फिर फर्जी पुलिस वाले ने मामले को रफा दफा करने के लिए 20 हजार रुपये ऑनलाइन मंगा लिया। सामने से जो लड़की होती है वह एक अश्लील वीडियो होता है और पीड़ित को ठगने के लिए स्क्रीन रिकॉर्डर से अश्लील वीडियो बनाकर वसूली के लिए तरह-तरह से धमकी दी जाती है। पुलिस का कहना है कि लोग इस तरह के झांसे में न आये न ही डरकर रकम दें। सीधे उस व्यक्ति को ब्लॉक कर पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें।

# अपहरण व रेप का आरोपी गिरफ्तार

पीपीगंज। जंगल कौड़ियां चौकी के एक गांव कि किशोरी को एक युवक ने अपहरण कर लिया था। चौकी प्रभारीने किशोरी के अपरहण के आरोपी सन्नी कन्नौजिया को रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

# राष्ट्रध्वज के अपमान में दो पर केस, एक दबोचा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा पुलिस ने राष्ट्र ध्वज का अपमान करने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर क्षेत्र के बूढ़ाडीह से एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

गुलरिहा थाना के उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने अपनी तहरीर में लिखा है कि हरिओम मद्धेशिया (19) पुत्र सुनील मद्धेशिया निवासी बूढ़ाडीह टोला सोनराइच ने गांव के ही आजाद के साथ स्वतंत्रता दिवस के दिन पानी टंकी के पास तिरंगा जलाने का वीडियो बनाकर अपनी फेसबुक आईडी ओम हरी ओम व सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। गुलरिहा पुलिस ने शनिवार को दोनों आरोपितों के खिलाफ राष्ट्र ध्वज के अपमान करने का केस दर्ज कर हरिओम मद्धेशिया को नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। जांच में युवक की फेसबुक आईडी ओम हरी ओम के नाम से एक्टीवेट मिली। उस आईडी से राष्ट्र ध्वज के खिलाफ और भी कई आपत्तिजनक वीडियो और पोस्ट डाले गये थे। थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे की तलाश की जा रही है।

# खून की दलाली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : खून की दलाली करने वाले गिरोह का रविवार शाम भंडाफोड़ हो गया। बाबा राघवदास मेडिकल कालेज के अंदर-बाहर सक्रिय यह गिरोह एक यूनिट खून के बदले छह से सात हजार रुपये वसूलता था। खून देने के बावजूद रुपये न मिलने से नाराज मजदूर की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरोह से जुड़े दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

महराजगंज के पनियरा, कमता बुजुर्ग का गोरख चौहान रविवार शाम मेडिकल कालेज पुलिस चौकी पर पहुंचा। बताया कि शनिवार सुबह वह गोरखनाथ मंडी में खड़ा था। इसी बीच वसील खान नाम का युवक आया और एक यूनिट खून के बदले छह-सात हजार रुपये देने की बात कही। तीन दिन से काम न मिलने के चलते वह तैयार हो गया। वसील उसे लेकर मोगलहा पहुंचा। वहां से फरेंदा के कम्हरिया खुर्द का केशरदेव उसे मेडिकल कालेज ले गया। वहां ब्लड बैंक कर्मचारी ने खून निकालकर पिपराइच, रुदलापुर के रहने वाले रोगी के तीमारदार को दे दिया। केशरदेव ने तीमारदार से छह हजार रुपये लिए, लेकिन उसे 1100 थमाकर जाने लगा। उसने विरोध किया तो मारपीट कर खदेड़ दिया।

- एक यूनिट खून के बदले वसूलते थे छह से सात हजार रुपये
- खून देने के बावजूद रुपये न मिलने पर मजदूर ने की शिकायत

**11** सौ ही आरोपितों ने दिए पीड़ित मजदूर को, जबकि छह से सात हजार रुपये देने का किया गया था वादा

" खून की दलाली करने वाले जाफरा बाजार के वसील खान व केशरदेव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों से पूछताछ जारी है।

-**मनोज अवस्थी**, एसपी नार्थ

इस तरह का कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-**डा. राजेश कुमार राय**, प्रमुख अधीक्षक, नेहरू अस्पताल, बीआरडी मेडिकल कालेज "

संबंधित खबर 4

# भीटी में फायरिंग मामले में तमंचे के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

जासं, पीपीगंज : क्षेत्र के भीटी गांव में दो दिन पूर्व शुक्रवार को वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में हुई फायरिंग में पुलिस ने रविवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान मनोज उर्फ टुन्नू तिवारी और अरविंद उर्फ भोलू तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के पास से एक-एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। आरोपितों को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

भीटी गांव में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में विवाद चल रहा था। दोनों तरफ से तहरीर मिलने पर पीपीगंज पुलिस ने केस भी दर्ज किया था। बावजूद दोनों में तनातनी चल रही थी। इसी बीच शुक्रवार को दोनों पक्षों में दोबारा विवाद हो गया। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों से फायरिंग भी हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक गाड़ी को थाने लाकर सीज कर दिया था और आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि एक पक्ष से तमंचे के साथ मनोज को और दूसरे पक्ष से तमंचे के साथ अरविंद को गिरफ्तार किया गया है।

# इंटरनेट मीडिया पर अवैध असलहे के साथ युवक की फोटो प्रसारित

जासं, पीपीगंज : थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक की अवैध असलहे के साथ फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है। युवक का चेहरा नहीं दिख रहा है। लोग उसकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस ने अभी तक मामले का संज्ञान नहीं लिया है।

# साइबर सेल पुलिस ने आनलाइन धोखाधड़ी के शिकार पीड़ितों को लौटाए पैसे

जासं, गोरखपुर : साइबर अपराधियों द्वारा आनलाइन धोखाधड़ी के पीड़ित तीन लोगों को साइबर सेल पुलिस ने एक लाख 45 हजार 207 रुपये वापस किए। साइबर सेल प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि पिपराइच क्षेत्र के राजहर्ष को लिंक भेजकर साइबर अपराधी ने गूगल पे के माध्यम से 75 हजार रुपये खाते से निकाल लिया था। अपराध शाखा की टीम ने जांच कर राजहर्ष का पैसा वापस मंगवाया और उन्हें सिपुर्द किया।

इसी क्रम में मोतीराम अड्डा के रहने वाले चंदन कुमार मित्तल से बैंक कर्मचारी बनकर साइबर अपराधी ने क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 63 हजार 207 रुपये निकाल लिया था। जांच कर पीड़ित का पूरा पैसा वापस मंगवाकर लौटा दिया गया। सिंघड़िया की रहने वाली अनीता देवी का भी साइबर अपराधियों ने गूगल पे के माध्यम से सात हजार रुपये निकाल लिए थे। जांच कर उनका पैसा भी वापस किया गया। साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए अपराध शाखा की पुलिस टीम लगी है।

# गरीबों को डोनर बना रहे खून के दलाल

- अस्पताल में जरूरतमंद तो बाजार में दिन भर होती है मजदूर डोनर की तलाश
- जीविका चलाने की मजबूरी व लालच में मजदूर खून देने को हो जाते हैं तैयार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज के साथ ही जिला व कई निजी अस्पताल के आसपास भी खून की दलाली करने वाला गिरोह सक्रिय है। खून देने वाले से कोई बात न कर पाए इसलिए फार्म में अपना या किसी सदस्य का मोबाइल फोन नंबर नोट कराते हैं। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि गरीबों को रुपये का लालच देकर उनकी जान से खिलवाड़ कर डोनर बना देते थे। बिना जांच किए ही ब्लड बैंक में खून निकाला जाता था।

पुलिस की माने तो वसील गिरोह का सरगना है। उससे पूछताछ में पता चला कि अपने साथियों के साथ वह बीआरडी मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर, आर्थो व लेबर वार्ड में दिनभरकर घूमकर ऐसे रोगी की तलाश करता है जिसे खून की जरूरत है। डोनर न होने पर तीमारदार से बातचीत कर खून दिलाने का भरोसा देता है। अगर तीमारदार खून के बदले रुपये देने को तैयार होता है तो वसील व उसके साथी मजदूर मंडी या फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले किसी मजदूर से बात करते हैं। तैयार होने पर उसे अपने साथ ले आते हैं। ब्लड बैंक में पहुंचने पर कर्मचारी भी बिना सवाल किए ही खून लेने की प्रक्रिया पूरी कराते हैं। शिकायतकर्ता गोरख ने बताया कि खून निकालने के दौरान वह बेहोश हो गया था।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ

गोरख चौहान की तहरीर पर गुलरिहा थाना पुलिस ने वसीम व उसके साथी केशरदेव के विरुद्ध जालसाजी,जानलेवा हमला, मानव जीवन की सुरक्षा को खतरे में डालने और मानव अंग एवम ऊतक प्रतिरोपण अधिनियम, 19(क) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।


सरगना वसील


सदस्य केशरदेव

**जिनके पास डोनर नहीं उसे बनाते हैं शिकार:** बीआरडी मेडिकल कालेज में सक्रिय गिरोह के सदस्य वार्ड में घूमते रहते हैं। किसी को खून की जरूरत है और उसके पास डोनर नहीं है ऐसे लोगों को चिह्नित कर खून दिलाने के भरोसा देकर बातचीत करते हैं। अगर वह रुपये देने को तैयार होता है तो किसी व्यक्ति को लालच देकर बुलाते हैं और खून देने के बाद 1000 से 1500 रुपये देकर भगा देते हैं, जबकि तीमारदार से एक यूनिट खून के बदले छह से सात हजार रुपये वसूलते हैं।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# साली से वसूली करने वाले ने कई लोगों से लिए रुपये

- पूछताछ में नौकरी के नाम पर रुपये लेने की बात स्वीकारी
- अपर नगर आयुक्त की तहरीर पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज

जासं, गोरखपुर: 50 हजार रुपये लेकर साली को फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले अजय कुमार ने कई लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लिए हैं। कोतवाली पुलिस की पूछताछ में इसका पर्दाफाश हुआ है। उसके पास से मिले कौड़ीराम ब्लाक के चारपान ग्राम पंचायत की सफाईकर्मियों की उपस्थिति पंजिका की जांच भी की जा रही है।

बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव की रेखा से कौड़ीराम के तिघरा निवासी उसके जीजा अजय कुमार ने नगर निगम में सफाईकर्मी बनाने के नाम पर 50 हजार रुपये लिए थे। इसके लिए नियुक्ति पत्र और आइडी कार्ड भी दिया था। शनिवार को रेखा अपने दिव्यांग पति दिलीप के साथ नगर निगम में ज्वाइन करने पहुंची तो मामले की जानकारी हुई। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया।

अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र की तहरीर पर अजय कुमार के विरुद्ध कोतवाली थाने में एफआइआर दर्ज की गई है।

# किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपित को जेल

झंगहा : बुआ के घर जाने के लिए निकली किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने ब्रह्मपुर के बरगदही टोला के विनय विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी के पिता ने झंगहा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। किशोरी भी बरामद कर ली गई है।

# अपहर्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, किशोरी बरामद

पीपीगंज : जंगल कौड़िया की किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने सन्नी कन्नौजिया नाम के युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज था। उसे जंगल कौड़िया के चिउटहवां गोलंबर के पास से गिरफ्तार किया गया। (जासं)

# लुटेरों से भिड़ी महिला पर नहीं बचा पाई चेन

## शनिवार की सुबह महादेव झारखंडी में हुई घटना, सीसी कैमरे में कैद हुए बदमाश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पूजा में शामिल होने जा रही महिला की चेन शनिवार की सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने छीन ली। महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो मोहल्ले में हुई घटना के बाद महिला ने बाइक पर पीछे बैठे बदमाश का हाथ पकड़ लिया। चेन बचाने के लिए पांच मिनट तक वह लुटेरों से जूझी, लेकिन धक्का देकर वह फरार हो गए। एम्स थाना पुलिस लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

मोहल्ले की सुनीता पत्नी हरिश्चंद्र शनिवार सुबह 9:30 बजे अपने परिचित के घर आयोजित पूजा में शामिल होने जा रही थी। घर से कुछ देर आगे बढ़ने पर पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर सोने की दो चेन खींच ली। एक चेन गले में फंसी तो लुटेरे ने खींचने के लिए दोबारा हाथ बढ़ाया तो सुनीता ने पकड़ लिया। चेन बचाने के लिए वह लुटेरे से अकेले जूझती रही, लेकिन कोई मदद को आगे नहीं आया।



सीसी कैमरे में कैद बाइक सवार लुटेरे - सौ. इंटरनेट मीडिया

इसी बीच बाइक सवार बदमाश धक्का देकर चेन खींचने के बाद फरार हो गए। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि सीसी कैमरा फुटेज की मदद से बदमाश की पहचान हो गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**टप्पेबाजों से रहे सावधान:** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार को वीडियो संदेश जारी कर आमजन को सजग किया। उन्होंने कहा कि पुलिस चेकिंग, गाड़ी से मोबिल गिरने और गहने बनवाने का झांसा देकर टप्पेबाजी करने वालों से सावधान रहें। कोई व्यक्ति प्रलोभन या झांसा देने का प्रयास करे तो उसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### सेवानिवृत्त सैनिक की पत्नी समेत दो के गहने ले भागे जालसाज

**जासं.गोरखपुर :** सेवानिवृत्त सैनिक की पत्नी समेत दो महिलाओं को झांसा देकर जालसाज गहने लेकर फरार हो गए। घटना कैंट के बेतियाहाता और एम्स थानाक्षेत्र के गिरधरगंज में हुई। जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। बेतियाहाता के न्यू शिवपुरी कालोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त सैनिक मैनेजर शर्मा की पत्नी सुनीता शनिवार सुबह सत्संग में जा रही थीं। उसी समय एक युवक आया और अपनी बातों में उलझाते हुए कहा कि आपके बेटे ने भेजा है। उसने कंगन बनवाने के लिए कहा है आप माप दे दीजिए। झांसे में आकर सुनीता ने जैसे ही कंगन निकालकर दिया वह फरार हो गया। गिरधरगंज बाजार में रहने वाली लक्ष्मी देवी शनिवार की शाम सब्जी खरीदने चौराहे पर गई थीं। लौटते समय अभिषेकनगर जाने के लिए आटो में बैठीं। रास्ते में मार्बल की दुकान के पास आटो में बैठे दो युवकों ने धमकी देकर टप्स, चेन उतरवाने के बाद पर्स में छीनकर नीचे उतार दिया। एम्स थाना पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# आटो सीज करने पर महिला ने किया हंगामा

**जासं, मुंडेरा बाजार :** चौरी चौरा के भोपा बाजार में रविवार की रात सड़क पर सवारी भर रहे आटो को पुलिस ने सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद आटो की मालकिन ने थाने में जमकर हंगामा किया।

झंगहा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने दो आटो लोन पर ले रखा है। इसके अलावा उसके पास एक ई रिक्शा भी है, जिसे वह खुद चलाती है। महिला का कहना था कि आटो लोन पर है खड़ा हो जाएगा तो लोन कैसे भरा जाएगा। थाना प्रभारी चौरी चौरा सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आटो चौराहे पर गलत ढंग से खड़ा था, इसलिए उसे सीज कर दिया गया है।

# छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शादी का झांसा देकर छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 10 माह से पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि कुशीनगर जिले की रहने वाली किशोरी अपनी मां के साथ पादरी बाजार क्षेत्र में रहती है। 17 अक्टूबर, 2022 की सुबह स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा का हाटा कोतवाली, पिपरपाती के विसु यादव उर्फ कृष्ण मुरारी ने अपहरण कर लिया। शादी का झांसा देकर उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की तो

**10 माह पहले स्कूल जाते समय छात्रा का किया था अपहरण कुशीनगर जिले के आरोपित को शाहपुर पुलिस ने भेजा जेल**



दुष्कर्म का आरोपित • जागरण

आरोपित छोड़कर फरार हो गया। बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई। रविवार की सुबह पादरी बाजार के पास से विसु यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार किया।

# दूसरी शादी कर पहली पत्नी और बच्चों को घर से निकाला, मुकदमा

जासं, पिपराइच: रतनपुर के रहने वाले एक युवक ने दूसरी शादी कर पहली पत्नी व बच्चियों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके में रह रही पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने रविवार को पति समेत सास मंजू देवी, दूसरी पत्नी की मां ज्ञानमती, पिता रामबालक, बुआ अमरावती देवी, दो भाई समेत ननद व देवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पिपराइच क्षेत्र के अगया की मनीता ने बताया कि उसकी शादी रतनपुरा के सिकंदर से छह वर्ष पहले हुई थी। पांच वर्ष और तीन वर्ष की दो बेटियां हैं। दो बेटी होने पर ससुराल वाले दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे थे। इसी बीच पति ने वर्ष 2021 में कुशीनगर के बड़हरा बाबू कप्तानगंज की रहने वाली अंशिका से महराजगंज स्थित दुर्गा मंदिर में शादी कर ली। शादी के दौरान सास, देवर और ननद के साथ अंशिका की मां, पिता और दोनों भाई भी मौजूद रहे। इसके बाद ससुराल वाले और प्रताड़ित करने लगे। 20 अगस्त, 2023 को पति दूसरी पत्नी को लेकर रतनपुर स्थित घर पर आ गया। विरोध करने पर बच्चियों के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस समय वह अपने मायके में रह रही है। पति पादरी बाजार में कारपेंटर का काम करता है।

# सहयोगियों से पूछताछ, जालसाजों की तलाश

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शारदा सिटी नाम से फर्म खोलकर लोगों का करोड़ो रुपये हड़पने वाले सहजनवां के अक्षय कुमार मिश्रा व देवरिया रुद्रपुर के अजय श्रीवास्तव पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

सात लोगों की शिकायत पर 17 अगस्त को कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर इनकी तलाश में लगी है। पुलिस इनके सहयोगियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इनके संभावित ठिकनों पर भी पुलिस दबिश दे रही है। इन दोनों ने रुस्तमपुर ढाला के नीचे कार्यालय खोलकर 50 से अधिक लोगों से आठ से 10 लाख रुपये लेकर फर्जी रजिस्ट्री करा दिया था। कब्जा दिलाने के पहले ये दोनों फरार हो गए।

शहर की रहने वाली दमयंती देवी अर्चना, रामाश्रय, विमला, विजय लक्ष्मी, ऊषा श्रीवास्तव, मदन मोहन प्रसाद समेत अन्य लोगों ने पुलिस से शिकायत की थी। बताया था कि ढाले के नीचे खुले कार्यालय में जब वह लोग पहुंचे तो वहां के मैनेजर ने बताया कि शहर से सात किमी दूर वाराणसी मार्ग पर ताल नदौर में शारदा सिटी नाम से कालोनी बन रही है। वहां पर बहुत ही सस्ता प्लाट मिलेगा। मैनेजर ने एक कैटलाग दिखाते हुए मौके पर ले गया और खाली जमीन दिखाई। झांसे में आकर सभी ने रुपये जमा कर दिया। इसके बाद बिल्डर ने रजिस्ट्री भी करा दी। पीड़ितों ने बताया कि जब कब्जा दिलाने के लिए गए तो मैनेजर टाल मटोल करने लगा। अचानक भीड़ बढ़ने पर मैनेजर और बिल्डर दोनों फरार हो गए। इसमें से अर्चना ने वर्ष 2019 में रजिस्ट्री कराया था।


फर्म खोल करोड़ों लेकर बिल्डर फरार

- रुस्तमपुर ढाला के नीचे शारदा सिटी फर्म का खोला था कार्यालय ताल नदोर में दिखाई थी जमीन
- फर्जी रजिस्ट्री कराकर 50 से अधिक लोगों से लिया था आठ से 10 लाख, पुलिस ने दर्ज किया केस

**मंडलायुक्त ने कराई थी जांच**

फर्जीवाड़े के शिकार पीड़ितों ने तत्कालीन मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी से मिलकर बिल्डर की शिकायत की थी। मंडलायुक्त ने एडीएम प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराई थी, जिसमें फर्म और बिल्डर द्वारा प्रस्तावित जमीन फर्जी मिला था। इसके बाद एसएसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए कहा गया था। तीन माह से पुलिस जालसाजों के नंबर पर फोन कर उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए बुला रही थी। बावजूद वह नहीं पहुंचे थे।

**देवरिया भी गई थी पुलिस, नहीं मिला जालसाज**: कैंट पुलिस केस दर्ज करने के बाद जालसाज अजय श्रीवास्तव के देवरिया के रुद्रपुर स्थित घर पर भी कई बार जा चुकी है। साथ ही उसके रिश्तेदार व शुभचिंतकों के घर भी दबिश दे रही है लेकिन उसका पता नहीं चल सका है। वहीं इसके साथ सहजनवां का रहने वाला अक्षय मिश्रा भी फरार है।

यद्यपि बताया जा रहा है कि इन आरोपितों में से एक का बेतियाहाता में मेडिकल स्टोर भी है। जहां उसके घर के लोग बैठते हैं। थाना प्रभारी कैंट रणधीर मिश्रा ने बताया कि आरोपितों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अभी तक उनका पता नहीं चल सका है। पुलिस की टीमे लगी हैं जल्द ही दोनों गिरफ्तार हो जाएंगे।

# वीडियो काल की, ब्लैकमेल कर लिए 65 हजार

मुकदमा दर्ज होने और गिरफ्तार करने की धमकी देने पर भेज रहे रुपये, रामगढ़ताल क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित से हुई घटना

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रानीबाग में रहने वाले युवक के साथ सेक्सटार्सन का मामला सामने आया है। वीडियो काल पर बात करने वाली युवती ने निजी गतिविधि को रिकार्ड कर बदनाम करने की धमकी देकर 45 हजार रुपये अपने खाते में मंगा लिए। एक दिन बाद सहयोगी ने खुद को पुलिसकर्मी बता मुकदमा खत्म करने के लिए 20 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित की शिकायत पर महिला समेत तीन के विरुद्ध जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कर रामगढ़ताल थाना पुलिस आरोपितों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

पीड़ित युवक ने रामगढ़ताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि कुछ दिन पहले प्रिया नाम की युवती ने वाट्सएप काल किया। परिचय पूछने के बाद वीडियो काल किया। उन्होंने काल रिसीव किया तो युवती न्यूड थी। बातों में उलझाकर उसने आपत्तिजनक वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जिसे प्रसारित करने की धमकी देकर रुपये मांगने लगी। मना करने पर अगले दिन अनजान नंबर से फोन आया। बात करने वाले ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर मुकदमा दर्ज होने की बात बताई। वीडियो डिलीट करने के लिए एक यूटयूबर का नंबर दिया। उसने इसके लिए 45 हजार रुपये वसूले। फिर फर्जी पुलिस वाले ने मुकदमा दर्ज होने की जानकारी देते हुए मामला खत्म करने के लिए अपने खाते में 20 हजार रुपये मंगा लिए। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल संजय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपितों पर कार्रवाई होगी।

## क्या है सेक्सटार्शन

सेक्सटार्शन एक तरह का साइबर अपराध है, जिसमें जिसमें वीडियो काल या वेबकैम के जरिये किसी की निजी गतिविधि या तस्वीर को रिकार्ड करके ब्लैकमेल किया जाता है। साइबर अपराधी पीड़ित को उनकी फोटो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर रुपये मांगते हैं।

**दो वर्ष में 150 से ज्यादा लोग हुए शिकार**

पिछले दो वर्ष में 150 से ज्यादा लोग सेक्सटार्सन के शिकार हुए हैं, जिनमे कई महिला व पुरुष शामिल हैं। एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि यह एक गिरोह है जो वीडियो काल करता है। रिकार्ड वीडियो दिखाकर पीड़ित की आपत्तिजनक वीडियो बनाता है और फिर डराकर वसूली करता है। अनजान नंबर से वीडियो काल आने पर बात न करें।

# 107 किलो नकली नमक बरामद, चार पर मुकदमा

जासं, बांसगांव : ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली नमक की बिक्री क्षेत्र में तेजी से हो रही है। रविवार को कंपनी के मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने पुलिस की मदद से बांसगांव और माल्हनपार क्षेत्र की चार दुकानों से 107 किलो नकली नमक बरामद किया। पुलिस ने चारों दुकानों के मालिक पर मुकदमा दर्ज किया।

मुंबई के मरीन लाइन थाना के क्षेत्र के मिलन चेंबर नरीमन प्वाइंट के मार्केटिंग इंस्पेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि बांसगांव क्षेत्र में उनकी कंपनी के नाम से नकली नमक बेचा जा रहा है। रविवार को जांच की गई तो बांसगांव बाजार में राजेश किराना स्टोर पर एक-एक किग्रा के 55 पैकेट, विरेंद्र किराना स्टोर से छह पैकेट, माल्हनपार बाजार में निगम किराना स्टोर से 31 पैकेट और पन्ना किराना स्टोर पर 15 पैकेट नकली नमक बरामद किए गए।

# राष्ट्रध्वज के अपमान का वीडियो प्रसारित, एक गिरफ्तार

जासं, भटहट : राष्ट्रध्वज के अपमान का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने वाले आरोपित हरिओम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथी आजाद की तलाश जारी है। आरोपित को जेल भेज दिया गया है। 15 अगस्त को हरिओम की फेसबुक आइडी से प्रसारित वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि गुलरिहा क्षेत्र के बूढाडिह के सोनराइच टोले के समीप पुलिया के पास की घटना है। पुलिस ने राष्ट्रीय ध्वज के अपमान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। थाना प्रभारी गुलरिहा जेएन शुक्ला ने बताया कि मुख्य आरोपित को जेल भेज दिया गया है। दूसरे की तलाश चल रही है।

# अब खुला ब्लड माफिया का खेल...मजदूर के खून की कीमत लगा दी 8 हजार

**स्वास्थ्य सेवा की बिगड़ी तस्वीर : बीआरडी मेडिकल कॉलेज में खून लेकर मरीज को बेचा गया, मजदूर को मिले 11 सौ रुपये, सरगना समेत दो गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ**

गोरखपुर। फर्जी अस्पताल, फर्जी डॉक्टर, प्राइवेट एंबुलेंस से मरीज की खरीद-फरोख्त के बाद अब खून माफिया का खेल भी सामने आया है। एक मजदूर की मजबूरी का फायदा उठाकर उसके खून को 8 हजार रुपये में बेच दिया। बदले में मजदूर को महज 1100 रुपये थमा मारपीट कर भगा दिया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने सरगना समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पीड़ित की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या की कोशिश, जालसाजी, मानव अंग प्रत्यारोपण कर जीवन को खतरे में डालने की धारा में केस दर्ज कर लिया है

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के कमता बुजुर्ग निवासी गोरख चौहान (30 वर्ष) मजदूरी करके जीवनयापन करता हैं। शनिवार की सुबह वह गोरखनाथ पुल के नीचे लेबर मार्केट में रोज की तरह दिहाड़ी के लिए खड़ा था। तभी खून बेचने वाले गैंग का लीडर वसील पहुंच गया। उसने एक यूनिट ब्लड देने के बदले 10,000 रुपये का लालच दिया। क्योंकि, बारिश के कारण तीन


वसील


केशरदेव

दिन से काम नहीं मिल रहा था और खाने तक के पैसे नहीं थे, इसलिए गोरख खून देने को तैयार हो गया। जांच में सामने आया कि बिना नंबर प्लेट की नीली कलर की बाइक पर बैठाकर उसे मोगलहा लाया गया। फिर गैंग के केशरदेव निवासी कम्हरिया खुर्द थाना फरेंदा, जिला महराजगंज के हवाले कर दिया गया।

शाम 6 बजे केशरदेव गोरख को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। वहां ब्लड बैंक का कर्मचारी पहले से ही तैयार बैठा था। उसने तत्काल खून निकाला। फिर खून को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती पिपराइच थाना क्षेत्र के रुदलापुर निवासी मरीज मोहन के तीमारदार को 8 हजार रुपये बेच दिया गया। मरीज के घरवालों से 8 हजार रुपये लेकर गोरख को मोगलहा वापस ले आया। यहां उसने वसील को रकम दे दी।

वसील गोरख को बाइक पर बैठाकर शाहपुर क्षेत्र के रेल विहार मोहल्ले की एक गली में ले गया। वहां उसने गोरख को 1100 रुपये दिए और पैसे मांगने पर वसील ने गोरख के तीन-चार थप्पड़ मारकर भगा दिया। गोरख ने इसकी सूचना मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी को दी। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जेएन शुक्ला ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। ब्यूरो >> मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी भी गिरोह में : पेज 3

### शिवम हॉस्पिटल सील संचालक फरार

कैंपियरगंज। करमैनीघाट रोड पर बनभागलपुर गांव के सामने बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होने के आरोप में शिवम हॉस्पिटल को रविवार देर रात पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। टीम ने कार्रवाई से पहले यहां भर्ती मरीजों को सीएचसी भेज दिया था। टीम के पहुंचने पर संचालक और अन्य कर्मचारी अस्पताल से भाग निकले। >> विस्तृत पेज 3 पर

# मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी भी गिरोह में शामिल...पुलिस कर रही छानबीन

**आमतौर पर शाम में इमरजेंसी में ही मिलता है खून, पहले खून के लिए परेशान मरीजों को खोजकर तय होता है सौदा, फिर लालच देकर लाए जाते हैं**

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मजदूर का खून बेचने वाले गिरोह का पुलिस अभी पता लगा रही है। लेकिन, शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरोह में ब्लड बैंक और मेडिकल कॉलेज के कुछ कर्मचारी भी शामिल हैं।

यह लोग पहले खून के जरूरतमंदों से सौदा तय करते हैं और फिर किसी को लालच में फंसाकर उसके खून को बिकवा दिया जाता है। यह लोग रक्तदान के फायदे भी समझाते हैं। ताकि, आसानी से लालच में खून बेचने वाला फंस जाए।

इसके पहले इस तरह के मामले सामने आए हैं, लेकिन पुलिस और न ही स्वास्थ्य विभाग ने इस पर कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग आसानी से पल्ला झाड़ देता है कि खून के बदले खून देने का नियम है, इसमें कोई रिश्तेदार भी देता है तो हम कैसे समझ सकते हैं कि खून बेचा जा रहा है।



लेकिन, इस बार पुलिस ने खून बेचने के मामले को गंभीरता से लिया और दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद गिरोह में शामिल अन्य लोगों को भी दबोचा जा सकता है।

**इस वजह से कर्मचारियों पर है संदेह :** किसी भी रक्तदाता के रक्तदान से पहले यह जांच की जाती है कि वह कितने समय पहले रक्तदान किया था। रक्तदान के लिए कम से कम तीन महीने का अंतर होना चाहिए। जांच के बाद ही रक्त लिया जाता है, लेकिन पुलिस की जांच में सामने आया है कि एक शख्स से इन लोगों ने महीने भर में तीन बार रक्तदान कराया है। बिना कर्मचारी के मिलीभगत से यह संभव ही नहीं है।

### गोरखपुर में ऐसे पहुंचें स्वैच्छिक रक्तदाताओं तक

खून की जरूरत होने और डोनर न होने की दशा में ऑनलाइन डोनर की तलाश की जा सकती है। इसके लिए जिला स्तर की वेबसाइट bbdhgo-rakhpur.com पर जाकर डोनर खोज सकते है। इसके अलावा प्रदेश स्तर पर भी एक वेबसाइट है। इन दोनों ही वेबसाइट पर डोनर के नाम के साथ ही नंबर है जो स्वैच्छिक रक्तदाता है और शहर में रहने पर खून दे सकते हैं।

### 2016 में पकड़ा गया था खून बेचने का मामला

चार अगस्त, 2016 को भी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में खून बेचने की कोशिश में एक युवक को पकड़ा गया था। पूछताछ में उसने दो हजार रुपये देकर एक यूनिट खून देने पर खुद की रजामंदी स्वीकार की थी। बाद में युवक फरार भी हो गया था और पुलिस ने ध्यान नहीं दिया था।

# सोने का नकली सिक्का दे 12 लाख ठगने वाले धराए

- जालसाजों के कब्जे से मिले 10.85 लाख नकद और नकली नोट
- नकली सिक्का बनाने वाले समेत तीन आरोपितों की चल रही तलाश

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: सर्राफ को सोने का नकली सिक्का देकर 12 लाख रुपये ठगने वाले चार आरोपितों को खजनी थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से 10.85 लाख रुपये, दो गड्डी चिल्ड्रेन नोट (चूरन वाला), दो नकली सोने का सिक्का, 500 व 100 के जाली नोट, पांच मोबाइल फोन व पांच बाइक बरामद हुई। सोनार समेत वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए जालसाज • जागरण

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने रविवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाहपुर के रहने वाले सर्राफ संतोष वर्मा को जालसाजों ने 20 अगस्त 2023 को फोन कर उनवल में बुलाया। सोने के 109 नकली सोने के सिक्के देने के बाद सर्राफ से 12 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। बाद में सर्राफ को पता चला कि जालसाजों ने नकली सिक्का दिया है। डायल 112 पर फोन कर उन्होंने घटना की जानकारी दी। मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस की मदद से तलाश में जुटी क्राइम ब्रांच व खजनी थाना पुलिस ने शनिवार को चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में इनकी पहचान खजनी के कठैइचा बिंदन के राजेंद्र यादव, बांसगांव पीड़िया के रतनलाल चौहान, कटवर के संदीप यादव व टिकरी बुजुर्ग के दीपक कुमार के रूप में हुई। आरोपितों ने बताया कि वह लोग फोन कर सस्ते दर पर सोने का सिक्का देने की बात कहते थे। सहमति जताने पर विश्वास करने के लिए सोने का एक सिक्का देते। संतुष्ट होने पर अगर ग्राहक और सिक्का मांगता तो नकली सिक्का देकर रुपये हड़प लेते थे। एसएसपी ने बताया कि राजेंद्र यादव गिरोह का सरगना है। गिरोह से जुड़े सोनार समेत तीन लोगों की तलाश चल रही है। उन्हें गिरफ्तार कर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कराई जाएगी।

**चूरन वाला नोट देकर ठगी करने वाले थे:** एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों के कब्जे से चिल्ड्रेन (चूरन वाला) नोट मिला है। रविवार को यह लोग किसी को ठगने वाले थे, लेकिन तभी पकड़े गए। जालसाजों ने चिल्ड्रेन नोट की गड्डी में दोनों तरफ (ऊपर-नीचे) 200 व 500 का एक-एक असली नोट लगाया था।

# राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में दो युवकों पर केस

## एक गिरफ्तार, दूसरे की तलाश, स्वतंत्रता दिवस पर बनाया गया था वीडियो

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। गुलरिहा इलाके के बुढ़ाडीह गांव के दो युवकों ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे की तलाश में दबिश दे रही है।

जानकारी के मुताबिक, बुढ़ाडीह गांव के सोनराइच टोला निवासी हरिओम मद्धेशिया (19 वर्ष) ने 15 अगस्त को एकला नंबर-दो स्थित पानी टंकी के पास तिरंगे का अपमान करते हुए हुए एक वीडियो अपने साथी आजाद से बनवाया था। इसके बाद वीडियो को अपनी फेसबुक आईडी के जरिए सोशल मीडिया पर वायरल करा दिया। वीडियो को देख लोगों ने आक्रोशित हो गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

मोबाइल की जांच की तो ओम हरि ओम के नाम से फेसबुक आईडी अकाउंट सक्रिय मिला। इस आईडी से कई वीडियो अपलोड किए गए थे। इसमें आपत्तिजनक बातें भी लिखी थीं। प्रभारी निरीक्षक जेएन शुक्ल ने बताया कि दरोगा की तहरीर पर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है ।

# नौकरी का झांसा देकर दिया फर्जी नियुक्ति पत्र

## रिश्तेदार ने 50 हजार रुपये वसूले, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। नगर निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र और आईडी देने का मामला सामने आया है। अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने युवक पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

आरोपी अजय कुमार ने अपनी एक रिश्तेदार से नगर निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर पहले 50 हजार वसूले। फिर फर्जी नियुक्ति पत्र और आईडी थमा दिया। महिला शनिवार को नगर निगम में नौकरी ज्वाइन पहुंची तब मामला खुला।

बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव की रेखा ने पुलिस को बताया कि उनके पति दिव्यांग हैं। रिश्ते में जीजा लगने वाले अजय ने नगर निगम में सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की। रुपये देने के बाद अजय ने नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड देते हुए नौकरी लग जाने की बात कही।

शनिवार को प्रपत्रों को लेकर जब रेखा नगर निगम में ज्वाइन करने आई तो मामला खुला। नगर आयुक्त के स्टेनो बृजेश तिवारी ने नियुक्ति पत्र देखने के बाद जांच की तो पूरा मामला फर्जी निकला। उन्होंने मामले की जानकारी अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र को सूचना दी। अपर नगर आयुक्त ने महिला को सलाह दी कि युवक को फोन कर नगर निगम में बुलाए। आने के बाद युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने में तहरीर देकर केस दर्ज करवाया गया।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि युवक के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया गया है।

# सोने के नकली सिक्के देकर सराफ को ठगने वाले चार जालसाज गिरफ्तार

## सुनार की मदद से तैयार करते थे नकली सिक्के, तीन फरार आरोपियों की तलाश जारी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खजनी के उनवल में सोने के नकली सिक्के देकर सराफ से 12 लाख की ठगी करने वाले चारों जालसाजों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि गिरोह में शामिल एक सोनार समेत तीन लोग फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

गिरफ्तार लोगों के पास से 10.85 लाख रुपये नकद, दो गड्डी चिल्ड्रेन बैंक के नोट (बच्चों के खेलने वाले डमी नोट), नकली सोने के सिक्के, 500 व 100 रुपये के जाली नोट, पांच मोबाइल फोन, वारदात में इस्तेमाल बाइक व कार बरामद की गई है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी (साउथ) अरुण कुमार सिंह ने घटना का पर्दाफाश किया। एसएसपी ने बताया कि शाहपुर निवासी स्वर्ण कारोबारी संतोष वर्मा को जालसाजों ने सोने का एक असली सिक्का बाजार भाव से कम दाम में देकर पहले झांसे में लिया। इसके बाद 20 अगस्त, 2023 को जालसाजों ने संतोष वर्मा को उनवल बुलाया। वहां 109 नकली सोने के सिक्का देकर 12 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। खजनी पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया था। खजनी पुलिस, स्वॉट टीम ने सर्विलांस आदि की मदद से चार आरोपियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि गिरोह लोगों को फोन कर सस्ते दाम में सोने का सिक्का देने का झांसा देता है। फिर झांसे में आए लोगों को



पकड़े गए ठगी करने वाले आरोपी। संवाद

### ठगे गए 12 लाख में 10.85 लाख रुपये, दो गड्डी चिल्ड्रेन बैंक के नोट मिले

नमूने के रूप में एक असली सिक्का देकर फांसते हैं। जब ग्राहक संतुष्ट होकर बाकी माल लेता है तो उसे नकली दे दिया जाता है।

**चिल्ड्रेन नोट देकर ठगी करने वाले थे आरोपी :** एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तारी से पहले ये लोग किसी से असली नोट लेकर चिल्ड्रेन नोट की गड्डी देकर ठगी करने वाले थे। लेकिन, तभी पकड़े गए। चिल्ड्रेन नोट की गद्दी के ऊपर दोनों तरफ 200 या 500 के नकली नोट लगा दिए जाते थे और फिर ठगी करते थे।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पकड़े गए जालसाजों की पहचान बांसगांव के टिकरी बुजुर्ग निवासी दीपक कुमार, पीड़िया निवासी रतन लाल, कटवर निवासी संदीप यादव और खजनी के कठैइचा बिंदन निवासी राजेंद्र यादव के रूप में हुई है।

### बहुत बारीकी से तैयार कराए जाते थे सिक्के

एसएसपी ने बताया कि जालसाज एक सुनार से नकली सिक्के के ऊपर सोने की परत चढ़वा देते थे। सिक्के को इतनी बारीकी से तैयार कराया जाता था कि बिना रगड़े उसकी असलियत जाननी आसान नहीं होती। सोने के सिक्के को राजेंद्र ने सराफ संतोष को दिखाया था। जबकि देते समय संदीप, रतन और दीपक भी साथ थे।

# केबिल चोरों को बचा रहे थे अभियंता, एमडी ने कराया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। बिजली निगम ग्रामीण खंड के अभियंताओं की लापरवाही सामने आई है। सिकरीगंज खंड के हरपुर इलाके में रविवार की देर शाम ग्रामीणों ने बिजली का पोल व तार चुराकर ले जा रहे ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया।

ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्राली और उस पर लदे समानों को अपने कब्जे में ले लिया और हरपुर बिजली उपकेंद्र पहुंच गए। आरोप है कि इस दौरान सिकरीगंज खंड के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) संतोष कुमार ने ट्रैक्टर, हाइड्रा और चालक को छोड़ दिया। उनसे मालिक का नाम और नंबर लिखवा लिया। इसका एक वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी शंभू कुमार ने देर रात आनन-फानन में चालक व उसके मालिक के खिलाफ बिजली थाना में चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है।

जानकारी के मुताबिक, गोला थाना क्षेत्र के जव्ती गांव के पास एक ट्रैक्टर चालक बिजली का पोल और तार ले जा रहा था। ग्रामीणों को शक हुआ तो उन्होंने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और स्थानीय लाइनमैन को सूचना दी। लाइनमैन ने अभियंताओं को सूचना दी। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के साथ चालक व उपकरणों को हरपुर उपकेंद्र पर पहुंचा दिया। आरोप है कि यहां पोल और तार रखकर चालक को ट्रैक्टर और हाइड्रा समेत छोड़ दिया गया। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिसमें उपकेंद्र से बाहर ट्रैक्टर जाते दिख रहा है।

वायरल वीडियो में ट्रैक्टर पर पंजीकरण नंबर की जगह खतरा का बोर्ड लगा है। अधिकारियों ने एक्सईएन से ट्रैक्टर छोड़ने की वजह पूछी तो उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर का पंजीकरण नंबर, चालक व मालिक का मोबाइल नंबर लेकर छोड़ दिया गया है।

## स्थानीय अभियंताओं ने साठगांठ कर मामले को रफा दफा करने का किया प्रयास

एक हाईड्रा चालक एक एलटी लाइन का खंभा उखाड़ते समय पकड़ा गया। बिना अनुमति के ये खंभा उखाड़ रहा था। कोई कागज नहीं मिला। इसकी सूचना मिलते ही एक्सईएन को मौके पर भेजा। उन्हें हाईड्रा चालक व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। - **रमेश कुमार श्रीवास्तव,** एसई ग्रामीण मंडल द्वितीय

# थाने में महिला का हंगामा

अमर उजाला ब्यूरो

चौरीचौरा (गोरखपुर)। चौरीचौरा पुलिस ने नो पार्किंग का हवाला देते हुए एक ऑटो को लेकर थाने आई तो महिला ने हंगामा किया। उसका कहना है कि ऑटो लोन पर है। चलेगी नहीं तो वह बर्बाद हो जाएगी, लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी और ऑटो को सीज कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, झंगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली संजना नामक महिला ने दो सीएनजी ऑटो लोन पर ले रखा है। इसके अलावा एक ई-रिक्शा भी उसके पास है। ई-रिक्शा वह स्वयं चलाती है, जबकि ऑटो को चालक चलाता है।

रविवार की शाम को चौरीचौरा थाना के एक दरोगा ने महिला के एक ऑटो को भोपा बाजार चौराहे से पकड़ लिया और थाने में लाकर खड़ा कर दिया।



चौरी चौरा में ऑटो पकड़े जाने के विरोध में महिला ने थाने में हंगामा किया। संवाद

इसकी जानकारी होते ही महिला रात आठ बजे चौरीचौरा थाने पर पहुंची और ऑटो को छोड़ने के लिए इंस्पेक्टर सहित अन्य पुलिसकर्मियों से गुहार लगाने लगी। महिला के गुहार का पुलिस कर्मियों पर जब कोई असर नहीं हुआ तो वह थाने में हंगामा करने लगी।

# बेतरतीब खड़ी गाड़ियां कौन उठाए... तय नहीं कर पा रहा है नगर निगम

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** शहर की सड़कों पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों को कौन सी फर्म की क्रेन उठाएगी, तीन महीने बाद भी नगर निगम तय नहीं कर सका है। ऐसे में गोलघर समेत प्रमुख बाजारों में वाहन एक बार फिर जहां-तहां खड़े किए जाने लगे हैं। क्रेन सेवा के लिए ढाई महीने पहले जिस फर्म को निविदा जारी की गई थी, 15 दिनों बाद उसे निरस्त कर दिया।

एक जुलाई को पुनः निविदा के 14 दिन बाद इसे खोला गया। टेक्निकल बिड खुले हुए एक महीने से अधिक हो गए , लेकिन ठेका किसे दिया जाए, यह अभी तय नहीं हो पाया। नगर निगम ने क्रेन सर्विस के

## क्रेन सेवा तीन महीने से निविदा के फेर में उलझी, प्रमुख बाजारों में जहां-तहां खड़े हो रहे वाहन

लिए निविदा निकाली थी। निविदा पाने वाली फर्म के लोग शहर के मुख्य मार्गों की सड़कों पर दाएं-बाएं खड़ी गाड़ियों को उठाकर पार्किंग में जाम कराते थे। इसमें जुर्माना भी जमा करना होता था।

इससे गोलघर से लेकर विजय चौक और आसपास के इलाकों में सड़कों पर बेतरतीब खड़ी होने वाली गाड़ियां दिखनी कम हो गई थीं, लेकिन क्रेन सर्विस अचानक बंद हो गई। जून में इसके लिए फिर निविदा निकाली गई। इसमें पांच फर्मों ने दावेदारी की। सभी प्रपत्रों की जांच के बाद चार फर्मों को रद्द कर एक फर्म की दावेदारी स्वीकार कर ली गई।

नगर आयुक्त ने टेक्निकल और फाइनेंसियल बिड में जिस फर्म ने अर्हता प्राप्त की, उसे निविदा जारी कर दिया। इसी बीच दूसरी फर्म ने शिकायत करना शुरू कर दिया। नगर निगम ने स्वीकृत निविदा की पुनः निविदा कर दी। इसी के बाद से फर्म का चयन नहीं हो सका है।

मुख्य अभियंता संजय सिंह का कहना है कि निविदा की प्रक्रिया में फर्में एक दूसरे के खिलाफ शिकायत करती हैं। जिस आधार पर शिकायतें आ रही हैं, उन्हें जांचा जा रहा है। जांच के बाद जिस फर्म का नाम आएगा, क्रेन सर्विस उसे दे दी जाएगी।

# पति, सास-ससुर पर दहेज हत्या का केस

सरहरी। गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमौरा गांव के पतरकी टोला निवासी विवाहिता की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई के तहरीर पर रविवार को पति, सास एवं ससुर के खिलाफ प्रताड़ित करने एव दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक, पिपराइच थाना क्षेत्र के चकजलाल गांव निवासी बृजेश के बहन प्रेमशीला की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व कन्हैया निषाद के साथ हुई थी। मंगलवार को दिन में बहन का फोन आया कि ससुराल वाले मारपीट रहे हैं। कुछ देर बाद पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। ब्यूरो

# गृह कलह में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**पाली।** सहजनवां थाना क्षेत्र के हासपाटी गांव निवासी मार्कंडेय तिवारी (50) ने घरवालों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, उन्होंने शनिवार शाम को जहरीला पदार्थ निगला था। हालत बिगड़ने पर घर वालों को इस बारे में बताया। परिजनों ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली ठर्रापार में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में रविवार की सुबह मार्कंडेय की मौत हो गई। मौत का कारण गृह कलह माना जा रहा है। ब्यूरो

# पति समेत नौ पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**पिपराइच।** इलाके के रतनपुर निवासी मनीता देवी ने अपने पति सिकंदर शर्मा पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए थाने में पति, सास, देवर और दूसरी पत्नी समेत नौ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट व अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। मनीता के मुताबिक, उसकी शादी छह साल पहले सिकंदर से हुई थी। मनीता को दो बेटी हैं। आरोप है कि दो बेटियां होने के बाद ससुराल पक्ष की ओर से दूसरी शादी की धमकी दी जाने लगी। इस बीच पति ने ग्राम बड़हरा बाबू कप्तानगंज की अंशिका से मंदिर में जुलाई 2021 में शादी कर ली। ब्यूरो

# बेटे का दोस्त बन वृद्धा का कंगन लेकर जालसाज फरार, केस दर्ज

## सेवानिवृत्त सूबेदार की पत्नी के साथ हुई घटना, केस दर्ज कराने के लिए पुलिस ने लगवाए चक्कर

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल इलाके के रुस्तमपुर में सेवानिवृत्त सूबेदार मैनेजर शर्मा की पत्नी सुनीता देवी के साथ जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि सत्संग से लौटते वक्त जालसाज ने बेटे का दोस्त बताते हुए उन्हें रास्ते में रोका और फिर नाप लेने के बहाने सोने का कंगन लेकर फरार हो गया। आरोप है कि पुलिस ने दो दिन चक्कर लगवाने के बाद भी केस दर्ज नहीं किया। अब एसएसपी के आदेश पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, मैनेजर शर्मा ने तहरीर में लिखा है कि पांच जुलाई की सुबह घटना हुई है। पत्नी सत्संग में शामिल होकर सुबह छह बजे घर आ रही थीं। रास्ते में एक युवक मिला और बोला कि बेटे का दोस्त हूं। यह कहते हुए उसने बातों में उलझा लिया और फिर सोने के कंगन को निकलवाकर कर नाप लेने लगा। अचानक कंगन लेकर फरार हो गया। पत्नी की सूचना पर पुलिस को जानकारी दी गई।

तीन पुलिसकर्मी मौके पर आए और जांच के बाद आजाद नगर चौकी पर बुला लिया। चौकी पर हवलदार उदय नारायण यादव व ट्रैफिक सिपाही मिले, लेकिन आवेदन नहीं लिया गया। कहा गया कि इंस्पेक्टर साहब आएंगे, तो बुलाया जाएगा। फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित ने एसएसपी से मुलाकात की। इसके बाद पुलिस ने 26 अगस्त को केस दर्ज किया।

## पूजा में जा रही महिला की बदमाशों ने चेन लूटी

**गोरखपुर।** एम्स इलाके के महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो मुहल्ले में शनिवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से झपट्टा मार कर सोने की दो चेन लूट ली। महिला की तहरीर पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, झारखंडी निवासी सुनीता पत्नी हरिश्चंद्र ने तहरीर में लिखा है कि शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे घर से मुहल्ले में एक पूजा में शामिल होने पैदल जा रही थी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और गले से दो सोने की चेन झपट्टा मारकर लूट लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए। तब तक आरोपी भाग गए। इस संबंध में एसओ मदन मोहन मिश्र ने बताया कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ब्यूरो

## तीन छात्राओं से 15 लाख की ठगी

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग में नर्स की नौकरी दिलाने के नाम पर तीन छात्राओं से 15 लाख ठगने का केस गुडंबा थाने में देवर-भाभी पर दर्ज किया गया है। गोरखपुर निवासी नव्या यादव गुडंबा के जानकीपुरम सेक्टर-एच में किराये पर रहती हैं। नव्या के साथ बांदा निवासी सरिता पटेल और बस्ती निवासी आस्था भी रहती हैं। तीनों नर्सिंग की पढ़ाई कर रही हैं। नव्या के मुताबिक, कुछ माह पहले सौम्या से अंबेडकरनगर के अमितोष उपाध्याय का नंबर मिला। अमितोष ने बताया कि वह एक कंपनी चलाते हैं और उनकी भाभी मांडवी उपाध्याय ग्राम विकास अधिकारी हैं। छात्राओं ने संपर्क किया तो अमितोष और मांडवी ने स्टाफ नर्स की नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख लेकर नियुक्ति पत्र दे दिया। छात्राएं बरेली पहुंची तो पता चला कि नियुक्ति पत्र जाली है। संवाद

# युवक का बनाया अश्लील वीडियो

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के पथरा निवासी एक युवक संग सेक्सटार्सन का मामला सामने आया है। एक युवती ने युवक को वीडियो कॉल किया। खुद वह न्यूड थी फिर युवक को न्यूड कराकर वीडियो बना लिया। फिर वीडियो डिलीट करने के लिए पैसे मांगने लगी। बाद में एक व्यक्ति ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर युवक को फोन किया और एफआईआर होने की बात बताकर डराया। इस दौरान युवक से 65 हजार रुपये वसूले गए। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, पथरा निवासी संजय (काल्पनिक नाम) ने बताया कि कुछ दिन पूर्व प्रिया नाम से किसी युवती ने कॉल किया।

## वीडियो डिलीट करने के बहाने लिए 45 हजार

## युवक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया तीन पर केस

हालचाल लेने के बाद व्हाट्सएप नंबर ले लिया। फिर वीडियो कॉल किया। युवती वीडियो कॉल पर न्यूड थी और युवक को बाथरूम भेजकर उसके भी वस्त्र उतरवाकर अश्लील वीडियो बना लिया। फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांगने लगी।

अगले दिन एक दूसरी कॉल आई और फोन करने वाले ने पुलिसकर्मी बताकर केस दर्ज होने की बात बताई। वीडियो डिलीट करने के लिए एक यू ट्यूबर का नंबर दिया। यू ट्यूबर ने 45 हजार रुपये वसूले। फिर फर्जी पुलिस वाले ने मामले को रफादफा करने के लिए 20 हजार रुपये ऑनलाइन मंगा लिया।

पुलिस के अनुसार, इस तरह की घटनाएं बहुत हो रही हैं। दरअसल, सामने से जो लड़की होती है, वह एक अश्लील वीडियो होता है और पीड़ित को ठगने के लिए स्क्रीन रिकॉर्डर से अश्लील वीडियो बनाकर वसूली के लिए तरह-तरह से धमकी दी जाती है। ऐसे में सतर्क रहें। सीधे उस व्यक्ति को ब्लॉक कर पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें।

साइबर सेल के अनुसार जिले में पिछले दो साल में 150 से ज्यादा लोग सेक्सटार्सन के शिकार हुए हैं। इस संबंध में एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि यह एक गिरोह है, जो वीडियो कॉल कर रिकॉर्डेड वीडियो चलाकर सामने वाले का अश्लील वीडियो बनाता है।

# गर्भवती की मौत मामले की होगी जांच

गोरखपुर। चरगांवा इलाके के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती गर्भवती की तीन अगस्त को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतका के पति ने अब डीएम को शिकायती पत्र देकर प्रकरण की जांच कराकर दोषी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डीएम ने शिकायतों की जांच के लिए सीएमओ को निर्देश दिया है।

शिकायतकर्ता रामकृष्णपुरम पादरी बाजार निवासी सूरज शुक्ला ने शिकायती पत्र में लिखा है कि तीन अगस्त को पत्नी को इलाज के लिए भर्ती कराया था। डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए खून व प्लाज्मा की मांग की थी। जब वह इंतजाम कर पहुंचा तो डॉक्टर ने ऑपरेशन कर दिया था। हालत बिगड़ने पर दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। संवाद

# दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर इलाके में स्कूल जाते समय ग्यारहवीं की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दी है। आरोपी पिछले दस महीने से फरार था।

आरोपी की पहचान पादरीबाजारी निवासी विशु यादव के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि कुशीनगर जिले की रहने वाली किशोरी अपनी मां के साथ पादरी बाजार क्षेत्र में रहती है। 17 अक्तूबर 2022 की सुबह स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा का हाटा कोतवाली, पिपरपाती के विशु यादव उर्फ कृष्ण मुरारी ने अपहरण कर लिया। शादी का झांसा देकर उसने छात्रा से दुष्कर्म किया। ब्यूरो

# छात्रवृत्ति से पढ़ाई में मिलता है सहयोग, संसाधन में मदद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

अमर उजाला फाउंडेशन

अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति



मनोज कुमार अवस्थी, एसपी नार्थ

**गोरखपुर।** छात्रवृत्ति सभी छात्रों की पढ़ाई में सहयोग करती है। इससे संसाधन जुटाने में मदद मिलती है। ऐसे में जब कभी परीक्षा पास करने पर छात्रवृत्ति पानी हो तो इसकी अहमियत बढ़ जाती है। इससे विद्यार्थी को अपने बारे में जानने और परखने का मौका मिलता है।

यह कहना है कि जिले के एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी का, जिन्हें हाईस्कूल में महज 130 रुपये छात्रवृत्ति मिली। जिसने उनकी पढ़ाई में काफी मदद की। कक्षा की किताबों के अतिरिक्त उन्होंने कई पुस्तकें और स्टेशनरी खरीद लीं। इससे हाईस्कूल के बोर्ड की तैयारी में आसानी हो गई। बात वर्ष 1983 की है जब वे हाईस्कूल में पढ़ रहे थे। तब गांव गिराव के बच्चों के लिए संसाधनों का भारी अभाव था। किसी तरह से स्कूल की फीस जमा हो पाती थी।

तमाम छात्रों को छात्रवृत्ति का इंतजार रहता था ताकि वे अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी कर सकें। एसपी नार्थ का कहना है कि उनको जब छात्रवृत्ति मिली तो उन्होंने सबसे पहले अतिरिक्त किताबें खरीदीं, जिनसे बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी हो सके। इसके अलावा उन्होंने प्रायोगिक परीक्षा के लिए सामानों की खरीदारी की। छात्रवृत्ति की वजह से तब वे पढ़ाई के संसाधन जुटा पाए। इस वजह से उनको आगे चलकर कामयाबी मिली।

एसपी नार्थ का कहना है कि किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा से संबंधित बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में छात्रवृत्ति अहम योगदान देती है। अब तो सरकार और अन्य संस्थाएं भी आगे आ रही हैं। छात्र-छात्राओं को चाहिए कि इसका लाभ जरूर लें।

# सीबीएसई : साइबर क्लब से मेनटेन होगी 'डिजिटल हाइजीन'

**i SPECIAL**

साइबर क्राइम से बचाने के लिए स्कूलों में बनाए जाएंगे साइबर क्लब

anuragpandey@inext.co.in

GORAKHPUR (27 Aug): सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) ने बढ़ते साइबर क्राइम से बच्चों को बचाने के लिए नया प्लान तैयार किया है. इसके तहत स्कूलों में साइबर क्लब बनाए जाएंगे, जिससे स्कूल की डिजिटल हाइजीन मेंटेन की जाएगी. स्कूल का कंप्यूटर टीचर यानी साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट इस क्लब का नोडल होगा. स्कूल की हर क्लास और सेक्शन के स्टूडेंट्स को क्लब में जोड़ा जाएगा. [illegible]

## चपेट में आ रहे युवा

[illegible]

## ओटीसिस में लटेगा नाम

[illegible]






## स्कूलों के लिए जरूरी टिप्स...

[illegible]



## अवेयरनेस के लिए उठाए कदम

[illegible] (@Cyberdost), फेसबुक (CyberDostIyC), इंस्टाग्राम (cyberdostiyc) और टेलीग्राम पर (cyberdostiyc) [illegible]



"साइबर अवेयरनेस के लिए बच्चों और स्कूल से अच्छा साधन कोई और नहीं है. अधिकतर घरों का बच्चा मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट है. बच्चे को अवेयर करने पर वह घर पर पैरेंट्स और अन्य लोगों को भी जागरूक करेगा. इसलिए स्कूलों में साइबर अवेयरनेस बेहद जरूरी है."

इंदु प्रभा सिंह, [illegible]



सीबीएसई ने साइबर क्राइम से बच्चों को बचाने के लिए नई पहल की है. अब हर स्कूल में साइबर क्लब बनाए जाएंगे. स्कूल के कम्प्यूटर टीचर जो साइबर सिक्योरिटी का जानकार होगा, उसे क्लब का नोडल बनाया जाएगा. ऑफिशियल पोर्टल पर उसका नाम भी भेजा जा रहा है.

डॉ. सतीश के. श्रीवास्तव, [illegible]

# युवक का बनाया अश्लील वीडियो, फिर वसूले रुपए

डिलीट करने के बहाने लिया 45 हजार फिर केस रफा करने के नाम पर 20 हजार लिया

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 Aug):** रामगढ़ताल इलाके के पथरा निवासी एक युवक संग सेक्सटॉर्शन का मामला सामने आया है. एक युवती ने युवक को वीडियो कॉल किया. खुद वह न्यूड थी फिर युवक को न्यूड कराकर वीडियो बना लिया, फिर पैसे मांगने लगी. बाद में एक व्यक्ति पुलिसवाला बनकर कॉल किया और एफआईआर होने की बात बताकर डराया, फिर युवक से 65 हजार वसूले गए. तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है.

## ले लिया वॉट्सएप नंबर

जानकारी के अनुसार पथरा निवासी संजय ( काल्पनिक नाम) ने बताया कि कुछ दिन पूर्व प्रिया नाम से किसी युवती ने काल किया. हालचाल



लेने के बाद व्हाट्सएप नम्बर लिया. फिर वीडियो कॉल किया. युवती वीडियो कॉल पर न्यूड थी और युवक को बाथरूम भेजकर उसके भी वस्त्र उतरवाकर अश्लील वीडियो बना लिया. फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर रुपए मांगने लगी. अगले दिन दूसरी कॉल आई और फोन करने वाले ने पुलिसकर्मी बताकर मुकदमा दर्ज होने की बात बताई.

## फिर वसूले पैसे

वीडियो डिलीट करने के लिए एक यूटूबर का नम्बर दिया. यूटूबर ने इसके लिए 45 हजार रुपए वसूले. फिर फर्जी पुलिस वाले ने मामले को रफा दफा करने के लिए 20 हजार रुपए ऑनलाइन मंगा लिया. पुलिस के अनुसार इस तरह की घटनाएं बहुत हो रही है. दरअसल सामने से जो लड़की होती है वह एक अश्लील वीडियो होता है और पीड़ित को ठगने के लिए स्क्रीन रिकॉर्डर से अश्लील वीडियो बनाकर वसूली के लिए तरह तरह से धमकी दी जाती है. पुलिस का कहना है कि लोग इस तरह के झांसे में न आये न ही डरकर रकम दे. सीधे उस व्यक्ति को ब्लॉक कर पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें.

## दो साल में 150 शिकार

साइबर सेल के अनुसार जिले में पिछले दो साल में 150 से ज्यादा लोग सेक्सटॉर्शन के शिकार हुए हैं. जिनमे कई महिला पुरुष व नामी लोग शामिल हैं.

इस सम्बंध में एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि यह एक गिरोह है जो वीडियो कॉल कर रिकॉर्डेड वीडियो चलकर अगले का अश्लील वीडियो बनाता है फिर डरा धमकाकर वसूली करता है. लोग इसके झांसे में न आएं और न ही किसी अनजान नम्बर से वीडियो कॉल पर बात करें. साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक कर रखे.

# नकली ब्रांडेड नमक बरामद चार पर केस

**GORAKHPUR (27 Aug):** ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली नमक की बिक्री क्षेत्र में तेजी से हो रही है. रविवार को कंपनी के मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने पुलिस की मदद से बांसगांव और माल्हनपार क्षेत्र की चार दुकानों से 107 किलो नकली नमक बरामद किया. मार्केटिंग इंस्पेक्टर की तहरीर पर पुलिस ने चारों दुकानों के मालिक पर कापी राइट एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया. मुंबई के मरीन लाइन थाना के क्षेत्र के मिलन चेंबर नरीमन प्वाइंट के मार्केटिंग इंस्पेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि बांसगांव क्षेत्र में उनकी कंपनी के नाम से नकली नमक बेचा जा रहा है. रविवार को उन क्षेत्रों में पहुंचकर जांच की गई तो बांसगांव बाजार में राजेश किराना स्टोर पर एक-एक किग्रा के 55 पैकेट, विरेंद्र किराना स्टोर के प्रोपराइटर मनीष गुप्ता की दुकान से छह पैकेट, माल्हनपार बाजार में निगम किराना स्टोर के प्रोपराइटर मनोज कुमार की दुकान से 31 पैकेट और पन्ना किराना स्टोर पर 15 पैकेट नकली नमक बरामद किए गए.

# शिवम हॉस्पिटल सील, संचालक फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

कैंपियरगंज। करमैनीघाट रोड पर बनभागलपुर गांव के सामने बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होने के आरोप में शिवम हॉस्पिटल को रविवार देर रात पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। टीम ने कार्रवाई से पहले यहां भर्ती मरीजों को सीएचसी भेज दिया था। टीम के पहुंचने पर संचालक और अन्य कर्मचारी अस्पताल से भाग निकले।

सीएचसी प्रभारी डॉ. विनोद वर्मा ने बताया कि पिछले दिनों मां दुर्गा अस्पताल में हुई घटना के बाद क्षेत्र के सभी निजी अस्पताल संचालकों को रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज लेकर रविवार सुबह सीएचसी पर बुलाया गया था। कुछ संचालक आए। जो नहीं आए उनमें से लक्ष्मी और शिवम हॉस्पिटल की जांच करने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची थी।



अस्पताल सील करते स्वास्थ्य विभाग के अफसर। संवाद

प्रभारी ने बताया कि लक्ष्मी हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन की अवधि समाप्त होने पर पुनः रजिस्ट्रेशन कराने तक अस्पताल का संचालन न करने की चेतावनी दी गई है। वहीं शिवम हॉस्पिटल को रजिस्ट्रेशन न होने पर सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यहां भर्ती जनकपुर निवासी इंद्रजीत की पत्नी नंदनी व अन्य को सीएचसी भिजवा दिया गया। नंदनी को प्रसव हुआ था।

सीएचसी प्रभारी ने बताया कि शिवम हॉस्पिटल के संचालक को सोमवार को 10 बजे तक रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज दिखाने का समय दिया गया है। अगर कागजात नहीं दिखा पाए तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। हॉस्पिटल सील करते सीएचसी प्रभारी के अलावा थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह एवं कस्बा प्रभारी विवेक मिश्रा दलबल के साथ मौजूद रहे। सीएचसी के निकट मां दुर्गा हॉस्पिटल पर कैंपियरनगर कटईया निवासी सरिता को 22 अगस्त को प्रसव हुआ था। प्रसव के बाद जच्चा बच्चा की मृत्यु हो गई थी। शिकायत पर अस्पताल सील कर दिया गया था। कागजात न होने पर पांच लोगों के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया था।

## लूट करने वाले दो बदमाशों पर गैंगस्टर

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने गिरोह बनाकर लूट करने वाले दो बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। पुलिस ने चिलुआताल के सिक्टौर मानीराम निवासी पीयूष पांडेय व राजवीर जायसवाल को गिरोहबंद किया है। आरोप है कि दोनों गिरोह बनाकर लूट करते हैं। ब्यूरो

## साइबर सेल ने तीन लोगों के रुपये वापस कराए

गोरखपुर। साइबर टीम ने तीन लोगों से जालसाजी की गई रकम को रविवार को वापस कराया। गूगल पे पर लिंक भेजकर पिपराइच के राज हर्ष से जालसाजी की गई थी। उनके 75 हजार रुपये वापस कराए गए। मोतीराम अड्डा निवासी चंदन कुमार मित्तल से बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्राप्त कर 63,207 रुपये ठग लिए गए थे। सिंघड़िया निवासी अनीता देवी के खाते से सात हजार रुपये निकाले गए थे। इनकी रकम भी वापस कराई गई। ब्यूरो

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



**एक्शन**

रामगढ़ताल एरिया में नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों का जमकर चालान कटा. संडे को छुट्टी में घूमने आए जिन लोगों ने सड़क पर कार और बाइक खड़ी की थी, पुलिस ने उनका चालान किया. कई वाहनों को क्रेन से खींचकर चौकी पर ले जाया गया जहां सीज करने की कार्रवाई भी की गई.

**फ्रॉड** मेवात के टटलूबाजों के आइडिया पर गोरखपुर में ठगी

# टटलूबाजों के सोने में खोट, चला रहे चिल्ड्रेन बैंक के नोट

**i SHOCKING**

नकली सोने को असली बता ज्वेलर से उड़ाए 12 लाख रुपए

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 Aug):** मध्य प्रदेश के मेवात, नूह और मथुरा में टटलू गिरोह अनोखे अंदाज में ठगी करते हैं, जिससे पीड़ित मरे भी ना और रो भी ना सके. टटलूबाजों की आईडिया से ही प्रेरित होकर गोरखपुर के खजनी में भी जालसाजों ने ठगी की है. यहां उनवल में नकली सोने की सिक्का देकर जालसाजों ने ज्वेलर से 12 लाख रुपए ठग लिए. जिससे कम रेट में सोना खरीदने गए ज्वेलर के होश उड़ गए. भारी मन से उसने पुलिस को सूचना दी. जिसके बाद पुलिस ने ठगे गए रुपए के साथ 4 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया. इनके पास से चिल्ड्रेन बैंक ऑफ इंडिया लिखे नकली चूरन वाले नोट भी बरामद किए.



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित.

## घेराबंदी कर पकड़ा

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह और सीओ अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि खजनी पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर बांसगांव के टिकरी बुजुर्ग निवासी दीपक कुमार, पीड़िया निवासी रतन लाल, कटवर निवासी संदीप यादव और खजनी के कठेईचा विन्दन निवासी राजेन्द्र यादव को अरेस्ट किया है. इनके पास से 10 लाख 85 हजार रुपये, दो गड्डी चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया लिखे नोट, दो नकली सोने के सिक्के, 500 और 100 के कुछ नकली नोट, 5 मोबाइल और 5 बाइक बरामद किया है.

## इस तरह हुई घटना

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 अगस्त को शाहपुर एरिया के ज्वेलर संतोष कुमार को खजनी बुलाकर जालसाजों ने सोने का सिक्का दिखाया गया. जिसे कम रेट पर देने की बात कही गई.

पहले दिन एक सोने का सिक्का ज्वेलर संतोष को दिया गया, जिसे संतोष ने चेक कराया तो असली मिला. 21 अगस्त को वह जालसाजों से 109 सोने के सिक्के खरीदने गए. वहां उनवल बाइपास रोड पर बाइक से 25 से 26 साल तक के 4 युवक आए, उन्होंने ज्वेलर को 109 सिक्के दिए और बदले में 12 लाख रुपए लिए और लेकर निकल गए.

## नकली निकले सिक्के

वहीं जब ज्वेलर ने सोने के सिक्के की हाथ में लेकर जांच की तो पता चला सभी नकली हैं. तब उसने पहले लूट की जानकारी दी. जब पुलिस ने सख्ती बरती तब उसने सही बात बताई.

## खरीदने वाले थे माल

एसएसपी ने बताया कि ज्वेलर की निशानदेही के आधार पर चार जालसाजों को अरेस्ट कर लिया गया है. वहीं तीन अन्य जालसाज की तलाश चल रही है. उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने चारो जालसाजों को अरेस्ट किया तब वह चूरन वाली नोट की गड्डी तैयार कर रहे थे. गड्डी में 500 और 200 के असली नोट ऊपर और नीचे लगाकर बीच में चूरन वाले नकली रुपए भर दिए थे. जालसाज इस बार नकली नोट देकर किसी के साथ ठगी की घटना करने वाले थे. इससे पहले वह सभी पकड़े गए.

# अपहर्ता गिरफ्तार, किशोरी बरामद

जंगल कौड़िया की किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने सन्नी कन्नौजिया नाम के युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. आरोपित के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज था. उसे जंगल कौड़िया के चिउटहवां गोलंबर के पास से गिरफ्तार किया गया.

# अवैध असलहे के साथ युवक की फोटो वायरल

पीपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक की अवैध असलहे के साथ फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है. युवक का चेहरा नहीं दिख रहा है. लोग उसकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं. पुलिस ने अभी तक मामले का संज्ञान नहीं लिया है.

# ठगी के शिकार रुपए वापस लौटाए

**GORAKHPUR :** साइबर अपराधियों द्वारा आनलाइन धोखाधड़ी के पीड़ित तीन लोगों को साइबर सेल पुलिस ने एक लाख 45 हजार 207 रुपये वापस किए. साइबर सेल प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि पिपराइच क्षेत्र के राजहर्ष को लिंक भेजकर साइबर अपराधी ने गूगल पे के माध्यम से 75 हजार रुपये खाते से निकाल लिया था. अपराध शाखा की टीम ने जांच कर राजहर्ष का पैसा वापस मंगवाया और उन्हें सिपुर्द किया.

# अपहर्ता को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

बुआ के घर जाने के लिए निकली किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने ब्रह्मपुर के बरगदही टोला के विनय विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. किशोरी के पिता ने झंगहा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था. किशोरी भी बरामद कर ली गई है.

# बीआरडी में खून की दलाली करने वाले गिरोह को किया एक्सपोज, दो अरेस्ट

### बीआरडी मेडिकल कालेज के अंदर तक सक्रिय है गिरोह




## जिनके पास डोनर नहीं, उसे बनाते हैं शिकार

बीआरडी मेडिकल कालेज में सक्रिय गिरोह के सदस्य वार्ड में घूमते रहते हैं. किसी को खून की जरूरत है और उसके पास डोनर नहीं हैं ऐसे लोगों को चिह्नित कर खून दिलाने के भरोसा देकर बातचीत करते हैं. अगर वह रुपये देने को तैयार होता है तो किसी व्यक्ति को लालच देकर बुलाते हैं और खून देने के बाद 1000 से 1500 रुपये देकर भगा देते हैं, जबकि तीमारदार से एक यूनिट खून के बदले पांच से 10 हजार रुपये वसूलते हैं.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 Aug):** पुलिस ने बीआरडी मेडिकल में सक्रिय खून की दलाली करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पीड़ित की मजदूर की शिकायत पर शनिवार की शाम पकड़े गए गिरोह के दो सदस्यों से पूछताछ में नेटवर्क से जुड़े कई लोगों के बारे में जानकारी मिली हैं. गिरोह के सदस्य बिना डोनर वाले तीमारदार को एक यूनिट खून दिलवाने के बदले पांच से 10 हजार रुपये वसूलते हैं.

महराजगंज जिले के पनियरा, कमता बुजुर्ग के गोरख चौहान शनिवार की शाम मेडिकल कालेज पुलिस चौकी पर पहुंचा. पुलिसकर्मियों को उसने बताया कि गोरखनाथ पुल के नीचे रहकर मजदूरी करता है. सुबह वह काम की तलाश में गोरखनाथ मजदूर मंडी में खड़ा था. काम न मिलने पर सड़क किनारे बैठा था. इसी दौरान एक युवक पहुंचा जिसने अपना नाम वसीम बताया. एक यूनिट खून की जरूरत होने की जानकारी देते हुए गोरख से कहा कि इसके बदले में 10 हजार रुपये मिलेंगे. तीन दिन से काम न मिलने से परेशान गोरख के तैयार होने पर साथ लेकर मोगलहा पहुंचा. वहां से फरेंदा के कम्हरिया खुर्द का केशरदेव उसे बीआरडी मेडिकल कालेज ले गया. आरोप है कि पहुंचते ही ब्लड बैंक के कर्मचारी ने खून निकालकर पिपराइच, रुदलापुर के रहने वाले मरीज को दे दिया. मरीज के स्वजन से 18 हजार रुपये लेने के बाद केशरदेव उसे बाइक से लेकर मोगलहा पहुंचा और 1100 रुपये देकर जाने लगा. 10 हजार रुपये में बात तय होने की जानकारी देने पर थप्पड़ मारकर खदेड़ दिया.

## पुलिस कर रही पूछताछ

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि खून की दलाली करने वाले वसीम व केशरदेव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. यह गिरोह कितने दिन से सक्रिय था और इसमें कौन-कौन शामिल है, जल्द पर्दाफाश किया जाएगा.



**"इस तरह का कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।**

**डॉ. राजेश कुमार राय,**
प्रमुख अधीक्षक, नेहरू अस्पताल, बीआरडी मेडिकल कालेज

# लुटेरों से भिड़ी महिला पर नहीं बचा पाई चेन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 Aug):** पूजा में शामिल होने जा रही महिला की चेन शनिवार की सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने छीन ली. महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो मोहल्ले में हुई घटना के बाद महिला ने बाइक पर पीछे बैठे बदमाश का हाथ पकड़ लिया. चेन बचाने के लिए पांच मिनट तक वह लुटेरों से जूझी, लेकिन धक्का देकर वह फरार हो गए. एम्स थाना पुलिस लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है.

मोहल्ले की सुनीता पत्नी हरिश्चंद्र शनिवार सुबह 9:30 बजे अपने परिचित के घर आयोजित पूजा में शामिल होने जा रही थी. घर से कुछ देर आगे बढ़ने पर पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर सोने की दो चेन खींच ली. एक चेन गले में फंसी तो लुटेरे ने खींचने के लिए दोबारा हाथ बढ़ाया तो सुनीता ने पकड़ लिया. चेन बचाने के लिए वह लुटेरे से अकेले जूझती रही, लेकिन कोई मदद को आगे नहीं आया. इसी बीच बाइक सवार बदमाश धक्का देकर चेन खींचने के बाद फरार हो गए. सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि सीसी कैमरा फुटेज की मदद से बदमाश की पहचान हो गई है. तलाश चल रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# साली से वसूली करने वाले ने कई से लिए हैं रुपए

**GORAKHPUR (27 Aug):** 50 हजार रुपए लेकर साली को फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले अजय कुमार ने कई लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर रुपए लिए हैं. कोतवाली पुलिस की पूछताछ में इसका पर्दाफाश हुआ है. उसके पास से मिले कौड़ीराम ब्लॉक के चारपान ग्राम पंचायत की सफाईकर्मियों की उपस्थिति पंजिका की जांच भी की जा रही है.

बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव की रेखा से कौड़ीराम के तिघरा निवासी उसके जीजा अजय कुमार ने नगर निगम में सफाईकर्मी बनाने के नाम पर 50 हजार रुपए लिए थे. इसके लिए नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड भी दिया था. शनिवार को रेखा अपने दिव्यांग पति दिलीप के साथ नगर निगम में ज्वाइन करने पहुंची तो मामले की जानकारी हुई. नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया. अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र की तहरीर पर अजय कुमार के विरुद्ध कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है.

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-28-08-2023

# कसया ढाले पर अंडरपास और चकिया ढाले पर बनेगा ओवरब्रिज, चौराहों पर लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

## जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने यातायात पुलिस को प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए नई पहल की गई है। कसया रोड पर हर रोज लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए अंडर पास और चकिया ढाले पर ओवरब्रिज बनाया जाएगा, जबकि शहर के सभी चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। इसके लिए यातायात पुलिस को डीएम अखंड प्रताप सिंह ने प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। अभी कुछ दिन पहले सदर सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने भी सदन में ओवरब्रिज व अंडर पास बनाने को लेकर मांग की थी। इसे लेकर पूर्वोत्तर रेलवे ने कवायद तेज कर दी है।

शहर के कसया ढाले पर काफी सालों से जाम लग रहा है। जाम से निपटने के लिए शहर के मालवीय रोड से ओवरब्रिज बनाया गया, लेकिन जाम की समस्या अभी भी बनी हुई है। वहीं चकिया ढाले पर भी जाम लगा रहता है।

इसमें पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के इंजीनियर ने पूर्वी चकिया ढाले पर ओवरब्रिज और कसया ढाले पर अंडरपास व ओवरब्रिज निर्माण के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है। इसके लिए सांसद ने मांग की थी।

जिलाधिकारी ने रेलवे के इंजीनियर से इसके बारे में जब जानकारी मांगी तो पता चला है कि प्रस्ताव करीब दस दिन पहले भेज दिया गया है। उद्योग बंधु की शनिवार को हुई बैठक में डीएम ने एसपी संकल्प शर्मा की मौजूदगी में शहर के सभी चौराहों पर इलेक्ट्रानिक सिग्नल लगाने का खाका तैयार करने को कहा। इसके लिए सिविल लाइंस, हनुमान मंदिर, भीखमपुर रोड, मोतीलाल रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य चौराहों को एक सप्ताह के भीतर चिह्नित करने को कहा गया।

**ओवरब्रिज और अंडरपास से होगी सहूलियत :** शहर के कसया और चकिया ढाले पर ओवरब्रिज व अंडर पास बनने से लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

कसया ढाले से भीखमपुर रोड, रामगुलाम टोला, गायत्रीपुरम, संकटमोचन नगर, सिंधी मिल कालोनी सहित कई मुहल्ले के लोगों का आना-जाना होता है। जबकि चकिया ढाले से शहर के पिपरपाती, जटमलपुर, बैकुंठपुर होते बिहार जाने वाले लोगों को फायदा होगा। लोक निर्माण विभाग के एक अनुमान के मुताबिक दस से पंद्रह हजार वाहनों का आना-जाना होता है। रेल लाइन पार कर शहर क्षेत्र की करीब एक लाख की आबादी निवास करती है।



कचहरी चौराहे पर लगेगा ट्रैफिक सिग्नल।



कसया ढाला पर जाम में फंसे राहगीर। संवाद

*शहर के कसया ढाला पर जाम के कारण लोगों को दिक्कतें होती है। हालत यह है कि जाम लगने पर घंटों इंतजार करना पड़ता है। काफी समय से लोगों की मांग थी कि ओवरब्रिज बने, ताकि समस्या का निदान हो सके।*

**- शक्ति गुप्ता, व्यापारी नेता**

*घर से बाजार जाने के पर अक्सर ढाला पर जाम लगा रहता है। अंडर व ओवरब्रिज बनने से समस्या का निदान होगा। शहर में ट्रैफिक सिग्नल लगने से यातायात सुचारू रुप से संचालित होगा।*

**- डीएस बर्नवाल, दुकानदार**

*जाम के कारण ढाला की तरफ न जाकर रास्ता ही बदल देता हूं क्योंकि जाम में फंस इंतजार करना पड़ता है। ओवरब्रिज के निर्माण से समस्या का निदान होगा है।*

**- हरेंद्र पाल, सिंधी मिल**

*चकिया ढाला के पास जाम के कारण काफी परेशानी होती है।ओवरब्रिज बनने से समय का बचत होगा और विकास भी होगा। अभी तक घर से निकले पर हमेशा जाम मिल जाता था।*

**- कमलेश विश्वकर्मा**



*रेलवे से जानकारी ली गई है। कसया ढाले और चकिया ढाले पर अंडर पास व ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। बहुत जल्द चौराहों को चिह्नित कर ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चले।*

**- अखंड प्रताप सिंह,**
जिलाधिकारी



*हमने कुछ दिन पहले कसया ढाले पर अंडरपास और चकिया ढाले पर ओवरब्रिज के निर्माण के लिए सदन में मुद्दा उठाया था। जिसका प्रस्ताव तैयार कर रेलवे ने भेज दिया है। प्रयास है कि शीघ्र मंजूरी मिल जाए और निर्माण भी शुरू हो जाए। मेरा प्रयास है कि शहर की प्रमुख समस्या जाम का निदान हो जाए।* **- डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, सदर सांसद**

# 571 मुकदमों की शराब होगी नष्ट, तैयारी शुरू

देवरिया। लंबी प्रतीक्षा और विधिक प्रक्रिया पूरी कर लार थाने में वर्ष 2017 से पकड़ी गई शराब को नष्ट किया जाएगा। पुलिस इसकी पूरी तैयारी कर ली है। थाना परिसर में ही इसके लिए गड्ढे खुदवा दिए गए हैं। इसी गड्ढे में थाने में बरामद की गई लाखों लीटर शराब दफन की जाएगी।

रविवार को नगर पंचायत लार की जेसीबी मंगवा कर थाने के बगल की जमीन में लगभग आठ फुट गहरा, 20 फुट लंबा और दस फुट चौड़ा एक गड्ढा तैयार किया जा चुका है। पुलिस को कोर्ट का आदेश मिल चुका है। अब एक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एक टीम गठित होगी। सभी ट्रकों के सील तोड़े जाएंगे। थाने के जिन तीन कमरों में पकड़ी गई शराब बरामद कर रखी गई है, उनके ताले खुलेंगे। उपनिरीक्षक रामाज्ञा यादव लार पहुंचकर सभी मामलों का लेखा जोखा तैयार कर रहे हैं। संवाद

# महिलाओं से 40 लाख की ठगी, कोतवाली में हंगामा

## शहर के भटवलिया की रहने वाली है आरोपित महिला, आरोपित को पकड़ कर कोतवाली पहुंचे लोग

**जासं, देवरिया:** भूमि दिलाने व कर्ज के नाम पर शहर के भटवलिया की रहने वाली एक महिला द्वारा 40 लाख रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित लोग आरोपित महिला को पकड़ कर रविवार को कोतवाली पहुंचे। देर शाम तक इस मामले में पंचायत चल रही थी। महिलाओं ने कोतवाली में आरोपित महिला को लेकर हंगामा किया।

दोपहर बाद भटवलिया की मालती देवी, गोरखपुर जनपद की रहने वाली अर्चना देवी समेत 15 की संख्या में महिलाएं व पुरुष एक महिला को पकड़ कर कोतवाली लेकर पहुंचे। पीड़ित महिला अर्चना ने बताया कि आरोपित महिला भटवलिया की रहने वाली है। यह अपने प्रापर्टी डीलर बताती थी। पीड़ितों आरोप लगाया कि महिला ने मुझसे 12 लाख रुपये 2021 में भूमि दिलाने के नाम पर ली। साथ ही बाद में भूमि बेचने व खरीदने में हिस्सा देने की बात कहने लगी। 2022 तक तो यह रुपया देने की बात कहती रही। बाद में यह अपने घर से भाग गई और पुरवा में छिप कर रहती थी। इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं हो पाई। यह सभी लोगों से 80 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक ली है। लगभग 40 लाख रुपये यह लोगों से ली है। मोबाइल भी बंद कर रखती है।



आरोपित महिला को जबरिया कोतवाली में जाती पीड़ित महिलाएं • जागरण

मालती देवी ने बताया कि उससे ब्याज पर कर्जा लेने की बात कहते हुए 80 हजार रुपये ली थी। अब दे नहीं रही है और आए दिन अपना निवास बदल दे रही है। कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**बीमा के नाम पर महिलाओं से ठगी :** रुद्रपुरः क्षेत्र के भरोहिया व मठिया गांव की रहने वाली सात महिलाओं से पशुओं का बीमा कराने के नाम पर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। जालसाज बजरंग चौराहे पर स्थित कार्यालय को बंद कर फरार हो गए हैं। इस मामले में महिलाओं ने पुलिस को तहरीर दी है। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र की ग्राम भरोहियां और मठिया माफी की रहने वाली मीना देवी, द्रोपदी देवी, सरिता, जैनी, सुगंधी, संगीता और पूनम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि आरोपित गांव में पशुओं और फसल का बीमा कराने के लिए सभी लोगों से 1800-1800 रुपये लिए। फर्जी कागजात भी बीमा का दे दिया। उनका कार्यालय एकौना के बजरंग चौराहे पर था। अब वह कार्यालय बंद कर फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष एकौना संदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## ऋण जमा करने के नाम पर 7.20 लाख की ठगी

**जासं, देवरिया:** कोतवाली रोड स्थित एक प्राइवेट फाइनेंस के कर्मचारी द्वारा महिलाओं से ऋण जमा करने के नाम पर 7.20 लाख रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। रविवार को कोतवाली पहुंच महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस प्रकरण की जांच में जुट गई है।



कोतवाली से बाहर निकलतीं ठगी की शिकार महिलाएं • जागरण

शहर समेत आसपास के गांवों की महिलाओं ने कई समूह बनाया है, समूह बनाकर स्वरोजगार के लिए महिलाओं ने कोतवाली रोड स्थित एक प्राइवेट फाइनेंस से कुछ माह पहले लोन लिया। कोतवाली पहुंची शहर के रामनाथ देवरिया की रहने वाली रीमा समेत अन्य महिलाओं ने बताया कि फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी उनसे कहा कि आप लोग ऋण जमा कर दीजिए, आप लोगों को और ज्यादा ऋण दिया जाएगा। महिलाएं उसकी बातों में आकर 7.20 लाख रुपये ऋण जमा करने के लिए दे दीं। लेकिन उसने ऋण जमा नहीं किया। कुछ दिन बाद महिलाएं फाइनेंस की शाखा में पहुंची तो पता चला कि उनका रुपया तो जमा ही नहीं हुआ है तो उनके पैर तले जमीन ही खिसक गई। इसके बाद महिलाओं ने शाखा में शिकायत करने के साथ ही रविवार को कोतवाली पहुंच गई और पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि प्रकरण में तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सरगना की गिरफ्तारी को पुलिस की दबिश

- बड़े शहरों में भूमि दिलाने के नाम पर महिलाओं से 6.80 करोड़ की ठगी का मामला
- अब अन्य महिलाएं भी आने लगी सामने, रकम बढ़ने की है पुलिस को आशंका

**जासं, देवरिया:** बड़े शहरों में भूमि दिलाने व अधिक रुपया देने के नाम पर महिलाओं से 6.80 करोड़ रुपये की ठगी करने वाली सरगना ज्योति मौर्या की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात दबिश दी, हालांकि पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। उधर अब अन्य महिलाएं भी रुपया देने की बात कहते हुए सामने आने लगी है। पुलिस को 6.80 करोड़ से अधिक ठगी होने की संभावना है।

शहर के कठिनइया की रीमा सिंह समेत अन्य महिलाओं से सलेमपुर कोतवाली के अनुआपार गांव की रहने वाले ज्योति मौर्या, पति उदयभान समेत अन्य आठ लोगों ने बड़े शहरों में भूमि दिलाने व अधिक रुपया देने के नाम पर ठगी की है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने शनिवार की रात ज्योति मौर्या की गिरफ्तारी को उसके ठिकाने पर छापेमारी की, लेकिन गिरफ्तारी में सफलता नहीं मिल सकी। जानकारों का कहना है धोखाधड़ी के मामले में पुलिस अभी साक्ष्य एकत्रित कर रही है। सभी आरोपितों के विरुद्ध साक्ष्य मिलने के बाद ही पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी कर सकेगी। इस लिए पुलिस अभी बैंक डिटेल खंगाल रही है, जिससे की पुख्ता सबूत मिल जाए।

## कोतवाली प्रभारी से मिली महिलाएं

वादी रीमा सिंह समेत 30 से अधिक संख्या में महिलाएं रविवार की दोपहर सदर कोतवाली पहुंची और कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र से मुलाकात की। उन्होंने अभी तक की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जबकि कुछ अन्य महिलाओं ने भी ज्योति मौर्या पर रुपया लेने का आरोप लगाते हुए साक्ष्य दिखाया। प्रभारी ने विवेचना में साक्ष्य उपलब्ध करा देने को महिलाओं को कहा। उधर कुछ पुरुष सदस्यों के भी नाम सामने आए हैं, जिसने ज्योति मौर्या को उसके खाते में प्रापर्टी कार्य में रुपया लगाने के लिए दिया है। अब वह भी कोतवाली का चक्कर लगाने लगे हैं।

> विवेचना चल रही है। गिरोह की सरगना समेत अन्य आरोपितों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सिटी।**

# धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, खुखुंदू**: नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने वाले जालसाज को पुलिस ने रविवार को देवरिया शहर के पूरवा चौराहे से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

रामपुर कारखाना के कमधेनवा का रहने वाला ऋषिकेश पुत्र मोतीचंद विदेश भेजने व लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर ठगी करता था। खुखुंदू थाने में चार वर्ष पहले धोखाधड़ी का उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे पूरवा चौराहे के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि यह चार वर्षों से फरार चल रहा था। इसके विरुद्ध खुखुंदू, देवरिया कोतवाली, भलुअनी, सलेमपुर, गोरखपुर के शाहपुर में भी धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है।

**एटीएम कार्ड बदलक कर 21 हजार रुपये निकाला** : **रुद्रपुर**: उपनगर के सरदार बल्लभ भाई पटेल चौराहे पर स्थित एटीएम पर एक व्यक्ति का कार्ड बदल कर जालसाजों ने 21 हजार रुपये निकाल लिया। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली के सिलहटा के रहने वाले छोटेलाल शर्मा का सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा में खाता है। रविवार की दोपहर व एटीएम पर रुपया निकालने गए। इस बीच एक युवक ने रुपया निकालने में सहयोग करने की बात कहते हुए कार्ड बदल दिया।

# चाट खा रहे युवक पर हमला, दो गिरफ्तार

**जासं, देवरिया**: चाट खा रहे एक युवक पर कुछ युवकों ने लाठी, डंडा व चाकू से हमला बोल कर घायल कर दिया। पुलिस ने दो नामजद समेत पांच के विरुद्ध बलवा, मारपीट का मुकदमा दर्ज करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिंधी मिल कालोनी के रहने वाले अमन कुमार कश्यप शनिवार की रात साढ़े आठ बजे सिंधी मिल कालोनी में काली मंदिर के समीप चाट खा रहे थे, इस बीच कुछ युवक पहुंचे और आपसी रंजिश को लेकर कहासुनी शुरू कर दिए। इस बीच आरोपितों ने अमन पर लाठी, डंडा व चाकू से हमला बोल कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दीपक, सुधांशु त्रिपाठी व तीन अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक पर राड से हमला, तीन पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली के परसिया भंडारी गांव में आपसी रंजिश में एक युवक पर कुछ लोगों ने राड से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक का उपचार महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में कराया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। गांव के आलोक गोंड पुत्र राजकुमार को गांव के कुछ युवक बुलाकर शनिवार की देर शाम गांव के काली मां मंदिर के पास ले गए और पुरानी रंजिश में राड से हमला कर घायल कर दिया। पिटाई से वह घायल होकर मौके पर ही गिर गया।

इस मामले में पुलिस ने गांव के धर्मेंद्र गोंड, राजन गोंड, सुमित गोंड के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पति समेत चार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, देवरिया: महिला ने पति समेत चार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा महिला थाने में दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। बघौचघाट क्षेत्र के कोटवा मिश्र की रहने वाली सोना देवी का कहना है कि उनकी शादी 27 फरवरी 2023 को बृजमोहन प्रसाद के साथ हुई। जबसे वह ससुराल गई, तभी से ससुराल के लोग दहेज में एक बाइक व तीन लाख रुपये की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। अब मारपीट कर घर से निकाल दिए हैं।

इस मामले में पीड़िता ने महिला थाने में गुहार लगाई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति बृज मोहन प्रसाद, सास शांति देवी, जेठानी सोनिया देवी व जेठ विजय प्रताप निवासीगण कोटवा मिश्र थाना बघौचघाट के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक महिला अर्चना सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने नष्ट किया शराब

**देवरिया :** न्यायालय के आदेश पर नायब तहसीलदार मुकेश कुमार की मौजूदगी में बरियारपुर थाने में विभिन्न मुकदमों में पकड़े गई शराब समेत अन्य सामान को नष्ट किया गया। 101 मुकदमों में सामग्री नष्ट की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक से पेट्रोल चुरा रहे युवक की धुनाई

देवरिया : महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी के समीप बाइक से पेट्रोल चुरा रहे एक युवक को लोगों ने रविवार की रात 10 बजे पकड़ लिया और धुनाई की। कोतवाली पुलिस को बुला कर पकड़े गए युवक को सौंप दिया गया। पकड़ा गया युवक सदर कोतवाली का रहने वाला बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि खड़ी बाइक से आये दिन पेट्रोल चोरी हो रहा है।

# ट्रक को एसडीएम ने पकड़ा

लार : क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर उकिना गांव के समीप से एसडीएम सीमा पांडेय ने बिहार भेजे जा रहे तीन ट्रक गिट्टी को रविवार की सुबह पकड़ लिया। साथ ही पुलिस बुलाकर सौंप दिया। खनन विभाग को प्रकरण की जांच सौंपी गई है। (जासं)

### जाम से निजात की तैयारी, कसया ढाले पर अंडरपास बनेगा

# चकियवा ढाला पर बनेगा आरओबी, भेजा प्रस्ताव

अच्छी खबर | 1 |

देवरिया, निज संवाददाता। शहर में आए दिन कसया ढाला पर लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए जिला प्रशासन और रेलवे ने पहल की है। रेलवे ने चकियवा ढाला के समीप ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव भेजा है। रेलवे अब कसया ढाला को बंद करने की तैयारी कर रहा है। रेलवे ने डीएम को पत्र लिख कर जानकारी दी है।

शहर के कसया ढाला पर प्रतिदिन सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों का जाम लगता है। मालवीय रोड पर ओवर ब्रिज बनने के बाद भी कसया ढाला पर जाम से लोगों को मुक्ति नहीं मिली। कसया ढाला से उत्तर तरफ से आने वाले सभी वाहनों के जाने का रास्ता है। शहर की 35 प्रतिशत की आबादी लाइन उत्तर रहती है। रेलवे ने शहर के बाहर चकियवा ढाला के समीप एक ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव दिया है।



अक्सर कसया ढाला पर ऐसे लगता है जाम। (फाइल फोटो)

**कसया ढाला पर बनेगा अंडरपास:** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर ने डीएम को पत्र के माध्यम से बताया है कि पूर्वी चकिया ढाला की तरफ समपार संख्या-128 पर रोड ओवरब्रिज स्वीकृत होने का प्रस्ताव स्वीकृत होने के लिए भेजा गया है। कसया ढाला पर समपार संख्या पर रोड अंडरपास का निर्माण किया जाएगा।

# चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की तैयारी

- डीएम ने यातायात पुलिस से मांगा ट्रैफिक सिग्नल के लिए प्रस्ताव
- प्रशासन ने ऑटोमेटिक ट्रैफिक सिस्टम लगाने का लिया निर्णय

| 2 |

देवरिया, निज संवाददाता। शहर में आने वाले समय में प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। इसके लिए डीएम ने यातायात विभाग से शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल स्थापित करने का प्रस्ताव मांगा है।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था कहीं ट्रैफिक पुलिस तो कहीं पीआरडी और होमगार्ड के जवान संभालते हैं। जिससे नगर क्षेत्र में कई जगहों पर जाम की समस्या आती है। शहर के सड़कों पर खड़े होकर पुलिस कर्मी यातायात को संभालते हैं। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने आटोमेटिक ट्रैफिक सिस्टम लगाने का निर्णय लिया है।

इसके लिए डीएम ने यातायात पुलिस से ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए जगह चिह्नित कर प्रस्ताव मांगा है। जिससे शहर में ट्रैफिक सिग्नल लगाया जा सके। जिससे शहर के लोगों में उम्मीद जगी है कि आने वाले कुछ वर्षों में शहर के चौक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगेगा।

**ट्रैफिक सिग्नल के साथ ही लगेगा सीसी टीवी कैमरा:** ट्रैफिक सिग्नल लगने के साथ ही सीसी टीवी कैमरा भी लगेगा। जिससे ट्रैफिक सिग्नल पर जंप करने वाले वाहन का आन लाइन कंट्रोल रूम से ही चालान कट जाएगा।

**प्रस्ताव पर शुरू हुआ चयन प्रक्रिया:** यातायात विभाग शहर में ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए स्थानों का चयन शुरू कर दिया है। इसके लिए एक दशक प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था, लेकिन पिछले वर्ष नगर क्षेत्र के विस्तार से एक बार फिर प्रस्ताव मांगा गया है।

# युवती के अपहरण में मुकदमा दर्ज

बनकटा : श्रीरामपुर थाना के एक गांव की रहने वाली युवती गायब हो गई है। इस मामले में गांव के ही एक युवक पर बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही युवती की बरामदगी में जुट गई है। पुलिस जांच कर रही है।

# तीन ओवरलोड ट्रेलर को किया सीज

लार। एसडीएम सीमा पांडेय ने रविवार को छापेमारी करते हुए तीन ओवरलोड ट्रेलर को सीज कर दिया।

एसडीएम सीमा पांडेय रामजानकी मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की जांच कर रही थी। उसी दौरान ओवरलोड गिट्टी लदे तीन ट्रेलरो को सुतावर पेट्रोल पंप के समीप से पकड़ सीज करते हुए थाने भिजवा दिया। साथ ही इसकी सूचना खनन विभाग को दी गई। एसडीएम के द्वारा छापेमारी की जानकारी होने पर एक ट्रक चालक अपनी ट्रक छोड़कर भाग गया।

# बरामद हुई शराब नष्ट कराई जाएगी

लार। थाना में पकड़ी गई शराब अब नष्ट कराई जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लार थाने में भारी मात्रा में बरामद शराब रखी गई है। शराब से दुर्गंध फैल रही है। थाना में मच्छर पनप गए हैं। समूचा परिसंर शराब से भरे वाहनों से पटा पड़ा है।

# गाड़ी खड़ी करने को लेकर मारपीट

देवरिया। सगाई में शामिल होने आए युवक को शनिवार की देर शाम गाड़ी खड़ी करने के विवाद में कोऑपरेटिव चौराहे के समीप मनबढ़ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आस पास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने हमलावरों पर सोने की चेन और 50 हजार रुपये छिनने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

# सात के खिलाफ बलवा का केस दर्ज

भाटपाररानी। बनकटा पुलिस ने नोनार पांडेय गांव निवासी राम प्रवेश गिरी की तहरीर पर गांव के साथ लोगों पर मारपीट व बलवा का केस दर्ज की है। पुलिस को दिए तहरीर में रामप्रवेश गिरी ने बताया है कि पुरानी रंजिश के कारण गोल बंद होकर लाठी डंडा से हमलावरों ने मारपीट कर उनके परिवार के कई लोगों को घायल कर दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज की है।

# विवाद में युवक को पीटा, छह पर मुकदमा

देवरिया। मनबढ़ों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद समेत छह लोगों के विरुद्ध बलवा ओर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधी मिल कालोनी मोहल्ला के रहने वाले अमन कश्यप पुत्र चीना कश्यप ने पुलिस को प्रार्थना/पत्र देकर आरोप लगाया कि वह शहर में एक दुकान किया हुआ है।

# जीआरपी ने यात्री का बैग लौटाया

भटनी। जीआरपी ने एक यात्री का बैग सुरक्षित लौटाया। यात्री ने जीआरपी को धन्यवाद दिया। बिहार प्रांत के सीवान जिले के दरौली थाना क्षेत्र के कनैला गांव निवासी प्रदीप चौहान लिच्छवी एक्सप्रेस से रविवार को सफर कर रहे थे। वह अपना बैग ट्रेन में ही भूल गए। यात्री ने इसकी सूचना भटनी जीआरपी को दी।

# एक नामजद समेत दो अज्ञात पर केस

सलेमपुर। पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात पर एससीएसटी एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी मोती लाल 26 अगस्त की शाम खेत की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पहुंचे प्लसर बाइक सवार तीन युवकों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए इन्हें पीट दिए।

# तीन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का केस


देवरिया।शनिवार की शाम को कुछ मनबढ़ युवकों ने एक युवक को उसके घर से बुलाकर मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। हमलावर युवक को बेहोशी की हालत में छोड़ कर फरार हो गए। युवक के घायल होने के बारे मे सूचना मिली तो परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के परसिया भंडारी गांव के रहने वाले राकुमार गोड़ पुत्र स्व. बालेश्वर गोड ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पंत्र में आरोप लगाया है कि उनका बेटा आलोक गोड़ शनिवार की शाम को घर पर मौजूद था।

# महिला बंदी बना रहीं सजावटी सामान

देवरिया, निज संवाददाता। एक जिला एक उत्पाद के तहत जिला कारागार में सजावटी सामान बनाने में महिला बंदी अपना हुनर दिखा रही हैं। महिला बंदियों को सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभी तक चार बैच को जेल में ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। महिला बंदियों के बनाये सामान की बिक्री प्रशिक्षण देने वाली संस्था द्वारा किया जायेगा। इससे महिला बंदियों की आय भी हो रही है।

जिला जेल में विभिन्न अपराधों में कुल 106 महिलायें बंद हैं। महिला वंदियों को आत्म निर्भर करने को उन्हे जेल में ही कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हे प्रशिक्षित कर जिले के एक जिला एक उत्पाद से जोड़ा जा रहा है। एक नरायन



महिला बंदियों द्वारा बनाए गए सजावटी सामान।

सेवा ट्रस्ट की सिंधु पाण्डेय द्वारा महिला वंदियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक चार बैच का प्रशिक्षण हो चुका है। एक बैच में 12 से 15 महिला बंदियों को विभिन्न तरह के सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रत्येक बैच का दो महीने तक विशेषज्ञों द्वारा सैद्धातिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। महिला बंदियों के बनाये उत्पादों की बिक्री भी संस्था द्वारा ही किया जायेगा।

> कौशल विकास मिशन के तहत महिला व पुरूष बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक महिला बंदियों के चार बैच का प्रशिक्षण हो चुका है। उनके बनाये 35 सौ रूपये के सजावटी सामान की भी बिक्री हो चुकी है। जेल में बंद 64 पुरूषों को भी विभिन्न ट्रेडों में आईटीआई के शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा रहा है।
>
> **प्रेम सागर शुक्ल**, जेल अधीक्षक

# हादसों में दो वृद्धों की मौत, किशोर संग तीन गंभीर

**दर्दनाक**

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। जिले में रविवार को हुए अलग-अलग हादसों में दो वृद्ध की मौत हो गई जबकि बिहार के रहने वाले एक किशोर समेत तीन लोग घायल हैं। हादसे श्रीरामपुर और तरकुलवा थाना क्षेत्र में हुए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया, घायलों का मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

प्रतापपुर संवाद के अनुसार श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के छपरा खुर्द गांव निवासी राजेन्द्र चौहान (68) रविवार की शाम पैदल ठाकुरपुर बाजार गए थे। उसी



हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रैक्टर-ट्रॉली को घेर कर खड़े ग्रामीण । ● हिन्दुस्तान

दौरान एक ही अपाची पर सवार तीन किशोर तेज रफ्तार गति से आए और वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर पही राजेंद्र चौहान की मौत हो गई। बाइक सवार संजीव कुमार शर्मा (18) पुत्र अशोक शर्मा, किशन कुमार राजभर (15) पुत्र संपत राजभर और सैमुद्दीन अंसारी (20) पुत्र रोज मोहम्मद निवासी डोमडीह थाना मैरवा सीवान घायल हो गए।

## ट्रैक्टर ने वृद्ध को रौंदा धरने पर बैठे ग्रामीण

तरकुलवा/पथरदेवा। बंजरिया-बाबूपट्टी मार्ग पर बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक वृद्ध को रौंद दिया जिससे वृद्ध की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और धरने पर बैठ गये। क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव के रहने वाले जैनुद्दीन (70) दिन में ब्रह्मभोज में शामिल होने साइकिल से सरेनी गांव गए थे। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया।

# 17 पर बलवा, हत्या के प्रयास का केस

देवरिया। पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुस कर मारपीट और तोड़ फोड़ किया था। मामले में भलुअनी पुलिस ने एक पक्ष के 17 लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, तोड़फोड़ और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

भलुअनी थाना क्षेत्र के जरार मानिक गांव के रहने वाले रामविश्वास यादव पुत्र रामअधार यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के एक परिवार से पुरानी रंजिश चलती है। 23 अगस्त की शाम को पड़ोसी दरवाजे पर चढ़ कर गाली गलौज करने लगा।

# दहेज के लिए ससुरालियों ने महिला को घर से निकाला

देवरिया। बघौचघाट थाना क्षेत्र में दहेज के लिए ससुरालियों ने एक महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत एसपी से की। एसपी के निर्देश पर महिला थाना ने पति समेत चार ससुरालियों के विरुद्ध मारपीट, गबन और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

बिहार के गोपालगंज जिले के कटया थाना क्षेत्र के बेलहीडीह गांव की रहने वाली सोना की शादी इसी साल फरवरी में बघौचघाट थाना क्षेत्र के कोटवा मिश्र गांव के रहने वाले बृजमोहन प्रसाद पुत्र गेना प्रसाद के साथ हुई थी। शादी के बाद सोना ससुराल गई तो ससुराली दहेज में बाइक की मांग करने लगे। मायके में पिता के न होने के कारण पर उसने बाइक देने से मना कर दिया। इस पर ससुरालवाले ने सोना देवी को प्रताड़ित करने लगे। महिला को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर महिला थाने में पति बृजमोहन प्रसाद, सास शांति देवी , जेठानी सोनिया देवी , भसुर विजय प्रताप पुत्र गेना प्रसाद निवासी कोटवा मिश्र थाना बघौचघाट जिला देवरिया के विरुद्ध धारा दहेज अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया है।

# नकली अंगूठी बेचने वाले दो युवक का चालान

महुआडीह। नकली अंगूठी बेचने वाले दो युवकों का पुलिस ने रविवार को चालान कर दिया। थाना क्षेत्र चिउरहा खास निवासी केशव वर्मा पुत्र गोरख वर्मा की क्षेत्र के पड़ौली चौराहे पर ज्वेलर्स की दुकान है। शनिवार दोपहर में दो युवक अंगूठी बेचने आए, दुकान पर ज्यादा भीड़ होने के कारण दुकानदार सही तरीके से अंगूठी देख नहीं पाया और दोनो युवकों को अंगूठी के बदले 10000 हजार रुपए दे दिया।

# समूह की महिलाओं से बीमा कराने के नाम पर ठगी

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरोहिया व मठिया माफी गांव में समूह का बीमा वपशुओं का बीमा कराने के नाम पर महिलाओं से एक ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के भरोहिया व मठिया माफी गांव की लगभग दो दर्जन महिलाओं ने तहरीर देकर गुहार लगाया कि जालसाजों द्वारा गांव में घूमकर समूह की महिलाओं से कहा गया कि सरकार की योजना के तहत समूह बीमा योजना व पशुओं के बीमा योजना के तहत अट्ठारह-2 सौ रुपये हम लोगों से लिया गया और कहा गया कि आज ही शाम को आप लोगों के खाते में रुपया आयेगा। रुपया न आने पर हम लोगों ने इंतजार किया एवं उसके द्वारा बताया गया कि नारायणपुर के बजरंग चौराहा पर हम लोगों का आफिस है। काफी दिन हो जाने पर रुपया न आने पर हम लोगों ने जाकर पता किया कि पता चला कि इसमें कोई नहीं रहता है और आफिस बंद है। इस माल में गांव की द्रोपदी देवी, मीना देवी, सविता देवी, जयनी देवी, सुगंधी देवी, संगीता देवी, पूनम, सोनी, इत्यादि महिलाओं ने न्याय का गुहार लगायी है।

# जालसाज ने एटीएम बदलकर 21 हजार निकाला

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में ग्राम सिलहटा निवासी छोटेलाल शर्मा पुत्र घूर शर्मा ने कहा कि प्रार्थी का सेन्ट्रल बैंक शाखा रुद्रपुर में बचत खाता है। प्रार्थी दिनांक 27 अगस्त को दिन में करीब 2 बजे उपनगर के कस्बा के इमामबाड़ा चौराहे पर स्थित स्टेट बैंक के एटीएम से पैसा निकालने आया था। लाईन में लगा था, जैसे ही एटीएम मशीन के पास पहुंचा, इसी बीच उसके बगल में खड़े अज्ञात जालसाज ने एटीएम बदलकर तथा कोड डालकर अलग-अलग स्थानों से 21 हजार रुपये निकाल लिया। मैसेज आने पर मुझको जानकारी हुई। पीड़ित ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।

# थाने में पकड़ी गई शराब की जाएगी नष्ट

**लार**। लार थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पकड़ी गई शराब जो लार थाना परिसर में रखी गई है जल्द ही अब उसे नष्ट कराई जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लार थाने में भारी मात्रा में बरामद शराब रखी गई है। शराब से दुर्गंध फैल रही है। थाना में मच्छर भी पनप गए हैं। समूचा परिसर शराब से भरे वाहनों से पटा पड़ा है। कोर्ट ने शराब को नष्ट करने की अनुमति अब दे दी है। उम्मीद है अब एक दो दिन में इन शराबो का विनष्टीकरण करने से लार थाना स्वच्छ व सुंदर हो जाएगा।

# मारपीट मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महराजगंज टोला मंझरिया निवासी सत्यनारायण चौहान पुत्र मुक्खी चौहान ने दिये गये तहरीर में कहा कि सुदामा चौराहा से बाजार कर घर वापस आ रहे थे। 20 अगस्त को रास्ते में मिश्रौलिया शिव मंदिर के पास रवि यादव पुत्र श्रवण आकर गाली गलौज करते हुए सायकिल गिरा दिया तथा लात घूसों से मारा जिससे हमें गंभीर चोंटे आयी है। इस मामले में पुलिस ने रवि यादव पुत्र श्रवण निवासी मिश्रौलिया के खिलाफ धारा 323, 325, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर ग्राम गोपलापुर बगही निवासिनी प्रियंका देवी पत्नी बृजेश मौर्या ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 25 अगस्त को बच्चों से अनाप सनाप बोलने की बात को लेकर देवर सोनू मौर्या पुत्र मिश्रीलाल मुझको गाली गुत्ता देते हुए मारापीटा तथा घायल कर दिया। पुलिस ने सोनू मौर्या पत्नी मिश्रीलाल के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# समाधान दिवस में आए महज दो मामले एक का निस्तारण

सलेमुपर। समाधान दिवस में न्याय न मिलने से फरियादी अब थाने पर जाने से कतराने लगे हैं। जिसका परिणाम है कि समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। शनिवार को उप जिलाधिकारी सीमा पांडेय, प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय सहित दो दर्जन लेखपाल, तीन राजस्व निरीक्षक दस बजे से दो बजे तक मात्र दो फरियादी न्याय के लिए आए। वह भी दोनों राजस्व से सम्बंधित मामला मिला। जिसमें एक का मौके पर निस्तारण दिखा दिया गया।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-28-08-2023

# गैरइरादतन हत्या के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**तमकुहीरोड।** सेवरही पुलिस ने रविवार को गैरइरादतन हत्या के वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में विधिक कार्रवाई में जुटी है। एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि रविवार को एसआई प्रियांशु राय की टीम गश्त कर रही थी। उसी दौरान लोकमान्य कॉलेज के रेलवे ढाले से जा रहे गैरइरादतन हत्या में वांछित मुकेश श्रीवास्तव निवासी वार्ड-17, जैनुद्दीन निवासी किदवई नगर और मोहम्मद एबादूर सहित तीन अभियुक्तों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। एसएचओ ने बताया कि इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# चोरी की तीन बाइक के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को चोरी की तीन बाइकों के साथ चार अरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस बाइकों को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। एसओ श्रीप्रकाश राय ने बताया कि बाइक चोरी का थाने में केस दर्ज था। इसमें पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में लगी थी। पुलिस ने टीम बनाकर कई स्थानों पर दबिश दी। आरोपी थाना क्षेत्र के तिनहवा से पकड़े गए। संवाद

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**समउर बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने एक लड़के पर बेटी के व्हाट्सएप और फर्जी आईडी से उसके सबंध में इंट्राग्राम पर फोटो व मैसेज प्रसारित कर उसे बदनाम करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की हे। पीड़ित युवती की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी बेटी के व्हाट्सएप पर एक युवक अश्लील मैसेज व फोटो भेज रहा है। संवाद

# गांजा और तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**पिपरा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने 1.2 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक तमंचा मिला। गांजा की कीमत करीब 24,000 रुपये बताई जा रही है। इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इनकी पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के सेवक छपरा जंगल बकुलहा निवासी दुर्गेश के रूप में हुई। संवाद

# सीसीटीवी कैमरा लगाने की बनी सहमति

**लक्ष्मीगंज।** बाजार स्थित पुलिस चौकी परिसर में रविवार की शाम त्रिनेत्र योजना के तहत व्यापारियों की एक बैठक हुई। इसमें बाजार के दो चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की सहमति बनी।

चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा त्रिनेत्र योजना के तहत बाजार में दो चौराहे पर सीसीटीवी लगाने का प्रस्ताव है। इसके लगने से बाजार के व्यापारियों के अलावा आम लोगों की सुरक्षा में मदद मिलेगी।

इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज पोद्दार ने बाजार के श्री राम चौक और शिव मंदिर के पास सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा। व्यापारियों ने सहमति जताई।

इस दौरान श्यामा अग्रवाल, वीरेंद्र वर्मा, कन्हैया वर्मा, दीपू वर्मा, बिट्टू जायसवाल, जीतू वर्मा, दीपक वर्मा, ध्रुप वर्मा, शिवशंकर वर्मा, विरंचि मद्धेशिया आदि मौजूद रहे। संवाद

# भाजपा सभासद लापता पत्नी ने दी तहरीर

## कुछ लोगों पर ब्याज के रुपये देने के लिए दबाव व धमकी देने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कप्तानगंज कस्बे के वार्ड नंबर-14 हरिहरनाथ उत्तरी निवासी भाजपा सभासद 22 अगस्त की शाम से लापता हैं। परिवार के लोगों ने पहले तो उनका इंतजार किया। उसके बाद न लौटने पर हर संभावित जगह तलाश की। कहीं पता न चलने पर रविवार को थाने में तहरीर देकर खोजबीन की मांग की।

उनकी पत्नी बविता ने बताया कि पति नशा करते थे और जुआ भी खेलते थे। कस्बे के कुछ लोगों ने ब्याज पर रुपये दिए थे, जिसे न दे पाने पर घर आकर जान से मारने की धमकी देते थे। उनके पति बिना बताए लापता हो गए हैं। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

### 22 अगस्त की शाम से हैं लापता, पत्नी ने अपहरण की जताई आशंका

कस्बे के वार्ड संख्या 14 हरिहरनाथ उत्तरी वार्ड से बैजनाथ चौहान सभासद हैं। 22 अगस्त को सभासद घर से लापता हो गए। घरवालों ने सभासद की तलाश रिश्तेदारों और जानने वालों के यहां की, लेकिन पता नहीं चल सका। पत्नी बविता ने बताया कि पति के लापता होने के बाद से उनकी तबीयत खराब है। शनिवार को अस्पताल में भर्ती हुई थीं। इलाज के बाद रविवार को उन्होंने थाने में तहरीर दी।

बविता ने पति का अपहरण होने और अनहोनी की आशंका जताई है। उन्होंने बताया है कि सभासद पति नशा करते हैं। कुछ लोग अधिक ब्याज पर कर्ज देकर जबरन वसूली करते हैं। कर्ज देने वालों ने कुछ दिन पूर्व अपहरण की धमकी भी दी थी।

कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सभासद के लापता होने की शिकायत मिली है। तलाश की जा रही है।

# छठ वेदियां तोड़ने वालों का पता नहीं लगा सकी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही खास गांव में शुक्रवार की रात अराजक तत्वों की तरफ से छठ वेदियों को तोड़े जाने के बाद उपजे तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स दूसरे दिन भी तैनात रही।

पुलिस छठ वेदियां तोड़ने वाले शरारती तत्वों के बारे में पता नहीं लगा सकी है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

सपही खास गांव में श्री भैरवनाथ (उतान बाबा) स्थान के उत्तर तरफ सार्वजनिक पोखरे के किनारे करीब 50 छठ वेदियां बनाई गई थीं। वहां हिंदू महिलाएं छठ पूजा किया करती थीं, लेकिन कुछ शरारती तत्वों ने दस से अधिक छठ वेदियों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

सुबह होते ही गांव व आसपास के क्षेत्र में जब यह खबर फैली तो तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## मौके पर तैनात की गई है पुलिस फोर्स

ग्रामीणों ने शनिवार को पुलिस को तहरीर दी। इसकी सूचना मिलते ही तुर्कपट्टी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और क्षतिग्रस्त छठ वेदियों की मरम्मत कराई। ग्रामीण शरारती तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने की जिद पर अड़ गए।

पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था के लिए दो दिन से पुलिस फोर्स तैनात की गई है। इस मामले में दो दिन में भी शरारती तत्वों पर कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने सांसद व क्षेत्रीय विधायक से हस्तक्षेप की मांग की है।

इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष जीत बहादुर ने बताया कि मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है। शरारती तत्वों की तलाश की जा रही है।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया कंटेनर

पटहेरवा। थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित महुअवा कांटा के पास रविवार की शाम एक कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। गनीमत रही कि वहां कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंचे हाईवे के अधिकारियों ने एनएच को वनवे कर क्रेन की मदद से हटवाया। संवाद

# गांजा व तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

पडरौना। नेबुआ नौरंगिया थाने के छितवन बाबा स्थान के पास से दुर्गेश कुमार पुत्र बिकाऊ निवासी सेवक छपरा जंगल बकुलहा थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.2 किग्रा अवैध गांजा व एक अदद अवैध तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर की बरामदगी की है। उसकी कीमत बाजार में 24 हजार बताई जा रही है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

# नवनिर्मित शिव मंदिर व महिला हेल्प डेस्क का लोकार्पण

- खड्डा थाने में जन सहयोग से हुये कार्यों का किया लोकार्पण
- प्रधान संघ व व्यापार मंडल के सहयोग से हुआ है निर्माण कार्य

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा थाना परिसर में जनसहयोग से नवनिर्मित शिव मन्दिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा तथा महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष का पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने शनिवार की देर शाम लोकार्पण किया। एसपी ने चौकीदारों को साफा प्रदान कर सम्मानित किया तथा उपस्थित लोगों में प्रसाद का वितरण कराया।

खड्डा थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने प्रधान संघ, व्यापार मंडल समेत आम लोगों के जन सहयोग से थाना परिसर में शिव मन्दिर, महिला हेल्प डेस्क व आगन्तुक कक्ष का निर्माण कराया। उनके स्थानांतरण के बाद नवागत इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह ने मन्दिर में शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा करायी। इसमें पुलिस प्रशासन सहित क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। देर शाम थाने पहुंचे पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, पीआरओ भूपेंद्र दुबे, सीओ पडरौना उमेशचन्द भट्ट, इंस्पेक्टर खड्डा आशुतोष सिंह, तरयासुजान इंस्पेक्टर अमित शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, पूर्व चेयरमैन डॉ. निलेश मिश्रा, प्रधान ओमप्रकाश कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, संग्राम सिंह यादव आदि शामिल रहे।



खड्डा थाना परिसर में जनसहयोग से बने शिव मन्दिर, महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष का लोकार्पण करते एसपी धवल जायसवाल।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए रुपये लेने का आरोप

**शिकायत**

**मथौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** मोतीचक ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुड़िला हरपुर में पिछले कई दिनों से एक आशा कार्यकर्त्री द्वारा विभाग के निर्देश की अनदेखी कर लोगों से रुपये लेकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। ग्राम प्रधान ने सीएचसी प्रभारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

शासन की ओर से लोगों को गम्भीर बीमारी में पांच लाख रुपये तक के इलाज कराने के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है। इसको लेकर सीएचसी मोतीचक ने क्षेत्र के गांव से पात्रों लोगों को सीएचसी बुलाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा। आरोप है कि गांव में आशा कार्यकत्री लोगों से 40 से 50 रूपये लेकर आयुष्मान कार्ड बनवा रही है। इसको लेकर ग्राम प्रधान उग्रसेन चौहान ने मोतीचक के सीएचसी प्रभारी राजेश कुमार मद्धेशिया से शिकायत दर्ज कराते हुये आरोप लगाया है कि गांव में एक आशा कार्यकत्री लोगों से 50 रुपये लेकर आयुष्मान कार्ड बनावा रही है। उन्होंने इसकी जांच करा कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी मोतीचक डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि यदि ऐसा है तो जांच करा कर कार्रवाई की जायेगी।

# जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर हुई बैठक

**हाटा।** हाटा कोतवाली परिसर में रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लूम के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षीय संबोधन में एसडीएम हाटा हीरालाल ने लोगों से त्योंहारों शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि परम्परागत ढंग से निर्धारित स्थलों व मार्गो का उपयोग करें। शासन के निर्देशानुसार व परम्परागत तरीके से त्योहार मनाया जाएगा। किसी भी समस्या के आने पर तत्काल सूचना दें।

# जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर हुई बैठक

**हाटा।** हाटा कोतवाली परिसर में रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लूम के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षीय संबोधन में एसडीएम हाटा हीरालाल ने लोगों से त्योंहारों शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि परम्परागत ढंग से निर्धारित स्थलों व मार्गो का उपयोग करें। शासन के निर्देशानुसार व परम्परागत तरीके से त्योहार मनाया जाएगा। किसी भी समस्या के आने पर तत्काल सूचना दें।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**पडरौना।** सेवरही थाने के एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, दरोगा शशांक राय, रमेशचन्द चौधरी व सुप्रिया पाण्डेय ने वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत वारण्टी सिकन्दर निवासी बभनौली थाना सेवरही को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# एसओ ने दी ऑपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी

तमकुहीराज। आपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्राम पंचायतों के तिराहे व चौराहे पर कैमरा लगवाने के लिए ग्राम प्रधानों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ थानाध्यक्ष तमकुहीराज ने थाना परिसर में बैठक की। इसमें आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए लोगों को कैमरा लगवाने के लिए जागरूक किया।

थानाध्यक्ष ने क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाई वर्ग व सामाजिक कार्यकर्ताओं से ग्राम पंचायत के तिराहों, चौराहों व प्रमुख बाजारों में कैमरा लगवाने की अपील की। थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत 66 कैमरा प्रमुख स्थानों पर लगवाए जा चुके हैं।

# हादसे के बाद लोगों ने चालक को पकड़ा


**हादसा**

सखवनिया (कुशीनगर),हिसं। कुबेरस्थान थाने के मठिया नरइपुर में ट्रक ने मां-बेटे को रौंद दिया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा। उसे ग्रामीणों ने कसया थाना क्षेत्र के शिवपुर में घेर लिया।

क्षेत्र में किसी कार्य से सीओ कसया कुंदन सिंह आए थे। अचानक वह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के आक्रोश से चालक को बचाकर कुबेरस्थान पुलिस को सुपुर्द कर दिया। सीओ की सूचना पर पहुंची कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने ट्रक ड्राइवर व ट्रक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया साथ ही मां-बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया। घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।



हादसे के बाद ट्रक को रोके ग्रामीण।



हादसे के बाद सड़क पर पड़ा मासूम बेटे व मां का शव।

# वारंटी को अहिरौलीबाजार की पुलिस ने दबोचा

**पडरौना।** अहिरौलीबाजार थाने के थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय, दरोगा प्रेमचन्द राम व विनोद कुमार सिंह ने वारण्टी अभियुक्त अंगद निवासी पोखरभिण्डा थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार किया है।

# दुष्कर्म के आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**पडरौना।** कप्तानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक ने दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित एक अभियुक्त व एक वारंटी सहित दो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वांछित अभियुक्त अजय प्रजापति निवासी बौलिया थाना कप्तानगंज तथा डीपी एक्ट का वारंटी गब्बर साहनी निवासी खैरटवा थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करने में जुटी है।

# अन्तरजनपदीय चोर गिरफ्तार

- अहिरौली बाजार थाने की पुलिस को मिली कामयाबी
- पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की तीन बाइकें बरामद की

**पडरौना, निज संवाददाता।** अहिरौली बाजार पुलिस ने अन्तरजनपदीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी की तीन बाइकें बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गये वाहन चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने तिनहवा मंझना नाला श्मशान घाट पुल के पास से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन चोरी की बाइकें बरामद की। पूछताछ में चोरों की पहचान राजन गोंड निवासी बरसैना थाना अहिरौली बाजार, राजकपूर निवासी पड़री लिलही कोठी कोतवाली हाटा, सत्यप्रकाश गोंड निवासी देवरिया रसुलपुर थाना महुआडीह जनपद देवरिया एवं मोनू मल्ल निवासी बेलवा बुजुर्ग थाना अहिरौली बाजार के रूप में की गयी।



रविवार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार बाइक चोर।

पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना में केस दर्ज कर अंतरजनपदीय चोरों को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक इन चोरों का विभिन्न थानों में आपराधिक इतिहास भी रहा है। कसया सीओ कुंदन सिंह ने उक्त मामले में बताया कि अहिरौली बाजार पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग के चार चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की तीन बाइकें बरामद हुई हैं।

# पांच वारंटी गिरफ्तार

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाना पुलिस ने पांच वारण्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुतुर्जा अंसारी निवासी सपही बुजुर्ग, श्रीरामकुश उर्फ कुश निवासी सिरपत खाड़, राजेश निवासी खुदरा अहिरौली, निखिल दुसाध निवासी तारविशुनपुर व रमाशंकर निवासी कोरया टोला नोनिया पट्टी थाना तुर्कपट्टी को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# दो अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

**पडरौना।** तरयासुजान थाने के दरोगा सुभाषचन्द्र श्रीवास्तव व रविकान्त यादव आदि ने अशोक निवासी तरया हंसराज कोड़रा व राधेश्याम निवासी तरया हंसराज कोड़रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गैर इरादतन हत्या में तीन गिरफ्तार

**पडरौना।** सेवरही पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मुकदमें में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लोमान्य ढाला कस्बा सेवरही के पास से मुकेश श्रीवास्तव पुत्र कन्हैया लाल श्रीवास्तव निवासी वार्ड नंबर 17, जैनुद्दीन अंसारी पुत्र जान मोहम्मद वार्ड चार किदवई नगर व मो. ऐबादुर रहमान पुत्र इरसाद अहमद वार्ड सात आजाद नगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# पिकअप से चार प्रतिबंधित पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना, निसं।** तमकुहीराज थाने की पुलिस ने रविवार को लक्ष्मीपुर राजा मोड़ से पिकअप से तस्करी को ले जा रहे चार प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में पशुओं की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत तमकुहीराज पुलिस ने लक्ष्मीपुर राजा मोड़ के पास पिकअप वाहन से ले जा रही चार प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। पुलिस ने मौके से टुनटुन अली पुत्र झुल्ली अली निवासी कोयनहा थाना तरयासुजान को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पशुओं को पशुपालकों को सुपुर्द कर दी है। टीम प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, दरोगा रणजीत, सिपाही राजीव चौधरी, रविकान्त, राहुल आदि शामिल रहे।

# माने स्वजन, मंदिर में प्रेमी-प्रेमिका की हुई शादी

**नेबुआ नौरंगिया :** पुलिस की पहल पर स्वजन माने और रविवार को मंदिर में प्रेमी-प्रेमिका की शादी संपन्न हुई। लोगों ने दोनों को आशीर्वाद देकर सुखद जीवन की कामना की। क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव के युवक का गांव की ही युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा। युवती बीते कुछ दिनों से युवक पर शादी का दबाव बना रही थी। सजातीय न होने का हवाला दे युवक शादी से इंकार कर दिया। इस बीच युवक की शादी कहीं और तय हो गई। युवती ने बीते शुक्रवार को युवक को गांव के बाहर बुलाया और शादी के लिए कहा। युवक के ना करने पर वह थाने पहुंच गई। उसने युवक पर शोषण का आरोप लगाया। पुलिस युवक को पकड़ थाने लाई। दो दिनों तक दोनों के स्वजन आपस में वार्ता करते रहे। शाम को दोनों के स्वजन माने और थाना स्थित शिव मंदिर में प्रेमी-प्रेमिका का विवाह हुआ।

**हत्या के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार** : जासं, बभनौली : सेवरही पुलिस ने लोकमान्य इंटर कालेज के पास स्थित रेलवे ढाला के पास गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में वांछित तीन को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सेवरही कस्बे के वार्ड नं 16 निवासी मुकेश श्रीवास्तव, वार्ड नं 4 किदवई नगर निवासी जैनुद्दीन अंसारी, वार्ड नं सात आजाद नगर निवासी मुहम्मद ऐबादुल रहमान शामिल हैं।

# चोरी की तीन बाइक बरामद, चार गिरफ्तार

**जासं,अहिरौली बाजार**: क्षेत्र के तिनहवा के समीप अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को चोरी की तीन बाइक के साथ चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। चोरों की पहचान राजन गोंड निवासी बरसैना व मोनू मल्ल बेलवा बुजुर्ग थाना अहिरौली बाजार, राज कपूर पड़री लीलही कोठी थाना हाटा कोतवाली व सत्य प्रकाश गोड़. थाना महुवाडीह जिला देवरिया के रूप में हुई। एसओ श्रीप्रकाश राय मातहतों संग शाम को अहिरौली बाजार में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि वाहन चोर गिरोह के सदस्य तिनहवा के समीप मौजूद हैं। पुलिस टीम ने वहां पहुंच संदिग्ध हाल में दिखे तीन बाइक पर सवार चार युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक बाइक का कागजात नहीं दे सके। सख्ती बरतने पर बताया कि बाइक चोरी की है। एसओ ने बताया कि बरामद तीनों बाइक क्षेत्र से ही चोरी हुई थी। मुकदमा दर्ज कर विवेचना चल रही थी। दारोगा रवि भूषण राय, चंदन प्रजापति आदि शामिल रहे।

# फाइल में दर्ज होगा 500 शातिरों का रिकार्ड

- पिछले 10 वर्ष से सक्रिय अपराधियों का खंगाला जा रहा इतिहास
- नाम, नंबर के साथ रिश्तेदार व जमानतदारों का भी होगा विवरण

जागरण संवाददाता, पडरौनाः लूट, छिनैती, शराब, गांजा व पशु तस्करी जैसे मामलों में लिप्त अपराधियों की पहचान अब आसानी से हो सकेगी। इसके लिए पुलिस पिछले 10 वर्ष में सक्रिय अपराधियों का डोजियर (फाइल) तैयार कर रही है। जिले में अब तक पांच सौ ऐसे अपराधी चिन्हित किए गए हैं, जिनके नाम, पते, मोबाइल नंबर, रिश्तेदार व जमानतदारों तक का पूरा विवरण इकट्ठा किया जा रहा हैं। ताकि जरूरत पड़ने पर इसकी मदद ली जा सके। समय-समय पर इसे अपडेट भी किया जाएगा।

अक्सर अपराध होने पर पुलिस घटनास्थल या आसपास के घर या दुकानों में लगे सीसी कैमरे की मदद लेती है। कई बार घटना को अंजाम देते या फिर अपराधी भागते नजर आते हैं। इन अपराधियों की पहचान करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

इसी तरह सर्विलांस व बीटीएस की मदद से घटनास्थल पर सक्रिय नंबरों के आधार पर पुलिस अपराधियों का नंबर तो ढूंढ निकालती है पर उनकी पहचान कर उन तक पहुंचने में काफी देर लग जाती है। यह देखते हुए एसपी ने पिछले 10 वर्ष में सक्रिय अपराधियों का डोजियर तैयार करने को कहा है। इससे अब अपराध होने पर कैमरे में कैद अपराधी की पहचान आसानी से हो सकेगी। वहीं पीड़ित व्यक्ति भी डोजियर के माध्यम से अपराधी को पहचान सकेगा।

> डोजियर तैयार करने का उद्देश्य अपराधियों पर नजर रखना है। इससे आगे चलकर घटनाओं की रोकथाम व पर्दाफाश में मदद मिलेगी। थाना प्रभारियों व सभी दारोगाओं को निर्देशित कर दिया गया है।
>
> -धवल जायसवाल, एसपी



**फाइल में होगी यह जानकारीः** हर अपराधी की अलग-अलग डोजियर अर्थात फाइल होगी। जिसमें नाम, पता, फोटो, पहचान-पत्र, बैंक डिटेल्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल नंबर, रिश्तेदार व जमानतदारों का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि की जानकारी का डोजियर में उल्लेख होगा। वर्तमान में सक्रिय अपराधियों के अलावा पिछले 10 वर्षों में सक्रिय रहे अपराधियों का रिकार्ड तैयार हो रहा है। अब तक जिले में ऐसे 500 अपराधी चिन्हित किए गए हैं।

**थाने व जिले पर रहेगी फाइलः** संकलित की गई जानकारी थानों के अलावा जिले की डीसीआरबी के पास भी रहेगी। जिससे आवश्यकता पड़ने पर अपराधियों की पहचान की जा सके। लूट, डकैती, चोरी, छिनैती, पशु, गांजा व शराब तस्कर तथा पेशेवर अपराधियों के डोजियर तैयार करने पर अधिक जोर है।

**सत्यापन के वाद आनलाइन होगा रिकार्डः** अपराधियों से जुड़ा रिकार्ड फिलहाल रजिस्टर में रखा जाएगा। रजिस्टर का सत्यापन कर इस रिकार्ड को आनलाइन कर दिया जाएगा। तब एक क्लिक पर अपराधियों की जानकारी उपलब्ध होगी।

# युवती को अश्लील फोटो भेजने का आरोप

पटहेरवा : क्षेत्र की एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी लड़की की मोबाइल के वाट्सएप नंबर पर किसी अज्ञात युवक द्वारा अश्लील फोटो व मैसेज भेजा जा रहा है। वही फर्जी आईडी से उसके संबंध में इंस्ट्राग्राम पर फोटो व मैसेज प्रसारित कर उसे बदनाम किया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

# री-फिलिंग के दौरान लगी आग, दुर्घटना टली

पनियहवा : कस्बा खड्डा के वार्ड नंबर चार में सिलेंडर री-फिलिंग के दौरान आग लगने से अफरा तफरी मच गई, जिससे लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। काफी मशक्कत से आग को बुझा दिया गया। विकास खंड के गांव लखुआ लखुई निवासी राजू गुप्ता की गैस रिफिलिंग और उससे संबंधित सामग्री की दुकान कस्बा के वार्ड नंबर चार में है। रविवार दोपहर बाद सिलेंडर में गैस रिफिलिंग के दौरान अचानक आग लग गई। थोड़ी ही देर में आस-पास के दुकानदार व राहगीरों ने सिलिंडर पर बोरा लपेट दुकान के सामने से बह रही नाली में फेंक दिया जिससे सिलिंडर की आग बुझ गई। (जासं)

# सड़क पर लटक रहे तार, दुर्घटना का डर

जासं अहिरौली बाजार : मोतीचक विकास खंड के भलुही गांव में बिजली के तार सड़क पर लटक रहे हैं। इससे ग्रामीणों को दुर्घटना का डर सताता है। ब्रह्मा सिंह के घर के समीप 15-20 केबल एक ही विद्युत पोल से लटके हुए हैं। अगर कोई गाड़ी गुजरती है तो तार फंस जाते हैं। ग्रामवासी दरोगा साहनी, बृजेश सिंह, रामचंद्र सिंह, अयोध्या साहनी, राजू साहनी आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि खोट्ठा उपकेंद्र से गांव में बिजली की आपूर्ति होती है। पोल व तार की व्यवस्था करने में अधिकारी घोर लापरवाही बरती जा रही है। लटक रहे तार से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि पोल की संख्या बढ़ाए जाने की कई बार मांग की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।



भलुहीं गांव में सड़क पर लटक रहा बिजली का केबल • जागरण

एक ही पोल पर तार का संजाल बना हुआ है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से समाधान कराने की मांग की है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

## नव-निर्मित शिव मंदिर का एसपी ने किया लोकार्पण, महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष का भी हुआ शुभारंभ

जागरण संवाददाता, खड्डा : थाना परिसर में नव निर्मित शिव मंदिर में शनिवार देर रात को विधि-विधानपूर्वक शिवलिंग सहित गौरी-गणेश, कार्तिकेय व नंदी की प्रतिमाओं में प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। भंडारे का आयोजन हुआ। आचार्य वशिष्ठ पाठक ने पूजन-अर्चन कराया।

छह माह पूर्व थाना परिसर में शिव मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। जन सहयोग तथा पुलिसकर्मियों की मदद से लगभग एक पखवारा पूर्व मंदिर बन कर तैयार हो गया। रंगाई-पोताई का कार्य भी संपन्न हो गया। वाराणसी से मंदिर में स्थापना के लिए शिवलिंग, मां पार्वती तथा भगवान गणेश, कार्तिक व नंदी की प्रतिमा मंगाई गई। शुभ मुहूर्त के अनुसार रात आठ बजे एसपी धवल जायसवाल की मौजूदगी में मंदिर में शिवलिंग सहित सभी प्रमुख देवी-देवताओं की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। यजमान प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने पूजन-अर्चन कराया। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत एसपी ने पूजन-अर्चन कर मंदिर का लोकार्पण किया तथा सभी के कल्याण की कामना की। इसी क्रम में नव-निर्मित महिला हेल्प डेस्क तथा आगंतुक कक्ष का भी एसपी ने शुभारंभ किया। कहा कि महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष बनने से पीड़ित महिलाओं सहित थाने आए लोगों को सहूलियत होगी। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान अमित शर्मा, पीआरओ भुपेंद्र दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश्वर वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीलेश मिश्र आदि नागरिक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



खड्डा थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करते एसपी धवल जायसवाल • जागरण



रामवर चरगहां में शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु • जागरण

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा

जासं, गोबरही : कसया तहसील क्षेत्र के रामवर चरगहा में रविवार को नंदी महाराज मूर्ति की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रामवर चरगहा मंदिर परिसर से होते हुए अहिरौली बाजार, भठही बाबू, अहिरौली राय, खोरावर, गोबरही सहित पांच मंदिरों से मिलान कराते हुए यात्रा रामवर चरगहा स्थित शिव मंदिर पहुंची। जहां नंदी महाराज की मूर्ति की स्थापना की गई। मुख्य यजमान प्रधान प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन- अर्चन करने के बाद कलश यात्रा निकाली गई। सुबह मंदिर परिसर में क्षेत्र के महिलाएं पुरुषों और कुंवारी कन्याओं का जुटना शुरू हो गया। शोभायात्रा के स्वागत में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा किया। इस मौके पर प्रधान डिंपल पांडेय, संजय पटेल, सुनिता देवी, दीपकली, सुरेश कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार, शैलेंद्र यादव, अमित मद्धेशिया, राजेश कुमार गुप्ता, दिनेश जायसवाल, विजय कांत मिश्रा, रामनरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# गंडक नहर में एक-दूसरे का हाथ पकड़ दो युवतियों ने लगाई छलांग

- तरयासुजान के एक गांव की निवासी बताई जा रहीं युवतियां
- गोताखोरों की मदद से देर शाम तक चलती रही तलाश

जागरण संवाददाता, पडरौना: सेवरही के बनरहां रेगुलेटर के समीप रविवार दोपहर को एक-दूसरे का हाथ पकड़ दो युवतियां गंडक नहर में छलांग लगा दीं। खेत में चारा काट रही महिलाओं के शोर मचाने पर लोगों को इसकी जानकारी हुई। देर शाम तक युवतियों का पता नहीं चल सका।

घटनास्थल पर मिले चप्पल व दुपट्टा के आधार पर युवतियों की पहचान तरयासुजान के जमसेड़िया निवासी के रूप में हुई। दोनों शनिवार से लापता थीं। स्वजन की सूचना पर रविवार को गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी।

बभनौली संवाददाता के अनुसार दोपहर एक बजे बनरहा रेगुलेटर से सटे रकबा दुलमापट्टी के टोला भगवानपुर के समीप कुछ महिलाएं खेत में चारा काट रहीं थीं। इस बीच तमकुहीराज की तरफ से पैदल आईं दो युवतियां एक-दूसरे का हाथ पकड़ पुल से गंडक नहर में छलांग लगा दीं। कुछ ही देर में पुलिस, राजस्व टीम व दमकलकर्मी आ गए। एसडीएम तमकुहीराज विकास चंद ने मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक सेवरही हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि युवतियों की तलाश चल रही है।



बनरहा रेगुलेटर के समीप मुख्य पश्चिमी गंडक नहर पर जुटी भीड़ • जागरण

### युवक के जहर खाने की जानकारी के बाद लापता हुई थीं युवतियां

चर्चा है कि दोनों ही युवतियों का गांव के ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। मगर युवतियां आपस में इससे अनजान थीं। शनिवार को दोनों को जब इसकी जानकारी हुई तो दोनों का आपस में झगड़ा हुआ। फिर दोनों ने फोन कर युवक को गांव के बाहर बुलाया। कहासुनी के बाद घर गए युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने के बाद स्वजन उसे फाजिलनगर फिर गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, वहां उसका उपचार चल रहा है। युवक के जहर खाने की सूचना आम होने के कुछ समय बाद युवतियां अपने-अपने घर से लापता हो गईं।

**ग्राहक सेवा केंद्रों में सीएसी कैमरे लगवाने पर जोर** : नेबुआ नौरंगिया : थाना परिसर में दुकानदारों और बैंकों के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों की बैठक हुई। इसमें दुकानों व सेवा केंद्रों में सीसी कैमरे लगवाने पर जोर दिया गया। सप्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों में सीसी कैमरे अवश्य लगवा लें।

# पिकअप से चार गोवंश बरामद, एक गिरफ्तार

जासं,पडरौना :तमकुहीराज पुलिस ने क्षेत्र के लक्ष्मीपुर राजा मोड़ के समीप रविवार को पिकअप से चार गोवंश बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान टुनटुन अली निवासी कोयनहा थाना तरयासुजान के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय ने बताया कि पूछताछ में उसने बताया कि गोवंश की खेप लेकर वह बिहार के सिवान जा रहा था।

# छह दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**जासं सिंगहा**: रामकोला थाने के सिंगहा गांव के पश्चिमपट्टी टोला में 21 अगस्त की रात में दो घरों में हुई चोरियों का छह दिन बाद भी पुलिस पर्दाफाश नहीं कर पाई है। पुलिस जांच अभी गृहस्वामी व उनके नजदीकी लोगों के इर्द-गिर्द ही घूम रही है। जबकि गांव के लोगों में चोरी की घटनाओं से डर बना हुआ है। 22 अगस्त की सुबह डाग स्क्वाड व फोरेंसिक टीम ने जांच की थी। आलमारी व बाक्स के फाटक पर मिले निशानों को चिह्नित कर उनकी तस्वीर ली गई थी। चोरो ने पहले बिकाऊ खरवार और डेढ़ घंटे बाद समरजीत शाही के घर को निशाना बनाया था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि जांच चल रही है। सर्विलांस के जरिये भी पता लगाया जा रहा है।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, नेबुआ नौरंगिया :** थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को छित्तवन बाबा के स्थान के पास खड़ा संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा,जिसे पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। उसकी पहचान दुर्गेश कुमार निवासी सेवक छपरा जंगल बकुलहा कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 .2 किग्रा अवैध गांजा व एक तमंचा बरामद हुआ। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# चक्रवात से उड़ीं झोपड़ियां, मकान व टीनशेड क्षतिग्रस्त

हवा के दबाव से उखड़े पेड़, चपेट में आने से कई लोग घायल, पोल गिरने व तार टूटने से 50 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित



सिरसिया कला के हरजू टोला में चक्रवात में गिरा मकान • जागरण



चक्रवात में क्षतिग्रस्त कटरैन • जागरण



चिंता में बैठे रमाशंकर के स्वजन • जागरण

**जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया :** ब्लाक के सिरसिया कला गांव के हरजू छपरा केरवनिया टोला में शनिवार की रात में चक्रवात ने काफी तबाही मचाई है। अचानक मौसम का मिजाज बदला और दो से तीन मिनट में इस टोले की सूरत बदल गई। 30 से अधिक परिवारों की रिहायशी झोपड़ियां हवा में उड़ गईं तो 10 से 15 टीनशेड व मकान क्षतिग्रस्त हो गए। कई पेड़ उखड़ गए। इहे घरों में दबने से सात लोग और लगभग 10 मवेशी घायल हो गए। पोल और तार टूटने से इस टोले के 50 घरों में बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई है।



सिरसिया कला के हरजू छपरा में चक्रवात से हुई क्षति का निरीक्षण करते बाएं से दूसरे नायब तहसीलदार राम विशाल पांडेय • जागरण

केरवनिया टोला में कुछ भोजन कर रहे थे तो कुछ सोने की तैयारी में थे। अचानक हवा का बवंडर उठा और देखते-ही देखते चक्रवात में बदल गया और सबकुछ तहस-नहस हो गया। चारों तरफ भगदड़ और चीख-पुकार मच गई।

मकानों के कटरैन उड़ गए और दीवारें फट गईं। लोगों ने बताया कि खड़ा किए गए दो ट्रेलर हवा में उड़ कर दो सौ मीटर दूर खेत में गिरे।



घायल सत्यम।



घायल सुमित्रा देवी।



घायल किसमती।



घायल रंभा देवी।

घरेलू सामान तो आबादी से काफी दूर खेत में चले गए थे। चपेट में आने से सुमित्रा, राधेश्याम, सत्यम, किसमती, रंभा, भगवतिया व राजेंद्र घायल हो गए।

चक्रवात शांत होने पर ग्रामीणों ने अधिकारियों को दूरभाष पर सूचना



चक्रवात में गिरा विद्युत पोल व तार • जागरण

दी। राजस्व टीम के साथ सदर तहसीलदार सुमित सिंह पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को सांत्वना दी और घायलों को अस्पताल भिजवाया। कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है, सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

**इनकी क्षतिग्रस्त हुई हैं झोपड़ियां :** चक्रवात से इंद्रजीत कुशवाहा, सिंगासन, विनोद, रामनाथ, स्वामीनाथ, अवधेश, लक्ष्मण, सुग्रीव, जयप्रकाश, रामजीत, रामअसरे, राधेश्याम, रामचंद्र, सुरेश, अनिल, राजेंद्र, चंदन, रमाशंकर, छोटेलाल, अवधेश, मूरत, ओमप्रकाश, बृजेश, महथ, रामहरख, सोनू, रामप्रताप, रामजीत समेत 30 लोगों की झोपड़िया क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

**क्षतिग्रस्त हुए मकान व टीनशेड :** चक्रवात से श्यामसुंदर, इंद्रजीत व रामजी के मकान एवं स्वामीनाथ, रामनाथ, इंद्रजीत, सिंहासन, विनोद, लक्ष्मण, सुग्रीव, जयप्रकाश, रामजीत, रामआश्रय, राधेश्याम, सुरेश, अनिल, सोनू, रामचंद्र, अनीता, चंदन, रमाशंकर, रामहरख के टीनशेड क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल हुई नष्ट :** दो से तीन मिनट के चक्रवात ने सुग्रीव, इंद्रजीत, हल्लू, रामचंद्र, रामजीत समेत लगभग 40 किसानों की सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल को रौंद दिया है। सभी किसान खून के आंसू रो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

**आपूर्ति बहाल होने में लगेंगे दो दिन :** रामपुर कोटवा उपकेंद्र के एसडीओ उमेश कुशवाहा ने बताया कि चक्रवात की चपेट में आने से हरजू छपरा केरवनिया टोला में पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं और तार भी टूटे हैं। पोल व तार बदलने में कम से कम दो दिन का समय लग सकता है।

**पीड़ितों के खाते में जाएगी सहायता राशि :** रविवार को सदर तहसीलदार सुमित कुमार सिंह ने बताया कि चक्रवाती तूफान से प्रभावित प्रत्येक पीड़ितों के खाते में आठ हजार रुपये अहेतुक सहायता भेजी जाएगी। राजस्व टीम प्रभावितों की सूची के साथ बैंक खाता नंबर एकत्रित कर रही है। शीघ्र ही धनराशि भेजी जाएगी।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-28-08-2023

### रेलवे स्टेशन व अस्पताल गेट पर लगे पोस्टर पुलिस ने हटवाए


# सिसवा में विधायक की गुमशुदी के पोस्टर लगे

**खलबली**

सिसवा, हिन्दुस्तान संवाद। सिसवा कस्बे के रेलवे स्टेशन व अस्पताल गेट पर भाजपा विधायक प्रेमसागर पटेल के गुमशुदा होने के पोस्टर चस्पा किए गए हैं। पोस्टर सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए हैं। रविवार को लोगों में भी इसे लेकर कौतूहल और चर्चा रही। पुलिस ने पोस्टर हटवा दिए हैं। पार्टी के एक नेता ने इस मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

रविवार को सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों ने सिसवा रेलवे स्टेशन, अस्पताल गेट के पास दीवारों पर चस्पा सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल के लापता होने के पोस्टर देखे। इस पर लिखा था कि सिसवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमसागर पटेल सिसवा से लगभग 80 दिन से लापता हैं। काफी तलाश के बाद भी कहीं नहीं दिखे। निवेदक में समस्त सिसवा की सम्मानित जनता लिखा हुआ था।

पूर्वाह्न 11 बजते-बजते वह पोस्टर सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। साथ ही पूरे नगर में इसकी चर्चा फैल गई। इस मामले में नगर के भाजपा नेता चौधरी अरुण पटेल ने तत्काल कोठीभार थाने पहुंचकर एसओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सिसवा चौकी प्रभारी आरके सिंह ने पोस्टरों को हटवाया। प्रभारी निरीक्षक, कोठीभार सुनील राय ने बताया कि तहरीर मिली है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जो भी इनपुट सामने आएगा, उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध केस कर कार्रवाई की जाएगी।




सिसवा रेलवे स्टेशन पर रविवार को विधायक के गुमशुदा होने के पोस्टर लगने से खलबली मच गई।



भाजपा नेता अरुण पटेल ने रविवार को एसओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। • हिन्दुस्तान

■ **भाजपा नेता ने दी कोठीभार पुलिस को तहरीर, जांच में जुटी पुलिस**

"105 विधायकों के साथ सतना में पार्टी के कार्यक्रम में हूं। पोस्टर के जरिए कुछ लोग भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। मुझे कोई दिक्कत नहीं है। इससे ज्यादा अभी कुछ नहीं कहूंगा। वापस लौटने के बाद मीडिया को अपना बयान दूंगा।

**-प्रेमसागर पटेल,** विधायक, सिसवा

"विधायक प्रेमसागर पटेल वर्तमान समय भोपाल में हैं। इस तरह का भ्रामक पोस्टर नगर में लगवाकर विधायक की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक प्रेमसागर पटेल के आवास पर प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम होता है। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

**-चौधरी अरुण पटेल**
भाजपा नेता/समाजसेवी

"तरह तरह का कृत्य बेहद निन्दनीय है। मामले की जांच कर इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**-संजय पांडेय,** जिला संयोजक, भाजपा

# लावारिस पड़ी यूरिया पुलिस ने बरामद की

नौतनवा। नौतनवा क्षेत्र के गांव बरवाभोज के निकट से रविवार को पुलिस ने लावारिस हालत में पड़े 9 बोरा यूरिया खाद बरामद किया है। एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गस्त पर थी। इसी दौरान अवैध तरीके से ला रहे खाद को कुछ लोग छोड़कर भाग गए,पुलिस ने कब्जे में लेकर कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दिया है।

# घास काटने गई किशोरी घर नहीं लौटी, मुकदमा

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी शनिवार को घर से घास काटने गई और तभी से वापस नहीं लौटी। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में किशोरी को भगाए जाने के आरोप में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

किशोरी के पिता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि किशोरी शनिवार को अपराह्न तीन बजे प्रतिदिन की तरह मवेशियों को खिलाने के लिए घास काटने खेत की तरफ गई। उसके बाद वह वापस नहीं आई। काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आठ बोटा साखू के साथ दो गिरफ्तार

बागापार। वन विभाग की टीम ने रविवार को जगपुर प्रथम बीट अंतर्गत बेलवा चाफी में आठ अदद साखू के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन्हें पकड़ी वन रेंज ले गये, जहां उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। रेंजर अनुराग आनन्द ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रविवार को बेलवा चाफी के कुछ लोग जंगल से लकड़ी काट लाये हैं। पिकअप पर लाद कहीं बाहर भेजने की फिराक में है। रविवार करीब तीन बजे सुबह विभागीय टीम ने छापेमारी कर लोहा व वीरबहादुर के कब्जे से लकड़ियों को बरामद किया। टीम में वनकर्मी राजेश यादव, अमर, अनिल, शुकुल, बीट प्रभारी मोहन चौहान, बीट प्रभारी प्रेमसागर पटेल आदि रहे।

# जच्चा की मौत पर नाराज ग्रामीणों ने क्लीनिक घेरी

- चौक क्षेत्र के सेखुई चौराहे पर देर शाम की घटना, मौके पर पहुंची पुलिस
- डॉक्टर क्लीनिक छोड़कर मौके से फरार, परिजन कार्रवाई की कर रहे मांग

चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। चौक थाना क्षेत्र के सेखुई गांव की बीमार महिला की मौत के बाद रविवार की देर शाम गुस्साए परिजन व ग्रामीणों ने निजी चिकित्सक के क्लीनिक को घेर हंगामा शुरू कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर चौक व मिचलौल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टर क्लीनिक छोड़ फरार हो गया। परिजन डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। पुलिस अक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश में जुट गई।

चौक थाना क्षेत्र के सेखुई गांव की महिला रेनू पत्नी मुकेश (35) की चार दिन पहले गांव के एएनएम सेंटर में डिलीवरी हुई थी। प्रसव के बाद चिकित्सकों ने जच्चा व बच्चा को डिस्चार्ज कर घर भेज दिया। घर आने के बाद महिला की तबीयत खराब हो गई। सेखुई चौराहे पर परसौनी गांव का रहने वाला एक चिकित्सक क्लीनिक चलता है। परिजन इलाज के लिए महिला को उसके पास ले गए। दो दिन इलाज के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने शनिवार को महिला को कही और दिखाने को बोला। परिजन महिला को निचलौल व महराजगंज इलाज के लिए ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर रविवार की शाम को इलाज के लिए गोरखपुर ले जा रहे थे, लेकिन गोरखपुर पहुंचने के दौरान ही महिला की मौत हो गई।

# दो बच्चों के अपहरण की कोशिश, बच्चे सकुशल

- नौतनवा क्षेत्र के अड्डा बाजार का मामला
- दोनों बच्चे समोसा खाने चौराहे पर गए थे

अड्डा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवां थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार सम्पतिहां रोड पर स्थित भैसहियां चौराहे के पास रविवार की देर शाम दो नाबालिग बच्चों के अपहरण की कोशिश का मामला सामने आया है। बच्चे सकुशल मिल गए हैं।

बताया जा रहा है कि 12 वर्ष व 13 वर्ष के ये दोनों बच्चे समोसा खाने भैसहियां चौराहे पर गये थे। इसी दौरान एक चार पहिया गाड़ी में बैठे तीन लोगों ने एक बच्चे के मुंह पर रूमाल डालकर जबरन बैठा लिया। दूसरे बच्चे के शोर मचाने पर गाड़ी सवार लोगों ने उसको भी मारपीट कर गाडी में बैठा लिया और सम्पतिहां की ओर भागने लगे। चार पहिया वाहन का कुछ लोग पीछा किये और बच्चे गाडी में शोर मचाते रहे। नईकोट में लोग गाड़ी रोकने का प्रयास किये। इस दौरान गाड़ी सवार लोग नईकोट मोड़ पर दोनों बच्चों को छोड़कर भाग गये। स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों को सूचना दी गयी और बच्चों को सुपुर्द किया गया। अड्डा चौकी प्रभारी भूपेन्द्र सिह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों बच्चे सुरक्षित हैं।

# तस्करी के लिए डंप 15 बोरी यूरिया बरामद

**भगवानपुर।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर पुलिस ने रविवार को सीमा के श्यामकाट के पास झाड़ियों में छिपाकर तस्करी के लिए रखी 15 बोरी यूरिया को बरामद किया है। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि निरीक्षक अरुण कुमार चौकी प्रभारी भगवानपुर, उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह तथा कांस्टेबल ऋषि मुनि राय ने मुखबिर की सूचना पर यूरिया बरामद की। अग्रिम कार्रवाई के लिए यूरिया को नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दी गई है।

# हैंडपम्प चोर गिरफ्तार

**पुरंदरपुर।** रविवार को पुरंदरपुर एसओ पुरुषोत्तम राव के नेतृत्व में टीम ने रानीपुर–समरधीरा मार्ग पर सोहरवलिया कला निवासी स्वामीनाथ को पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने छह अदद चोरी का हैंडपम्प बरामद किया। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि आए दिन हैंडपम्प की चोरी की शिकायत मिल रही थी। चेकिंग के दौरान हैंडपम्प चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

# सर्फ कारोबारी के घर से नगदी व सामान चोरी

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र बाली गांव में किराए के मकान में शनिवार की रात में चोरों ने नगदी और कीमती सामान चुरा लिया। चोरी की घटना घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित अरशद अली निवासी कल्याणपुर पूर्वी चंपारण बिहार ने पुलिस पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह बाली गांव में एक किराये का मकान लेकर सर्फ का कारोबार करता है। रात को वह भोजन करने के बाद सो गया। चोर घर में रखा नगदी और सामान को उठा ले गए।

# विधायक की गुमशुदगी का पोस्टर चस्पा

## सिसवा कस्बे में करीब 10 से 15 स्थानों पर लगाए गए हैं पोस्टर, थाने में दी गई तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सिसवा कस्बे में विधायक प्रेम सागर पटेल की गुमशुदगी का फोटो चस्पा किया गया है। पोस्टर पर ''विधायक 80 दिनों से लापता हैं,'' लिखा गया है।

कस्बे में यह पोस्टर चर्चा का विषय बना है। शहर के लोग इस मसले पर कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं। विधायक के प्रति नाराजगी जाहिर करने वाले पोस्टर को किसने लगाया है, यहां कोई नहीं बता रहा है। सिसवा कस्बे में करीब 10 से 15 स्थानों पर ये पोस्टर लगाए गए हैं।




विधायक प्रेम सागर का पोस्टर।

सिसवा बाजार नगर पालिका क्षेत्र कई स्थानों पर ये पोस्टर चस्पा किए गए हैं। नगर के रेलवे स्टेशन, हॉस्पिटल, सबयां ढाला समेत अन्य स्थानों के पास गुमशुदा की तलाश का पोस्टर लगाया है, जिसपर लिखा गया है कि विधायक सिसवा से 80 दिनों से लापता हैं। काफी तलाश के बाद कहीं नहीं दिखे और निवेदक में सिसवा क्षेत्र की समस्त सम्मानित जनता लिखा गया है। रविवार सुबह को इसकी जानकारी होने पर आनन फानन कुछ स्थानों से पोस्टर हटवा दिए गए। विधायक प्रेमसागर पटेल ने बताया कि पार्टी के निर्देश के अनुसार मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार में जुटा हूं। सतना में चुनाव प्रचार कर रहा हूं। पोस्टर लगवाने वाले मेरा खुद प्रचार कर रहे हैं। अगर कोई खुद प्रचार कर रहा है तो क्या किया जाय। उधर, सिसवा कस्बे के वार्ड नंबर तीन के रहने वाले अरुण पटेल ने कोठीभार थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पोस्टर पर मुद्रक प्रकाशक का नाम तक अंकित नहीं है। यह पोस्टर लगवाने वाले ने बहुत सावधानी बरती है। विधायक हमेशा क्षेत्र में भ्रमण कर जनता की समस्या सुनते रहते हैं। विरोधियों ने साजिश के तहत उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की गई, इसकी जांच कर कसूरवार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

कोठीभार थाने के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि पोस्टर लगाने का मामला संज्ञान में आया। जांच की जा रही है।

# वसूली का मास्टरमाइंड था निलंबित प्रव

## निलंबित सिपाही ही वसूली की रकम एआरटीओ तक पहुंचाता था, सितंबर 2021 में सामने आया

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** ओवरलोड ट्रकों से वसूली का मास्टर माइंड निलंबित प्रवर्तन सिपाही मान सिंह था। ओवरलोड ट्रक से वसूली के खेल में वह नया नहीं है। वसूली के धंधे का मामला जब 2021 में सामने आया था तो उस वक्त भी इसमें महराजगंज में तैनात निलंबित एआरटीओ में तैनात सिपाही मानसिंह का नाम सामने आया था।

आरोप लगा था कि उसी के जरिए वसूली की रकम एआरटीओ तक जाती थी। एसआईटी की जांच में 16 जिलों के एआरटीओ के नाम इस धंधे में सामने आया था, लेकिन प्रवर्तन दल के सिपाही मान सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

सूत्रों की मानें तो जेल में बंद निलंबित सिपाही मान सिंह सितंबर 2021 में तब सुर्खियों में आया था, जब एसआईटी की जांच में 16 एआरटीओ फंसे थे। उस वक्त महराजगंज का नाम आते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया था।




एआरटीओ और पीटीओ की गिरफ्तारी के बाद सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में दिखी चहल कदमी। संवाद

इधर जिले में वसूली के खेल का पर्दाफाश होने पर भी मान सिंह फिर से फंस गया। बताया जा रहा है कि वसूली की पूरी रकम इन्हीं के भरोसे जाती थी। सूत्र बताते हैं कि प्रत्येक माह 20 लाख से ज्यादा की वसूली होती थी। एक तिहाई हिस्सा अधिकारी का होता था, शेष रकम में सभी का बंटवारा होता था। कार्यालय में प्रभाव की वजह से कोई मुंह नहीं खोलता था। अधिकारियों के जेल जाने के बाद अब कलई खुल रही है।

पीड़ित कुछ कहने की हिम्मत जुटा रहे हैं। वाहनों के कारोबार से जुड़े लोगों के कामकाज में मोटी रकम की वसूली की जाती थी। खासकर ट्रक व बसों से जुड़े काम में ज्यादा रकम की वसूली की जाती थी। बताया जाता है कि वसूली का मास्टरमाइंड निलंबित सिपाही था, उसी के जरिए वसूली का पूरा खाका बनाया जाता था। सूत्रों के अनुसार विभाग में निलंबित सिपाही की पैठ का अंदाजा इस बात से लगता है कि एआरटीओ के रहने में जो कमरा लिया ग बुकिंग निलंबित सिप पर हुई थी। अधिकारि से लेकर पूरी व्यवस्थ रहता था।

**निजी या किरा लेकर की जाती थी** ने बताया कि वसूली सरकारी गाड़ी का

### वसूली के दौरान सिविल ड्रेस में तैनात रहते थे कर्मी

वसूली के आरोप फंसने के बाद एआरटीओ समेत अन्य कर्मियों के काम के तरीकों की पोल खुल रही है। नौतनवां कस्बे सरोजनी नगर के रहने वाले बिरजू ने भी तहरीर देकर वसूली का आरोप लगाया था। बिरजू ने बताया कि हाईवे पर वसूली के दौरान कर्मी सादे ड्रेस में रहते थे। प्रवर्तन के सिपाही भी ज्यादातर ड्रेस में नहीं रहते थे। मामला बिगड़ने के बाद ड्रेस में प्रवर्तन के सिपाही सामने आते थे।

# सर्फ फैक्टरी में चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र एक गांव स्थिति सर्फ फैक्टरी में हुई चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित अरशद अली निवासी कल्याणपुर पूर्वी चंपारण बिहार ने पुलिस से बताया कि बाली गांव में एक किराए की मकान लेकर सर्फ का लघु उद्योग लगाया हुआ हूं। शनिवार रात में सुनसान पाकर चोर मकान में घुस गए। उसके बाद चोरों ने नकदी और सामान को उठा ले गए। संवाद

# आठ बोटा साखू के साथ दो गिरफ्तार

**महराजगंज।** वन विभाग की टीम ने रविवार को जगपुर प्रथम बीट के अंतर्गत बेलवाकाजी के चाफी टोला में आठ बोटा साखू की लकड़ी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों को वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पकड़ी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अनुराग आनंद ने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिली कि बेलवाकाजी के चाफी टोले के कुछ लोग जंगल से लकड़ी को पिकअप पर लादकर कहीं बाहर भेजने की फिराक में हैं। संवाद

# चारा लेने निकली किशोरी लापता, केस दर्ज

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को चारा लेने घर से निकली किशोरी लापता हो गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बेटी शनिवार शाम करीब 3 बजे मवेशियों के लिए चारा काटने घर से खेत की ओर निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी। उसका कही भी पता नहीं चल सका। निचलौल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज खोजबीन की जा रही है। संवाद

# 50 शीशी नेपाली शराब बरामद

**महराजगंज।** बरगदवां थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार की शाम एक महिला को 50 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष बरगदवा दिनेश कुमार ने दी। संवाद

# आपरेशन ब्रह्मास्त्र में पुलिस बदमाशों पर रखेगी निगरानी

**जासं, नौतनवा**: थाना सभागार में रविवार को पुलिस संवाद दिवस पर इंस्पेक्टर मनोज राय ने एडीजी जोन अखिल कुमार के आपरेशन ब्रह्मास्त्र से पेशेवर बदमाशों पर निगरानी रखने का तरीका पुलिसकर्मियों को बताया। कहा कि आपरेशन ब्रह्मास्त्र में पुलिस बदमाशों से संपर्क करेगी। सहमति पत्र भरवाने के बाद उनकी आनलाइन मानीटरिंग करेगी। थाने स्तर पर गठित टीम के पास चिह्नित बदमाश अपना रोज लाइव लोकेशन भेजेंगे। गूगल मैप से बदमाशों की निगरानी शुरू होने के बाद पुलिस अपराध छोड़ने वालों के घर नहीं जाएगी। सहमति पत्र देने वाले बदमाशों की ही निगरानी होगी।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जासं, सिंदुरिया :सिंदुरिया की पुलिस ने रविवार को दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि बसंतपुर खुर्द निवासी सुकई व रामकिशोर न्यायालय से गंभीर धाराओं में वांछित हैं। रविवार उन्हें उनके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से जेल भेज दिए गए।

# लावारिस हालत में 25 बोरी यूरिया बरामद

जासं, नौतनवा: क्षेत्र के बरवाभोज गांव के करीब रविवार को पुलिस ने नौ बोरी यूरिया लावारिस हालत में बरामद किया। वहीं दूसरी तरफ सोनौली कोतवाली क्षेत्र के श्यामकाट गांव के पास से झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 15 बोरी यूरिया बरामद हुई, जिसको तस्कर नेपाल ले जाने के प्रयास में थे। सीओ आभा सिंह ने कहा कि बरामद उर्वरक को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम नौतनवा को सौंप दिया गया है।

# तिरंगा रैली निकाल दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**जासं, महराजगंज:** मेरी–माटी, मेरा देश अभियान के तहत रविवार को यातायात पुलिस ने तिरंगा रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। शहर में बाइक से भ्रमण कर पुलिसकर्मियों ने लोगों को यातायात नियमों के 0के पालन और उनसे होने वाले फायदे बताए।

पुलिस उपाधीक्षक निचलौल अनिरुद्ध कुमार ने नगर के मुख्य चौराहे पर यातायात जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि सड़क दुघर्टनाओं को कम करने के लिए सबसे जरूरी है, कि लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें। वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मी लोगों को जागरूक करते रहें। नियम के उल्लंघन पर कार्रवाई भी हो।

इसके बाद यातायात प्रभारी गुलाब यादव के नेतृत्व में हेलमेट लगाकर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने नगर के मुख्य चौराहा से रैली निकाली। बाइक पर पीछे बैठे यातायात पुलिस के सिपाही हाथ में तिरंगा झंडा लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। यातायात प्रभारी गुलाब यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रैली निकाली गई।



सक्सेना तिराहे पर तिरंगा रैली को रवाना करते पुलिस उपाधीक्षक अनिरुद्ध कुमार ● जागरण

# आठ बोटा साखू के साथ दो गिरफ्तार, जेल

हरिहरपुर : पकड़ी रेंज क्षेत्र के बेलवाकाजी गांव के चाफी टोला में रविवार की सुबह वनकर्मियों ने आठ बोटा साखू की लकड़ी के साथ दो आरोपितों श्यामसुंदर व बीरबहादुर निवासी बेलावाकाजी टोला चाफी को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध वन अधिनियम के त्तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। वन अधिकारी अनुराग आनंद ने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिला कि बेलवाकाजी गांव के चाफी टोला में कुछ लोग लकड़ियों को पिकअप पर लाद कर ले जाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर वन सुरक्षा की टीम सुब्रह तीन बजे मौके पर पहुंची और आठ बोटा साखू की लकड़ी के साथ दोनों को पकड़ा लिया। (जासं)

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-28-08-2023

रेलवे स्टेशन व अस्पताल गेट पर लगे पोस्टर पुलिस ने हटवाए


# सिसवा में विधायक की गुमशुदी के पोस्टर लगे

**खलबली**

सिसवा, हिन्दुस्तान संवाद। सिसवा कस्बे के रेलवे स्टेशन व अस्पताल गेट पर भाजपा विधायक प्रेमसागर पटेल के गुमशुदा होने के पोस्टर चस्पा किए गए हैं। पोस्टर सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए हैं। रविवार को लोगों में भी इसे लेकर कौतूहल और चर्चा रही। पुलिस ने पोस्टर हटवा दिए हैं। पार्टी के एक नेता ने इस मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

रविवार को सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों ने सिसवा रेलवे स्टेशन, अस्पताल गेट के पास दीवारों पर चस्पा सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल के लापता होने के पोस्टर देखे। इस पर लिखा था कि सिसवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमसागर पटेल सिसवा से लगभग 80 दिन से लापता हैं। काफी तलाश के बाद भी कहीं नहीं दिखे। निवेदक में समस्त सिसवा की सम्मानित जनता लिखा हुआ था।

पूर्वाह्न 11 बजते-बजते यह पोस्टर सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। साथ ही पूरे नगर में इसकी चर्चा फैल गई। इस मामले में नगर के भाजपा नेता चौधरी अरुण पटेल ने तत्काल कोठीभार थाने पहुंचकर एसओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सिसवा चौकी प्रभारी आरके सिंह ने पोस्टरों को हटवाया। प्रभारी निरीक्षक, कोठीभार सुनील राय ने बताया कि तहरीर मिली है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जो भी इनपुट सामने आएगा, उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध केस कर कार्रवाई की जाएगी।




सिसवा रेलवे स्टेशन पर रविवार को विधायक के गुमशुदा होने के पोस्टर लगने से खलबली मच गई।



भाजपा नेता अरुण पटेल ने रविवार को एसओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। • हिन्दुस्तान

■ **भाजपा नेता ने दी कोठीभार पुलिस को तहरीर, जांच में जुटी पुलिस**

" 105 विधायकों के साथ सतना में पार्टी के कार्यक्रम में हूं। पोस्टर के जरिए कुछ लोग भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। मुझे कोई दिक्कत नहीं है। इससे ज्यादा अभी कुछ नहीं कहूंगा। वापस लौटने के बाद मीडिया को अपना बयान दूंगा।

-प्रेमसागर पटेल, विधायक, सिसवा

" विधायक प्रेमसागर पटेल वर्तमान समय भोपाल में हैं। इस तरह का भ्रामक पोस्टर नगर में लगवाकर विधायक की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक प्रेमसागर पटेल के आवास पर प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम होता है। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

-चौधरी अरुण पटेल, भाजपा नेता/समाजसेवी

" तरह तरह का कृत्य बेहद निन्दनीय है। मामले की जांच कर इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

-संजय पांडेय, जिला संयोजक, भाजपा

# लावारिस पड़ी यूरिया पुलिस ने बरामद की

नौतनवा। नौतनवा क्षेत्र के गांव बरवाभोज के निकट से रविवार को पुलिस ने लावारिस हालत में पड़े 9 बोरा यूरिया खाद बरामद किया है। एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गस्त पर थी। इसी दौरान अवैध तरीके से ला रहे खाद को कुछ लोग छोड़कर भाग गए,पुलिस ने कब्जे में लेकर कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दिया है।

# घास काटने गई किशोरी घर नहीं लौटी, मुकदमा

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी शनिवार को घर से घास काटने गई और तभी से वापस नहीं लौटी। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में किशोरी को भगाए जाने के आरोप में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

किशोरी के पिता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि किशोरी शनिवार को अपराह्न तीन बजे प्रतिदिन की तरह मवेशियों को खिलाने के लिए घास काटने खेत की तरफ गई। उसके बाद वह वापस नहीं आई। काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आठ बोटा साखू के साथ दो गिरफ्तार

बागापार। वन विभाग की टीम ने रविवार को जगपुर प्रथम बीट अंतर्गत बेलवा चाफी में आठ अदद साखू के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन्हें पकड़ी वन रेंज ले गये, जहां उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। रेंजर अनुराग आनन्द ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रविवार को बेलवा चाफी के कुछ लोग जंगल से लकड़ी काट लाये हैं। पिकअप पर लाद कहीं बाहर भेजने की फिराक में है। रविवार करीब तीन बजे सुबह विभागीय टीम ने छापेमारी कर लोहा व वीरबहादुर के कब्जे से लकड़ियों को बरामद किया। टीम में वनकर्मी राजेश यादव, अमर, अनिल, शुकुल, बीट प्रभारी मोहन चौहान, बीट प्रभारी प्रेमसागर पटेल आदि रहे।

# जच्चा की मौत पर नाराज ग्रामीणों ने क्लीनिक घेरी

- चौक क्षेत्र के सेखुई चौराहे पर देर शाम की घटना, मौके पर पहुंची पुलिस
- डॉक्टर क्लीनिक छोड़कर मौके से फरार, परिजन कार्रवाई की कर रहे मांग

चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। चौक थाना क्षेत्र के सेखुई गांव की बीमार महिला की मौत के बाद रविवार की देर शाम गुस्साए परिजन व ग्रामीणों ने निजी चिकित्सक के क्लीनिक को घेर हंगामा शुरू कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर चौक व मिचलौल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टर क्लीनिक छोड़ फरार हो गया। परिजन डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। पुलिस अक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश में जुट गई।

चौक थाना क्षेत्र के सेखुई गांव की महिला रेनू पत्नी मुकेश (35) की चार दिन पहले गांव के एएनएम सेंटर में डिलीवरी हुई थी। प्रसव के बाद चिकित्सकों ने जच्चा व बच्चा को डिस्चार्ज कर घर भेज दिया। घर आने के बाद महिला की तबीयत खराब हो गई। सेखुई चौराहे पर परसौनी गांव का रहने वाला एक चिकित्सक क्लीनिक चलता है। परिजन इलाज के लिए महिला को उसके पास ले गए। दो दिन इलाज के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने शनिवार को महिला को कही और दिखाने को बोला। परिजन महिला को निचलौल व महराजगंज इलाज के लिए ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर रविवार की शाम को इलाज के लिए गोरखपुर ले जा रहे थे, लेकिन गोरखपुर पहुंचने के दौरान ही महिला की मौत हो गई।

# दो बच्चों के अपहरण की कोशिश, बच्चे सकुशल

- नौतनवा क्षेत्र के अड्डा बाजार का मामला
- दोनों बच्चे समोसा खाने चौराहे पर गए थे

अड्डा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवां थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार सम्पतिहां रोड पर स्थित भैसहियां चौराहे के पास रविवार की देर शाम दो नाबालिग बच्चों के अपहरण की कोशिश का मामला सामने आया है। बच्चे सकुशल मिल गए हैं।

बताया जा रहा है कि 12 वर्ष व 13 वर्ष के ये दोनों बच्चे समोसा खाने भैसहियां चौराहे पर गये थे। इसी दौरान एक चार पहिया गाड़ी में बैठे तीन लोगों ने एक बच्चे के मुंह पर रूमाल डालकर जबरन बैठा लिया। दूसरे बच्चे के शोर मचाने पर गाड़ी सवार लोगों ने उसको भी मारपीट कर गाडी में बैठा लिया और सम्पतिहां की ओर भागने लगे। चार पहिया वाहन का कुछ लोग पीछा किये और बच्चे गाडी में शोर मचाते रहे। नईकोट में लोग गाड़ी रोकने का प्रयास किये। इस दौरान गाड़ी सवार लोग नईकोट मोड़ पर दोनों बच्चों को छोड़कर भाग गये। स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों को सूचना दी गयी और बच्चों को सुपुर्द किया गया। अड्डा चौकी प्रभारी भूपेन्द्र सिह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों बच्चे सुरक्षित हैं।

# तस्करी के लिए डंप 15 बोरी यूरिया बरामद

**भगवानपुर।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर पुलिस ने रविवार को सीमा के श्यामकाट के पास झाड़ियों में छिपाकर तस्करी के लिए रखी 15 बोरी यूरिया को बरामद किया है। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि निरीक्षक अरुण कुमार चौकी प्रभारी भगवानपुर, उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह तथा कांस्टेबल ऋषि मुनि राय ने मुखबिर की सूचना पर यूरिया बरामद की। अग्रिम कार्रवाई के लिए यूरिया को नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दी गई है।

# हैंडपम्प चोर गिरफ्तार

**पुरंदरपुर।** रविवार को पुरंदरपुर एसओ पुरुषोत्तम राव के नेतृत्व में टीम ने रानीपुर-समरधीरा मार्ग पर सोहरवलिया कला निवासी स्वामीनाथ को पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने छह अदद चोरी का हैंडपम्प बरामद किया। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि आए दिन हैंडपम्प की चोरी की शिकायत मिल रही थी। चेकिंग के दौरान हैंडपम्प चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

# सर्फ कारोबारी के घर से नगदी व सामान चोरी

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र बाली गांव में किराए के मकान में शनिवार की रात में चोरों ने नगदी और कीमती सामान चुरा लिया। चोरी की घटना घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित अरशद अली निवासी कल्याणपुर पूर्वी चंपारण बिहार ने पुलिस पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह बाली गांव में एक किराये का मकान लेकर सर्फ का कारोबार करता है। रात को वह भोजन करने के बाद सो गया। चोर घर में रखा नगदी और सामान को उठा ले गए।

# विधायक की गुमशुदगी का पोस्टर चस्पा

## सिसवा कस्बे में करीब 10 से 15 स्थानों पर लगाए गए हैं पोस्टर, थाने में दी गई तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सिसवा कस्बे में विधायक प्रेम सागर पटेल की गुमशुदगी का फोटो चस्पा किया गया है। पोस्टर पर ''विधायक 80 दिनों से लापता हैं,'' लिखा गया है।

कस्बे में यह पोस्टर चर्चा का विषय बना है। शहर के लोग इस मसले पर कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं। विधायक के प्रति नाराजगी जाहिर करने वाले पोस्टर को किसने लगाया है, यहां कोई नहीं बना रहा है। सिसवा कस्बे में करीब 10 से 15 स्थानों पर ये पोस्टर लगाए गए हैं।




विधायक प्रेम सागर का पोस्टर।

सिसवा बाजार नगर पालिका क्षेत्र कई स्थानों पर ये पोस्टर चस्पा किए गए हैं। नगर के रेलवे स्टेशन, हॉस्पिटल, सबयां ढाला समेत अन्य स्थानों के पास गुमशुदा की तलाश का पोस्टर लगाया है, जिसपर लिखा गया है कि विधायक सिसवा से 80 दिनों से लापता हैं। काफी तलाश के बाद कहीं नहीं दिखे और निवेदक में सिसवा क्षेत्र की समस्त सम्मानित जनता लिखा गया है। रविवार सुबह को इसकी जानकारी होने पर आनन फानन कुछ स्थानों से पोस्टर हटवा दिए गए। विधायक प्रेमसागर पटेल ने बताया कि पार्टी के निर्देश के अनुसार मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार में जुटा हूं। सतना में चुनाव प्रचार कर रहा हूं। पोस्टर लगवाने वाले मेरा खुद प्रचार कर रहे हैं। अगर कोई खुद प्रचार कर रहा है तो क्या किया जाय। उधर, सिसवा कस्बे के वार्ड नंबर तीन के रहने वाले अरुण पटेल ने कोठीभार थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पोस्टर पर मुद्रक प्रकाशक का नाम तक अंकित नहीं है। यह पोस्टर लगवाने वाले ने बहुत सावधानी बरती है। विधायक हमेशा क्षेत्र में भ्रमण कर जनता की समस्या सुनते रहते हैं। विरोधियों ने साजिश के तहत उनकी छवि को खराब करने की कोशिश की गई, इसकी जांच कर कसूरवार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

कोठीभार थाने के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि पोस्टर लगाने का मामला संज्ञान में आया। जांच की जा रही है।

# वसूली का मास्टरमाइंड था निलंबित प्रव

## निलंबित सिपाही ही वसूली की रकम एआरटीओ तक पहुंचाता था, सितंबर 2021 में सामने आया

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** ओवरलोड ट्रकों से वसूली का मास्टर माइंड निलंबित प्रवर्तन सिपाही मान सिंह था। ओवरलोड ट्रक से वसूली के खेल में वह नया नहीं है। वसूली के धंधे का मामला जब 2021 में सामने आया था तो उस वक्त भी इसमें महराजगंज में तैनात निलंबित एआरटीओ में तैनात सिपाही मानसिंह का नाम सामने आया था।

आरोप लगा था कि उसी के जरिए वसूली की रकम एआरटीओ तक जाती थी। एसआईटी की जांच में 16 जिलों के एआरटीओ के नाम इस धंधे में सामने आया था, लेकिन प्रवर्तन दल के सिपाही मान सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

सूत्रों की मानें तो जेल में बंद




एआरटीओ और पीटीओ की गिरफ्तारी के बाद सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में दिखी चहल कदमी। संवाद

निलंबित सिपाही मान सिंह सितंबर 2021 में तब सुर्खियों में आया था, जब एसआईटी की जांच में 16 एआरटीओ फंसे थे। उस वक्त महराजगंज का नाम आते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया था।

इधर जिले में वसूली के खेल का पर्दाफाश होने पर भी मान सिंह फिर से फंस गया। बताया जा रहा है कि वसूली की पूरी रकम इन्हीं के भरोसे जाती थी। सूत्र बताते हैं कि प्रत्येक माह 20 लाख से ज्यादा की वसूली होती थी। एक तिहाई हिस्सा अधिकारी का होता था, शेष रकम में सभी का बंटवारा होता था। कार्यालय में प्रभाव की वजह से कोई मुंह नहीं खोलता था। अधिकारियों के जेल जाने के बाद अब कलई खुल रही है।

पीड़ित कुछ कहने की हिम्मत जुटा रहे हैं। वाहनों के कारोबार से जुड़े लोगों के कामकाज में मोटी रकम की वसूली की जाती थी। खासकर ट्रक व बसों से जुड़े काम में ज्यादा रकम की वसूली की जाती थी। बताया जाता है कि वसूली का मास्टरमाइंड निलंबित सिपाही था, उसी के जरिए वसूली का पूरा खाका बनाया जाता था। सूत्रों के अनुसार विभाग में निलंबित सिपाही की पैठ का अंदाजा इस बात से लगता है कि एआरटीओ के रहने में जो कमरा लिया ग बुकिंग निलंबित सिप पर हुई थी। अधिकारि से लेकर पूरी व्यवस्थ रहता था।

**निजी या किरा लेकर की जाती थी** ने बताया कि वसूली सरकारी गाड़ी का

### वसूली के दौरान सिविल ड्रेस में तैनात रहते थे कर्मी

वसूली के आरोप फंसने के बाद एआरटीओ समेत अन्य कर्मियों के काम के तरीकों की पोल खुल रही है। नौतनवां कस्बे सरोजनी नगर के रहने वाले बिरजू ने भी तहरीर देकर वसूली का आरोप लगाया था। बिरजू ने बताया कि हाईवे पर वसूली के दौरान कर्मी सादे ड्रेस में रहते थे। प्रवर्तन के सिपाही भी ज्यादातर ड्रेस में नहीं रहते थे। मामला बिगड़ने के बाद ड्रेस में प्रवर्तन के सिपाही सामने आते थे।

# सर्फ फैक्टरी में चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र एक गांव स्थिति सर्फ फैक्टरी में हुई चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित अरशद अली निवासी कल्याणपुर पूर्वी चंपारण बिहार ने पुलिस से बताया कि बाली गांव में एक किराए की मकान लेकर सर्फ का लघु उद्योग लगाया हुआ हूं। शनिवार रात में सुनसान पाकर चोर मकान में घुस गए। उसके बाद चोरों ने नकदी और सामान को उठा ले गए। संवाद

# आठ बोटा साखू के साथ दो गिरफ्तार

**महराजगंज।** वन विभाग की टीम ने रविवार को जगपुर प्रथम बीट के अंतर्गत बेलवाकाजी के चाफी टोला में आठ बोटा साखू की लकड़ी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों को वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पकड़ी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अनुराग आनंद ने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिली कि बेलवाकाजी के चाफी टोले के कुछ लोग जंगल से लकड़ी को पिकअप पर लादकर कहीं बाहर भेजने की फिराक में हैं। संवाद

# चारा लेने निकली किशोरी लापता, केस दर्ज

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को चारा लेने घर से निकली किशोरी लापता हो गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बेटी शनिवार शाम करीब 3 बजे मवेशियों के लिए चारा काटने घर से खेत की ओर निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी। उसका कही भी पता नहीं चल सका। निचलौल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज खोजबीन की जा रही है। संवाद

# 50 शीशी नेपाली शराब बरामद

**महराजगंज।** बरगदवां थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार की शाम एक महिला को 50 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष बरगदवा दिनेश कुमार ने दी। संवाद

# आपरेशन ब्रह्मास्त्र में पुलिस बदमाशों पर रखेगी निगरानी

**जासं, नौतनवा**: थाना सभागार में रविवार को पुलिस संवाद दिवस पर इंस्पेक्टर मनोज राय ने एडीजी जोन अखिल कुमार के आपरेशन ब्रह्मास्त्र से पेशेवर बदमाशों पर निगरानी रखने का तरीका पुलिसकर्मियों को बताया। कहा कि आपरेशन ब्रह्मास्त्र में पुलिस बदमाशों से संपर्क करेगी। सहमति पत्र भरवाने के बाद उनकी आनलाइन मानीटरिंग करेगी। थाने स्तर पर गठित टीम के पास चिह्नित बदमाश अपना रोज लाइव लोकेशन भेजेंगे। गूगल मैप से बदमाशों की निगरानी शुरू होने के बाद पुलिस अपराध छोड़ने वालों के घर नहीं जाएगी। सहमति पत्र देने वाले बदमाशों की ही निगरानी होगी।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जासं, सिंदुरिया :सिंदुरिया की पुलिस ने रविवार को दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि बसंतपुर खुर्द निवासी सुकई व रामकिशोर न्यायालय से गंभीर धाराओं में वांछित हैं। रविवार उन्हें उनके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से जेल भेज दिए गए।

# लावारिस हालत में 25 बोरी यूरिया बरामद

जासं, नौतनवा: क्षेत्र के बरवाभोज गांव के करीब रविवार को पुलिस ने नौ बोरी यूरिया लावारिस हालत में बरामद किया। वहीं दूसरी तरफ सोनौली कोतवाली क्षेत्र के श्यामकाट गांव के पास से झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 15 बोरी यूरिया बरामद हुई, जिसको तस्कर नेपाल ले जाने के प्रयास में थे। सीओ आभा सिंह ने कहा कि बरामद उर्वरक को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम नौतनवा को सौंप दिया गया है।

# तिरंगा रैली निकाल दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**जासं, महराजगंज**: मेरी–माटी, मेरा देश अभियान के तहत रविवार को यातायात पुलिस ने तिरंगा रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। शहर में बाइक से भ्रमण कर पुलिसकर्मियों ने लोगों को यातायात नियमों के 0के पालन और उनसे होने वाले फायदे बताए।

पुलिस उपाधीक्षक निचलौल अनिरुद्ध कुमार ने नगर के मुख्य चौराहे पर यातायात जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि सड़क दुघर्टनाओं को कम करने के लिए सबसे जरूरी है, कि लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें। वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मी लोगों को जागरूक करते रहें। नियम के उल्लंघन पर कार्रवाई भी हो।



सक्सेना तिराहे पर तिरंगा रैली को रवाना करते पुलिस उपाधीक्षक अनिरुद्ध कुमार • जागरण

इसके बाद यातायात प्रभारी गुलाब यादव के नेतृत्व में हेलमेट लगाकर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने नगर के मुख्य चौराहा से रैली निकाली। बाइक पर पीछे बैठे यातायात पुलिस के सिपाही हाथ में तिरंगा झंडा लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। यातायात प्रभारी गुलाब यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रैली निकाली गई।

# आठ बोटा साखू के साथ दो गिरफ्तार, जेल

हरिहरपुर : पकड़ी रेंज क्षेत्र के बेलवाकाजी गांव के चाफी टोला में रविवार की सुबह वनकर्मियों ने आठ बोटा साखू की लकड़ी के साथ दो आरोपितों श्यामसुंदर व बीरबहादुर निवासी बेलावाकाजी टोला चाफी को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। वन अधिकारी अनुराग आनंद ने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिला कि बेलवाकाजी गांव के चाफी टोला में कुछ लोग लकड़ियों को पिकअप पर लाद कर ले जाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर वन सुरक्षा की टीम सुबह तीन बजे मौके पर पहुंची और आठ बोटा साखू की लकड़ी के साथ दोनों को पकड़ा लिया। (जासं)

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-08-2023

# पहली पत्नी को घर से निकाला, की दूसरी शादी

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई करते हुए घर से निकाल दिया तथा पति द्वारा दूसरी शादी कर ली गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज किया है। हर्रैया थाने पर पहुंचकर पुलिस को पूनम पुत्री संतराम हाल मुकाम फरेन्दा जागीर ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी 12 वर्ष पूर्व नन्दलाल पुत्र सियाराम निवासी मेहावर पोखर थाना छपिया जनपद गोण्डा के साथ हुई थी। जिससे दो बच्चे अर्पिता (8) व अराध्या (4) है। लेकिन पति द्वारा उसे दहेज की मांग को लेकर आये दिन प्रताड़ित करता रहा है। तथा मांग पूरी न होने पर उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया और दूसरी शादी कर ली। मामले में पुलिस ने आरोपी पति नन्दलाल पुत्र सियाराम, देवर रोहित, मोहनलाल पुत्रगण सियाराम, सास तथा ननद सुनीता शर्मा पुत्री सियाराम निवासीगण मेहावर पोखर थाना छपिया जनपद गोण्डा के विरूद्ध धारा 494, 498ए, 323 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा ने बजायी घंटी

**बस्ती (एसएनबी)।** अटेवा पेंशन बहाली मंच द्वारा पूरेदेश में पुरानी पेंशन




प्रदर्शन करते अटेवा पेन्शन बहाली मंच केपदाधिकारीगण।

बहाली हेतु सांसदों के द्वार घंटी बजाओ अभियान के क्रम में अटेवा के बैनर तले शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सांसद हरीश द्विवेदी के आवास तेलियाजोत पहुंचकर घंटी बजाकर अपनी पुरानी पेंशन की पुरजोर मांग की। सदन में पुरानी पेंशन के मुद्दे को उठाने तथा उसे लागू करवाने से संबंधित ज्ञापन को सौंपा। अभियान की अगुवाई कर रहे अटेवा के जिला संयोजक तौआब अली ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे से जुड़ा हुआ बेहद संवेदनशील मुद्दा है। लगभग एक करोड़ शिक्षकों कर्मचारियों का भविष्य अंधकार में है । सरकार को उनकी सुधि लेनी चाहिए और पुरानी पेंशन अविलम्ब बहाल कर देनी चाहिए। मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी ने कहा कि जब नेताओं को तीन-तीन, चार-चार पेंशन दी जा सकती है तो कर्मचारियों को क्यों नहीं शेयर बाजार वाली नई पेंशन स्कीम हम पर लादी जा रही है। जिला महामंत्री विजय नाथ तिवारी ने कहा कि यदि सरकार इस मुद्दे पर कोई कदम नहीं उठाती है तो शिक्षक कर्मचारी 1 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में पुरानी पेंशन बहाली हेतु हुंकार भरेंगे। संरक्षक प्रमोद ओझा ,बृजेश वर्मा व देवेंद्र तिवारी ने एनपीएस को झुनझुना बताते हुए कहा कि एनपीएस या इसमें संशोधन कर्मचारियों को हरगिज स्वीकार नहीं है , हमें हूबहू पुरानी पेंशन चाहिए ।इस अवसर पर नीरज वर्मा तथा कोषाध्यक्ष अमरचंद सुनील मौर्य, अमरनाथ ,अनीस अहमद, राहुल उपाध्याय, श्रीनाथ ,सुरेन्द्र यादव, विनोद प्रकाश वर्मा, शैलेंद्र सिंह, संतोष यादव, कैलाश नाथ ,राकेश सिंह, जितेंद्र वरुण, संतोष शुक्ला जावेद इकबाल बृजेश कुमार ,मनीष प्रकाश मिश्रा, फूलचंद, हरीसिंह, महेन्द्र गौंड़,सलाम ,सिकन्दर ,अर्जुन प्रसाद ,गुलाम अशरफ ,सुखराज गुप्ता ,प्रमोद वर्मा, अब्दुल कलाम, पप्पू सक्सेना ,वासुदेव ,राजेश यादव ,लाल जी वर्मा ,शंभू नाथ, कमलेश वर्मा ,दिनेश चौहान, अजय चौधरी, अवधेश कुमार, प्रभाकर पटेल ,देवेंद्र वर्मा, राज नारायण तिवारी, सत्य प्रकाश,भरत राम, पंच बहादुर यादव ,दिनेश , डीएन विश्वकर्मा, अर्जुन प्रसाद भारती आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हेराफेरी कर जमीन हड़पने का प्रयास, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कागजोंमें हेराफेरी कर अभियुक्तों ने जमीन को हड़पने का प्रयास किया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पर लिखित तहरीर देकर अजय कुमार मिश्रा पुत्र बुद्धिसागर मिश्रा निवासी जगदीशपुर थाना मुण्डेरवा ने बताया कि रजिस्ट्री कार्यालय में अभियुक्त श्रवण कुमार तथा कुछ अन्य लोगो ने उसके चाचा व चाची के नाम से दर्ज जमीन पर कब्जा करने की नियत से मूल कागजो में हेराफेरी किया गया तथा जोखन पुत्र भगवानपुर निवासी भैसा का पुराना मकान भी लगत प्रविष्टि कराया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार पुत्र जोखन निवासी भैसा पाण्डेय थाना मुण्डेरवा तथा अन्य कई अज्ञात के विरूद्ध धारा 419, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बकरी खेत में चली जाने पर पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** घास चरने के दौरान बकरी खेत के पास चली जाने पर आरोपियों ने एक महिला को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया हैं। मुण्डेरवा थानान्तर्गत खन्ता गांव की रहने वाली संजनी गांव के बाहर बगीचे में बकरी चरा रही थी। बकरी चरते-चरते ओम प्रकाश चौधरी के खेत के पास चली गयी, इसी बात को लेकर ओम प्रकाश तथा उसके परिवार के अन्य लोगो ने संजनी को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता संजनी पत्नी महेन्द्र कुमार ग्राम खन्ता ससना थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश चौधरी पुत्र जयश्राम चौधरी, परसुराम चौधरी पुत्र जयश्राम चौधरी, रमाकान्त चौधरी पुत्र परसुराम निवासीगण खन्ता ससना थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी व 3(1)द ध व 3 (2) (5ए) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहला फुसला कर किशोरी को भगाया

**बस्ती (एसएनबी)।** शादी के झांसा में बहला फुसला कर आरोपी एक किशोरी को अपने साथ भगा ले गया। इस सम्बन्ध में किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थाने पर लिखित तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को आरोपी विनय ने शादी का झांसा देकर तथा बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी विनय पुत्र सोमई निवासी सलेमपुर कुवँर थाना परसरामपुर के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अलग अलग मार्ग दुर्घटना में दो की मौत, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** अलग अलग हुए मार्ग दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतकोंके परिजनों की शिकायत पर मुकामी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।हर्रैया थानान्तर्गत उमरिया गोप्तार निवासी सदल गौड़ पुत्र गोली अपनी पत्नी विद्या देवी को लेकर हर्रैया बाजार जा रहे थे। अभी वह थाना क्षेत्र के भदासी के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार मोटरसाईकिल संख्या यूपी 51 एजेड/ 3414 के चालक ने उन्हेंठोकर मार दिया। जिससे सदल गौड़ की मौत हो गयी और पत्नी विद्या देवी गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी।

मामले में मृतक के पुत्र लवकुश पुत्र सदल गौड़ निवासी उमरिया गोप्तार सिंह थाना हर्रैया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 338, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार से एक अन्य समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के पाठक पुरवा के पास अवधूत गांव निवासी रामरूप की मोटर साइकिल संख्या यूपी 51 एएल/ 3108 में बोलोरो जीप संख्या यूपी 72 एम/ 4001 के चालक ने गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिससे रामरूप गम्भीर रूप से जख्मी हो गये और उपचार के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गयी।

मामले में मृतक के पुत्र शिवाकान्त पुत्र रामरुप निवासी अवधूत नगर थाना दुबौलिया की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 338, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# तमंचा और कारतूस बरामद, युवक धराया



**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था के निमित्त भ्रमण में निकले थानाध्यक्ष रामदेव व उनकी टीम द्वारा एक अदद अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए यायालय भेज दिया है। 27 अगस्त को थाना वाल्टरगंज थानाध्यक्ष राम देव मय पुलिस टीम के देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन में भ्रमणशील थे कि मुखबिर खास सूचना मिली कि एक व्यक्ति पंचदेवरी की तरफ से आ रहा है उसके पास अवैध असलहा है। इस सूचना पुलिस तत्काल हरकत में आ गई और सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पंचदेवरी रोड पर ईट भट्ठे के पास पहुचा गई वहां पर एक व्यक्ति पंचदेवरी की तरफ से आते दिखाई दिया जैसे पुलिस वालो पर उसकी नजर पड़ी तो वह व्यक्ति मझौवामीर जाने वाले रोड पर मुड़ गया । जैसे पुलिस वाले गाड़ी सहित उसके पास पहुचे तभी व संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा कि हमराही कर्मचारीगण द्वारा दौड़ा कर 30- 40 कदम जाते जाते पकड़ लिया गया पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम इम्तियाज उर्फ बोकर उर्फ अरमान मकबुल अहमद निवासी मझौवामीर थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती बताया। अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 219/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष राम देव थाना वाल्टरगंज ,उपनिरीक्षक देवी शरण यादव,विनोद यादव , का. सलमान शाह,का. मुकेश साहनी शामिल रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि अभियुक्त को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है और विधि कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है।

# भगवान झूलेलाल की धूमधाम से मनाई जयंती



रविवार को झूलेलाल जुलूस में डांडिया खेलती महिलाएं।

बस्ती, निज संवाददाता। झूलेलाल जयंती के अवसर पर रविवार को सिंधी समाज की ओर से शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल भगवान झूलेलाल की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। भक्तिगीतों पर श्रद्धालु रास्ते भर थिरकते रहे। आयो लाल, झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए भक्तगण आगे बढ़ रहे थे। देर रात कुआनों के अमहट घाट पर मूर्ति का विसर्जन किया गया।

पुरानी बस्ती स्थित मंगलबाजार सिंधी धर्मशाला से शाम पांच बजे जुलूस कार्यक्रम शुरू हुआ। जुलूस करूआबाबा सुर्तीहट्टा होते हुए पुनः मंगल बाजार, दक्षिण दरवाजा पहुंचा। यहां जुलूस का स्वागत और शर्बत पिलाया गया। यहां से झांकी/जुलूस रोडवेज तिराहा व गांधीनगर होते हुए अमहट घाट पहुंचा। जुलूस के साथ ऊंट व आकर्षण की अन्य चीजे थीं। महिलाएं गीत की धुन पर डांडिया खेल रही थी। जुलूस में शामिल डीजे पर भक्तिगीत की आवाज गूंज रही थी। जगह-जगह पर जुलूस को रोक कर पूजन-अर्चन किया जा रहा था। इससे पहले दिन में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया।

गोरखपुर से आए भजन कलाकार साईं रविदास ने भजन-कीर्तन किया। भजन-कीर्तन का समापन पल्लव के साथ किया गया। इस दौरान मुखी पुरुषोत्तम दास, भगवान दास पहुजानी, पंकज फतवानी, सचिन अहूजा, अनिल खिलयानी, शेखर सावलानी, कमल सावलानी, करोड़ीमल, विश्वनाथ विश्नानी, हीरालाल, द्वारिका प्रसाद, रिंकी सावलानी, त्रिलोक सावलानी, राजेश सावलानी, कमल सावलानी, हेमंत सावलानी, सुशील सावलानी, विमल सावलानी रहे।

# सांसद आवास पर घंटी बजाकर उठाई पुरानी पेंशन की मांग



तेलियाडीह स्थित सांसद आवास पर रविवार को उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते अटेवा पेंशन बहाली मंच के तले शिक्षक व कर्मचारी।

बस्ती, निज संवाददाता। अटेवा पेंशन बहाली मंच ने रविवार को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 'सांसदों के द्वार घंटी बजाओ' अभियान के सांसद हरीश द्विवेदी के तेलियाडीह स्थित आवास पहुंचे। अटेवा के बैनर तले शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सदन में पुरानी पेंशन के मुद्दे को उठाने और उसे लागू करवाने से संबंधित ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद शुक्ल को सौंपा।

# पुलिस ने दर्ज किया फ्रॉड का मुकदमा

बस्ती। न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुए फ्राड के मुकदमें के संबंध में मुंडेरवा थानाक्षेत्र के जगदीशपुर निवासी अजय कुमार मिश्रा ने तहरीर दी है। उन्होंने मुंडेरवा थानाक्षेत्र के भैंसा पांडेय गांव निवासी श्रवण कुमार समेत कई अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया। बताया कि उसके पिता व चाची के नाम दर्ज जमीन कब्जा करने के लिए धोखे से गलत प्रविष्टि करा लिया है।

# तमंचे के साथ एक अभियुक्त दबोचा

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने एक अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद कारतूस के साथ मझौवामीर निवासी इम्तियाज उर्फ बोकर उर्फ अरमान को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम पंचदेवरी रोड पर ईंट भट्ठे के पास से अभियुक्त को अरेस्ट कर आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया।

# दहेज उत्पीड़न में पांच ससुरालियों पर केस

साऊंघाट। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पुरैना गांव निवासनी नूवायदा खातून ने अपने पति, सास, ननद, जेठ व ससुर पर मारने, पीटने, घर में कैद रखने के साथ ही दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर ससुर मो. अली, पति इबादुर्रहमान, सास निशां खातून, जेठ सैदुर्रहमान व ननद सन्नो को नामजद कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

# चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने किशोर को धुना

कप्तानगंज। क्षेत्र के गढहा गौतम गांव के किराने की एक दुकान में चोरी कर भागते समय एक किशोर ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। जिसकी ग्रामीणों ने धुनाई कर दी। उपचार के लिए उसे सीएचसी कप्तानगंज ले गए। वहां से मौका पाते ही किशोर भाग निकला।

# किशोरी के अपहरण का केस

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने शादी की नीयत से किशोरी को भगा ले जाने के मामले में केस दर्ज किया है। किशोरी की मां नेआरोप लगाया कि 23 जुलाई को उसकी पुत्री को गांव का विनय शादी का झांसा देकर भगा ले गया।

# बकरी चराने को लेकर मारपीट

बस्ती। मुण्डेरवा थाने के खंता ससना गांव में खेत में बकरी चले जाने को लेकर दो लोगों में मारपीट हो गई। इस संबंध में संजनी ने तहरीर देकर बताया कि वह बकरी चराने गई थी। गांव के बाहर बगीचे से बकरी आरोपी के खेत में चली गई।

## मौके पर पहुंचे डीएफओ ने पदचिह्नों की फोटोग्राफी कराई

# जानवर के पदचिह्नों ने उड़ाई ग्रामीणों की नींद

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। जंगली जानवर के हमले से मौत का शिकार हुए मनौव्वर हुसैन की मौत को लेकर क्षेत्र में दहशत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जगह-जगह जंगली जानवर के पदचिह्न मिलने की सूचना को लेकर वन विभाग की टीम हलकान है। वन विभाग की टीम ने तीसरे दिन घटना स्थल के आसपास सर्च अभियान जारी रखा। डीएफओ नवीन कुमार शाक्य ने जानवर के पदचिह्न की पहचान के लिए मौके पर पहुंचे और उससे संबंधित रिकार्ड जुटाया।



रविवार को पदचिह्न की पहचान करते डीएफओ डॉ. नवीन शाक्य व टीम। ● हिन्दुस्तान

जंगली जानवर के हमले में बुजुर्ग की मौत के तीसरे दिन रविवार सुबह होते ही गौर गांव से जंगली जानवर के पदचिह्न मिलने की सूचना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। इसके बाद मेहदिया खड्ग बहादुर शाही से वन विभाग को सूचना दी गई कि यहां भी जंगली जानवर का पदचिह्न मिला है। डीएफओ बस्ती नवीन शाक्य व क्षेत्रीय वन अधिकारी रामनगर रेंज सोनल वर्मा की टीम तीसरे दिन पीड़ित परिवार से मिली और जरुरी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इसके बाद टीम जंगली जानवर के पदचिह्न मिलने वाले स्थानों का निरीक्षण किया। पदचिह्न की फोटोग्राफी कराकर जांच के लिए एक्सपर्ट को भेजा। सोनल वर्मा के नेतृत्व में टीम ने घटना स्थल के आसपास खेतों व बाग में सर्च अभियान चलाया।

काफी मशक्कत के बाद भी वन विभाग के हाथ जंगली जानवर के कोई साक्ष्य नहीं मिले। डीएफओ बस्ती नवीन शाक्य ने बताया कि ग्रामीणों में दहशत है। इसलिए रात के अंधेरे में दिखने वाले हर जानवर को लोग जंगली जानवर समझ ले रहे हैं। एहतियात के तौर पर वन विभाग की टीम घटना स्थल से लेकर क्षेत्र में कैम्प कर रही है। यदि कभी जंगली जानवर दिखे तो फोटोग्राफी करने का प्रयास करें। 72 घंटे बीतने के बाद भी जंगली जानवर का मल नहीं मिला है। जंगली जानवर के भोजन करने के भी निशान नहीं मिले हैं। भोजन के लिए उसने किसी अन्य जीव आदि का शिकार नहीं किया है। ऐसे में लगता है कि यहां पर जंगली जानवर नहीं है।

# राज्यपाल के आगमन को लेकर बनाए गए नोडल अधिकारी



कलक्ट्रेट सभागार में राज्यपाल के बस्ती आगमन को लेकर रविवार को तैयारी बैठक को संबोधित करतीं डीएम प्रियंका निरंजन।

**बस्ती, निज संवाददाता।** राज्यपाल के बस्ती आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दिया है। पुलिस लाइन, मेडिकल कॉलेज, कलक्ट्रेट सभागर, लेदवा, संकुश अस्पताल सोनूपार में उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है। इन जगहों पर आने-जाने के रास्ते, कार्यक्रम, मंच, साउंड, प्रदर्शनी, योजनाओं आदि को लेकर तैयारियों को पूरा करने का निर्देश डीएम ने दिया है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कर निर्धारित कार्यक्रमों के नोडल नामित किए हैं।

कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल का हेलीकाप्टर पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरेगा। पीडब्लूडी के अधिकारियों को निरीक्षण कर मरम्मत आदि के कार्य को एक अगस्त तक पूरा करना है। ग्राम लेदवा स्थित अमृत सरोवर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक शौचालय एवं अमृत वाटिका का समय-समय पर अधिकारी निरीक्षण कर व्यवस्था में आने वाली खामियों को दूर करने का काम करेंगे। पोषण किट, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत के पांच-पांच लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व कार्ड वितरण बांटा जाएगा। युवा कल्याण विभाग से पांच महिला मंगल दलों को किट का वितरण, मुद्रा लोन, एनआरएलएम के पांच-पांच लाभार्थियों को सीसीएल चेक दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा, बाल विकास पुष्टाहार, बैंकर्स, आयुष्मान भारत, एनआरएलएम विभाग का विभागीय स्टाल लेदवा में लगेगा। लेदवा में मेडिकल हेल्थ कैम्प अवश्य लगाया जाएगा। इस कार्य के लिए सीएमओ को नोडल नामित किया गया है। बैठक में डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम कमलेश चंद, सीआरओ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, सभी एसडीएम व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**मेडिकल कॉलेज के कैली अस्पताल में साफ-सफाई का निर्देश:** सीएमएस कैली को निर्देश दिया गया कि परिसर की विधिवत साफ-सफाई करावें। निरीक्षण के लिए महिला और चिल्ड्रेन वार्ड व्यवस्थित करा लें।

# दहेज प्रताड़ना में छह नामजद

बस्ती। हरैया थाना क्षेत्र की फरेंदा जागीर गांव की रहने वाली पूनम ने पति, सास, ससुर व देवर समेत छह के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न करने व पति पर दूसरी महिला के साथ शादी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित विवाहता की तहरीर पर जनपद गोंडा के छपिया थानांतर्गत मेहावर पोखर निवासी पति नंदलाल, ससुर सियाराम, देवर रोहित, मोहनलाल, ननद सुनीता व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना आरंभ कर दी है।

# बुजुर्ग की मौत मामले में चालक पर केस

हर्रैया। बभनान-हर्रैया मार्ग पर स्थित पाठक पुरवा गांव के पास सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया थाना क्षेत्र के अवधूत नगर निवासी शिवाकांत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता रामरूप और माता जानकी देवी 16 अगस्त को बाइक से पैकोलिया थाना क्षेत्र के धुसवा गांव में जा रहे थे। हर्रैया बभनान मार्ग पर पाठक पुरवा गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में ठोकर मार दिया। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी हर्रैया लाया गया। जहां से जिला चिकित्सालय बस्ती रेफर कर दिया। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई।

# गैंगस्टर के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

कप्तानगंज। गैंगस्टर के आरोपी पर पुलिस ने शिंकजा कसना शुरु कर दिया है। नगर थाने में दर्ज गैंगस्टर के मामले में अभियुक्त पिछले 11 महीने से फरार है। संतकबीरनगर के दुधारा थानांतर्गत साफियाबाद निवासी मेराज पुत्र बल्लम के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रविवार को कुर्की की नोटिस चस्पा कर दी। कप्तानगंज पुलिस की टीम आरोपी के गांव में पहुंच डुग्गी मुनादी करा कर नोटिस चस्पा की।

गौर पुलिस ने दो पशु तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। विवेचना में छह अन्य लोगों का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने इस मामले 18 सितंबर 22 को गैंगस्टर एक्ट के तहत सभी पर कार्रवाई की थी। इसकी विवेचना कप्तानगंज पुलिस की ओर से की जा रही है। इसमें सात आरोपियों को जेल भेजा चुका है। लेकिन मेराज पिछले 11 माह से वांछित है।

उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके ठिकाने पर दबिश दी गई लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी। थानेदार रोहित उपाध्याय के बताया कि गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे मेराज के विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया कोर्ट के आदेश पर शुरु कर दी गई है।

# कुशमैनी व माझा मानपुर में दिखा तेंदुए जैसा जंगली जानवर

**बभनान।** जंगली जानवर के हमले में मनौव्वर हुसैन की मौत के तीन दिन बाद भी सुराग नहीं लगा है। ग्रामीणों का दावा है कि बीती रात तेंदूए जैसा जंगली जानवर कुशमैनी व माझा मानपुर गांव में देखा गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने आसपास के गन्ने के खेत व बाग में सर्च अभियान चलाया।

गौर थाना क्षेत्र का मेहदिया रामदत्त गांव 25 अगस्त को उस समय सुर्खियों में आया जब जंगली जानवर के हमले से गांव निवासी मनौव्वर हुसैन की मौत होने की सूचना फैली। गौर थाना क्षेत्र के माझा मानपुर गांव निवासी संत कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार की रात नौ बजे अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे। इसी बीच विचित्र जंगली जानवर ने दौड़ा लिया। तेज हार्न व गुहार करते हुए घर की ओर भागे लेकिन जंगली जानवर घर के पास तक आया। रोशनी व लोगों की आवाज सुनकर लौट गया। रविवार की सुबह खेत में सब्जी तोड़ने जाते समय फिर दिखाई दिया। तब से ग्रामीण उस तरफ जाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

कुशमैनी गांव निवासी हनुमान व हनुमान की पत्नी नीलम ने बताया कि बभनान-हलुआ सड़क मार्ग पर उनका घर है। रात में एक बजे सांड को हांकने के लिए उठे तो लम्बा चौड़ा व बड़ी पूंछ वाला जंगली जानवर दिखाई दिया। वह धीरे धीरे उत्तर दिशा में जा रहा था। यहां तक की जंगली जानवर को देखते ही कुत्ते भौंकना बन्द कर दिए।

सूचना पर वन दरोगा गौर हरिओम पाण्डेय टीम के साथ पहुंचे और आसपास गन्ने के खेत में सर्च अभियान चलाया। यहां वन विभाग के हाथ पदचिह्न के अलावा कुछ नहीं मिला।

# नपं चेयरमैन धीरसेन पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्ती।** नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन धीरसेन निषाद समेत दो लोगो के खिलाफ एक महिला में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है।

रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है कि जीविकों पार्जन का साधन न होने के कारण वो नौकरी की तलाश में थी। एक महिला के जरिए वो नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली धीरसेन निषाद पुत्र मुख लाल निषाद से मिली थी। पहली बार वो उसी महिला के साथ मई 2021 में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद से मिली थी। चेयरमैन ने नौकरी देने की बात कही और मुझे एकांत में ले जाकर कहा कि तुम्हें मेरी बात माननी पड़ेगी। इस तरह नौकरी देने का झांसा देकर कभी गौशाला रुधौली तो कभी नगर पंचायत कार्यालय के बगल कमरे में ले जाकर बलात्कार करते रहे। इसके बाद मुझे सफाई कर्मी की नौकरी अगस्त 2022 में दे दी। पीड़ित महिला ने चार दिन पहले आईजी से मिलकर इसकी शिकायत की थी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश ने बताया चेयरमैन धीरसेन और एक महिला के विरुद्ध दुष्कर्म और एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया गया है। अध्यक्ष धीर सेन निषाद ने बताया कि इस तरह की कोई बात नहीं है । आरोप लगाने वाली महिला चार वर्षों से नगर पंचायत में कार्यरत है । मुझे राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फसाया जा रहा है।

# चीनी मिल बचाओ संयुक्त संघर्ष समिति का धरना 30 को

**बस्ती**: चीनी मिल बचाओ संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मंडलायुक्त कार्यालय पर 30 अगस्त को धरना दिया जाएगा। संयोजक रमेश कुमार सिंह ने कहा कि धरना के बाद श्रमिक प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपेंगे। (विज्ञप्ति)

# चोरी की घटनाएं बढ़ीं, पुलिस की सक्रियता पर उठे सवाल

## चोरी की घटनाओं का लेखा जोखा, अगस्त में हो चुकी हैं चोरी की 13 घटनाएं, हाथ मलती रह गई पुलिस

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** चोरी की तावड़तोड़ घटनाओं से पुलिस की सक्रियता सवालों के घेरे में है। अगस्त में हरैंया, सोनहा, छावनी, लालगंज, कोतवाली, पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र में चोरी की 13 बड़ी घटनाएं हुईं और पुलिस हाथ मलती रह गई। बहरहाल इन घटनाओं ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है।

पांच अगस्त को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के नवीन गल्ला मंडी एक व्यवसायी के गोदाम से 30 बोरी गल्ला चोरी हो गया। इसी रात कप्तानगंज थाने के विशुनपुरा गांव निवासी विशाला उपाध्याय के मकान में खिड़की तोड़ दाखिल हुए चोरों ने इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी टीवी और कपड़े चुरा लिए। वहीं 10 से 15 अगस्त के बीच चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के डड़वा गांव में बंद पड़े सतीश चंद्र श्रीवास्तव के घर को निशाना बना लिया। उनके घर से चोरों ने नकदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। 12 अगस्त की रात सोनहा थाने के परसा खाल गांव में चोरों ने दो घरों से 59 हजार रुपये नकदी चुरा लिए। लोग अभी इस घटना को भूल पाते कि 17/18 अगस्त की रात 12.30 बजे छावनी थाने के टिकरिया गांव निवासी अधिवक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह के घर से चोरों ने 20 हजार रुपये नकद व जेवर उड़ा दिए। 18 अगस्त की रात को ही लालगंज थाने के देईसांड़ निवासी लक्ष्मिन के घर से चोरों ने सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। चोरी का यह सिलसिला 19 अगस्त को भी जारी रहा। सोनहा थाने के अमरौली शुमाली ग्राम पंचायत के टोला रामनगर में गौरव सिंह के मकान के तीन कमरों का ताला तोड़कर चोर एक लाख रुपये नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। 20 अगस्त को चोरों ने परशुरामपुर थाने के सेहरिया गांव में गिरजावती देवी के मकान को निशाना बनाया, वहां से चोरों ने सोने चांदी का जेवर उड़ा दिया। 21 अगस्त को लालगंज थाने के कल्याणपुर गांव में सोहरत के मकान की दीवार काटकर चोरों ने घर से छह हजार रुपये नकदी और जेवर चोरी कर लिया। 22 अगस्त की रात में सोनहा थाने के औड़ जंगल गांव में अर्चना देवी के मकान से चोरों ने 25 हजार रुपये नकदी और जेवर उड़ा दिए। पुरानी बस्ती पुलिस ने ट्रक चोरी के मामले का तो पर्दाफाश कर दिया, मगर नवीन गल्ला मंडी से अनाज चोरी की घटना में उसे सफलता अभी तक नहीं मिली है।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि यह सही है कि जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, पुलिस इन घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर घटना के पर्दाफाश में लगी हुई है। इस माह में घटित अन्य घटनाओं का पर्दाफाश करने और चोरों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के साथ ही स्वाट व एसओजी की टीमें में लगी हुई हैं।

### थानावार चोरी की घटनाएं

| | |
|---|---|
| सोनहा | 03 |
| लालगंज | 02 |
| पुरानी बस्त | 02 |
| छावनी | 1 |
| कोतवाली | 1 |
| दुबौलिया | 1 |
| हरैंया | 1 |
| परशुरामुपर | 1 |
| कप्तानगंज | 1 |

### चोरों ने महिला व बच्चों पर किया था हमला

हरैंया थाने के बेलभरिया गांव में 21 अगस्त की देर रात चोरों ने विट्टन पत्नी बजरंगी के घर घुसकर जमकर तांडव मचाया। चोरों ने विट्टन और दो बच्चों पर लोहे के राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर जेवर छीनकर फरार हो गए। मामले में पुलिस की भूमिका अभी मुकदमा दर्ज करने तक सिमटी है।

# अज्ञात बोलेरो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, हरैंया, बस्ती** : हरैंया थाना क्षेत्र के हरैंया बभनान मार्ग पर पाठक पुरवा के पास सड़क हादसे में घायल बाइक चालक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

दुबौलिया थाना क्षेत्र के अवधूत नगर निवासी शिवाकांत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद उनकी माता जानकी देवी को 16 अगस्त की शाम बाइक पर बैठाकर पैकोलिया थाना क्षेत्र के धुसवा गांव में जा रहे थे। हरैंया बभनान मार्ग पर पाठक पुरवा गांव के पास पहुंचते ही एक बोलेरो ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दिया।

जिससे बाइक से उसके माता-पिता गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायलों को सीएचसी हरैंया पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने रामरूप की हालत नाज़ुक देख जिला चिकित्सालय बस्ती रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# उत्पीड़न में छह नामजद

बस्ती : हरैया पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत छ्ह ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फरेंदा जागीर निवासी पूनम ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी लगभग 12 वर्ष पहले नन्दलाल निवासी मेहावर पोखर थाना छपिया जनपद गोण्डा के साथ हुई थी। जिनसे दो बच्चे अर्पिता व आराध्या है। ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। बाद में उसे घर से निकाल दिया और पति नन्दलाल ने दूसरी शादी कर ली। पुलिस ने नन्दलाल, रोहित, मोहन लाल, रोहित, सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# पेंशन बहाली को लेकर सांसद के घर बजाई घंटी




सांसद हरीश द्विवेदी के आवास पर ज्ञापन देने पहुंचे अटेवा के पदाधिकारी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** अटेवा पेंशन बहाली मंच के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए रविवार को शिक्षक सांसद के द्वार घंटी बजाओ अभियान के तहत सांसद हरीश द्विवेदी के तेलियाजोत स्थित आवास पर पहुंचे। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सांसद के घर घंटी बजाकर पुरानी पेंशन की पुरजोर मांग की। सदन में पुरानी पेंशन के मुद्दे को उठाने तथा लागू करवाने के लिए सांसद को संबोधित ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्ल को सौंपा।

अटेवा के जिला संयोजक तौआब अली ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। सरकार को उनकी सुधि लेनी चाहिए और पुरानी पेंशन अविलंब बहाल कर देनी चाहिए। मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी ने कहा कि जब नेताओं को तीन-तीन, चार-चार पेंशन दी जा सकती है तो कर्मचारियों को क्यों नहीं। जिला महामंत्री विजय नाथ तिवारी ने कहा कि यदि सरकार इस मुद्दे पर कोई कदम नहीं उठाती है तो शिक्षक व कर्मचारी एक अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुंकार भरेंगे। संरक्षक प्रमोद ओझा, बृजेश वर्मा, देवेंद्र तिवारी, नीरज वर्मा, अमरचंद वर्मा, विजेन्द्र वर्मा, ध्रुव नारायण, अजय वर्मा ने एनपीएस को झुनझुना बताते हुए कहा कि एनपीएस या इसमें संशोधन कर्मचारियों को हरगिज स्वीकार नहीं है। कहा कि पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक हक है। शिक्षक और कर्मचारियों का संगठन इस लड़ाई में अटेवा के साथ पूरी ताकत से खड़ा रहेगा।

सुनील मौर्य, अमरनाथ, अनीस अहमद, राहुल उपाध्याय, श्रीनाथ, सुरेंद्र यादव, विनोद प्रकाश वर्मा, शैलेंद्र सिंह, संतोष यादव, कैलाश नाथ, राकेश सिंह, जितेंद्र वरुण, संतोष शुक्ला, विवेक कांत पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में मुकदमा

जासं, पुरानी, वस्ती : दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न करने के मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सोनहटी बुजुर्ग निवासी नूवायदा खातून ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 2022 में पुरैना निवासी इबादुरहमान से हुई थी। वह लोग दहेज के लिए उत्पीड़न करने लगे। पुलिस ने पति के अलावा ससुर मो. अली, सास निशां खातून, जेठ सैदुर्रहमान व ननद सन्नो के खिलाफ मारने, पीटने, घर में कैद रखने के साथ ही दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# जंगली जानवर के पद चिन्ह मिले, जारी है कांबिंग



डेंगरहा गांव में पद चिह्न देखती वन विभाग की टीम • जागरण



मेंहदिया गांव में कांबिंग करती वनविभाग की टीम • जागरण

**जागरण संवाददाता, बभनान, बस्ती** : गौर थाना क्षेत्र के मेहनिया रामदत्त गांव के एक बुजुर्ग की जंगली जानवर के हमले में मौत होने के बाद ग्रामीण दहशत में है। वन विभाग की टीम जंगली जानवर के पद चिन्हों के आधार पर कांबिंग कर रही है। धान और गेहूं के खेतों में पूरे दिन सर्च अभियान चला लेकिन जंगली जानवर कहीं नजर नहीं आया।

बुजुर्ग का खून से लथपथ शव शुक्रवार को दिन में गांव से कुछ दूरी पर खडंजा किनारे पाया गया था। ग्रामीणों का मानना है कि बुजुर्ग की मौत किसी जंगली जानवर के हमले से हुई है। हालांकि शव के पोस्टमार्टम में जंगली जानवर के हमले से मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। जंगली जानवर के हमले से मौत की सूचना के बाद वन विभाग की टीम उसी दिन से गांव में पहुंच गई और डेरा डाले हुए है। पद चिन्हों के निशान के आधार पर जंगली जानवर की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

रेंजर सोनल वर्मा ने बताया कि कांबिंग के दौरान शनिवार को जो जंगली जानवर के पद चिन्ह पाए गए थे वोह डाक फैमिली के थे न की तेंदुए की। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में तेंदुआ आया होता तो वह निश्चित ही किसी जानवर पर हमला करता या फिर उसके मल मिले होते। दिवंगत के मौत के बाद गांव में दहशत है। रविवार की सुबह डेंगरहा गांव में भी जानवर के पद चिन्ह देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और वो पद चिन्ह देखें। रामनगर रेंजर्स सोनल वर्मा ने बताया कि जिन भी गांव में पद चिन्ह देखे जा रहे हैं सब डाक फैमिली के हैं। इसमें जंगली भेड़िया गीदड, लकडबघ्घा आते हैं।

यह थी घटना

गौर थाना क्षेत्र के मेंहदिया राम दत्त गांव निवासी 60 वर्षीय मनौव्वर हुसैन पुत्र लाल मोहम्मद हुसैन शुक्रवार को दोपहर बाद 12:30 बजे पैदल ही छाता लेकर मेंहदिया खड़ग बहादुर शाही मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे। घर से सात सौ मीटर आगे खड़ंजे के किनारे खून से लथपथ उनका शव पाया था। दिवंगत के चेहरे व गर्दन पर गंभीर चोट के निशान पाए गए थे। आशंका जताई जा रही है किसी जंगली जानवर ने गर्दन पर हमला कर मार डाला। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व टिनिच क्षेत्र के एक गांव के आसपास भी तेंदुआ दिखाई पड़ा था।

# खेत में बकरी जाने को लेकर मारपीट, मुकदमा

जासं, वस्ती: मुंडेरवा थाने के खंता ससना गांव में खेत में बकरी चले जाने की बात को लेकर मारपीट हो गई। संजनी ने तहरीर देकर बताया कि वह 20 जुलाई को साढ़े तीन बजे बकरी चराने गई थी। गांव के बाहर बगीचे से बकरी आरोपित के खेत में चली गई। इसे लेकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने ओम प्रकाश चौधरी, उसके भाई परशुराम चौधरी और परशुराम के पुत्र रमाकान्त चौधरी निवासी खन्ता ससना थाना मुंडेरवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# वाहन चालक पर मुकदमा

बस्ती : हर्रैया पुलिस ने साइकिल में टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज किया है। हर्रैया पुलिस ने भदासी के पास साइकिल में टक्कर मारने वाले बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। हर्रैया थाने के उमरिया गोप्तार निवासी लवकुश ने तहरीर देकर बताया कि 23 जुलाई को उसके पिता सदल गोंड साइकिल से मेरी माता विद्या देवी को बैठाकर हर्रैया बाजार जा रहे थे। भदासी के पास तेज रफ्तार बाइक के चालक ने साइकिल में टक्कर मार दिया था। जिससे उसके पिता सदल गोंड की मौत हो गई थी। माता भी घायल हो गई थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# तमंचा के साथ एक धराया

गनेशपुर, बस्ती : वाल्टरगंज पुलिस ने एक युवक को तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि रविवार को वह गश्त पर निकले थे। तभी एक सूचना मिली कि एक व्यक्ति पंचदेवरी की तरफ से अवैध असलहा के साथ आ रहा है। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।आरोपित ने अपनी पहचान इम्तियाज उर्फ बोकर पुत्र मकबुल अहमद निवासी मझौवामीर के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर केस दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा गया।

# फरार गैंगस्टर के आरोपी के घर की होगी कुर्की

बस्ती। गैंगस्टर के आरोपी पशु तस्कर गिरोह के सरगना को पुलिस 11 महीने में भी गिरफ्तार नहीं कर पाई। न्यायालय के आदेश पर रविवार को उसके घर की कुर्की करने की नोटिस चस्पा की गई। कप्तानगंज पुलिस ने उसके गांव में डुग्गी मुनादी कराई। नगर थाने की पुलिस ने संतकबीरनगर के दुधारा थानांतर्गत साफियाबाद निवासी मेराज को पशु तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। बाद में उसके गिरोह के दो सदस्यों को गौर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। विवेचना में चार अन्य पशु तस्करों का नाम प्रकाश में आया था। बाद में मेराज की जमानत हो गई। इस मामले में नगर थाने की पुलिस ने 18 सितंबर 2022 को गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की। जिसकी विवेचना कप्तानगंज थाने को सौंपी गई। तभी से मेराज फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके ठिकाने पर दबिश दी गई, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी। थानेदार रोहित उपाध्याय के बताया कि गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे मेराज के विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया कोर्ट के आदेश पर शुरू कर दी गई है। संवाद

# तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार

वाल्टरगंज। पुलिस ने पंचदेवरी के पास से इम्तियाज उर्फ बोकर उर्फ अरमान निवासी थाना क्षेत्र के मझौवामीर को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा और जेब से दो कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। एसओ रामदेव ने बताया कि उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। संवाद

# दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

बस्ती। दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न करने के मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में सोनहटी बुजुर्ग निवासी नूवायदा खातून ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2022 में हुई थी। वह दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पुलिस ने पति के अलावा ससुर मो. अली, सास निशा खातून, जेठ सैदुर्रहमान व ननद सन्नो के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# दहेज उत्पीड़न में छह ससुराली नामजद

बस्ती। हरैया पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत छह ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में फरेंदा जागीर निवासी पूनम ने तहरीर दी, जिसमें बताया कि उसकी शादी लगभग 12 वर्ष पहले नंदलाल निवासी मेहावर पोखर थाना छपिया जनपद गोंडा के साथ हुई थी, जिनसे दो बच्चे अर्पिता व आराध्या है। ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। बाद में उसे घर से निकाल दिया। संवाद

# दो लोगों की मौत के मामले में वाहन चालक पर केस

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने साइकिल में टक्कर मारने वाले बाइक चालक और बाइक में टक्कर मारने वाले बोलेरो चालक पर केस दर्ज किया है। हर्रैया पुलिस ने भदासी के पास साइकिल में टक्कर मारने वाले बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस संबंध में हर्रैया थाने के उमरिया गोप्तार निवासी लवकुश ने तहरीर दी, जिसमें बताया कि 23 जुलाई को उसके पिता सदल गोंड साइकिल से मेरी माता विद्या देवी को बैठाकर हर्रैया बाजार जा रहे थे। भदासी के पास तेज रफ्तार बाइक के चालक ने साइकिल में टक्कर मार दिया था, जिससे उसके पिता सदल गोंड की मौत हो गई थी। संवाद

# नौकरी के नाम पर ऐंठे 1.85 लाख

**लखनऊ।** सिंचाई विभाग में नौकरी का झांसा देकर बस्ती के विनय कुमार मिश्रा से दो लोगों ने 1.85 लाख रुपये ठग लिए। रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने डीसीपी उत्तरी सैयद कासिम आब्दी से मिलकर शिकायत की। आदेश पर गाजीपुर थाने में प्रयागराज के शुतुरखाना निवासी ओम प्रकाश भारती व उसके साथी शंभू के खिलाफ केस दर्ज किया गया। बस्ती जनपद के ग्राम अमिलडीहा निवासी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि मई 2021 में एक काम के सिलसिले में ओम प्रकाश से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान ओम प्रकाश ने सिंचाई विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और तीन लाख की मांग की। संवाद

# प्राचार्य से वार्ता विफल, लिखित में चुनाव तिथियों की मांग



**बस्ती।** शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज गेट पर आमरण अनशन कर रहे छात्रों से रविवार को प्राचार्य प्रो. रीना पाठक के साथ करीब आधा दर्जन शिक्षकों ने मुलाकात की। प्राचार्य ने छात्रों से मिलकर अनशन समाप्त करने की अपील की, लेकिन उन्होंने सीधे मना करते हुए कहा कि जब तक चुनाव कराने की तिथियों की लिखित में घोषणा नहीं की जाएगी तब तक अनशन समाप्त नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. शिवेंद्र मोहन पांडेय ने धरने पर बैठे छात्रों को मनाने का कई बार प्रयास कर चुके हैं। 26 अगस्त को उन्होंने दो बार छात्रों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन सभी चुनाव की तिथियों की लिखित मांग पर अड़े रहे। रविवार को प्राचार्य, मुख्य नियंता व सभी शिक्षक महाविद्यालय पहुंचकर छात्रों से वार्ता करने का प्रयास किया। संवाद

# राज्यपाल के कार्यक्रम के लिए प्रशासन अलर्ट, शुरू हुई तैयारी

## प्रस्तावित स्थलों का डीएम कर रहीं निरीक्षण, अधिकारियों के साथ बैठक कर लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के चार सितंबर को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। डीएम प्रियंका निरंजन लगातार राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण स्थलों का निरीक्षण कर रही हैं। रविवार को उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित प्रत्येक भ्रमण स्थल के लिए अलग-अलग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित कर ली जाए। राज्यपाल के भ्रमण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए जाएं। उन्होंने महामहिम की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न होने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने राज्यपाल के कार्यक्रम का ब्योरा प्रस्तुत किया। कहा कि वह हेलीपैड से सर्किट हाउस पहुंचेंगी। यहां से ओपेक चिकित्सालय कैली और ग्राम लेदवा जाएंगी। इसके बाद कलक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा, आयुष एवं फार्मेसी कॉलेज के प्रतिनिधियों, एफपीओ संचालक, प्रगतिशील किसानों, ओडीओपी के उद्यमियों एवं रेडक्रॉस समिति के पदाधिकारियों के साथ वार्ता भी कर सकती हैं।

इस तरह का कार्यक्रम राजभवन को प्रेषित किया जाएगा। वहां से अनुमति प्राप्त होने के बाद कार्यक्रम का निर्धारण अंतिम रूप से किया जाएगा।

### चमकाए जाएंगे प्रस्तावित भ्रमण मार्ग

डीएम ने निर्देश दिया कि नगरपालिका एवं पंचायत राज विभाग महामहिम के प्रस्तावित भ्रमण मार्ग के सफाई पर विशेष ध्यान दें। सफाई कर्मियों के माध्यम से राज्यपाल के गुजरने वाले रास्तों की विधिवत सफाई कराई जाए। सड़कों को अतिक्रमण एवं गड्ढा मुक्त रखा जाए। छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित किया जाए। ताकि राज्यपाल के काफिले में छुट्टा मवेशी अड़ंगा न बनें। सड़क किनारे विद्युत खंभों और तारों को सुव्यवस्थित करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया है। महामहिम के जिला जेल में भी पहुंचने की संभावना है। यहां वह महिला कैदियों से मुलाकात कर सकती हैं।

### लेदवा गांव पहुंचेंगी राज्यपाल

राज्यपाल के लेदवा गांव पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहां एक दिन पहले शनिवार को डीएम ने निरीक्षण भी किया। यहां स्थित रानी सती अमृत सरोवर, पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, अमृत वाटिका को सजाया जा रहा है। अधिकारियों की भागदौड़ यहां तेज हो गई है। विभिन्न विभागों द्वारा यहां प्रदर्शनी लगाने की तैयारी है। महामहिम यहां रुद्राक्ष के पौधे को रोपित करेंगी। एसडीएम भानपुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा एवं प्रदर्शनी से संबंधित अधिकारियों को यहां का नोडल बनाया गया है।

# रत्नावती को चार साल बाद अपने घर पर मिला कब्जा

कुदरहा। लालगंज थाना क्षेत्र के मटियरिया उर्फ हरखौलिया गांव निवासी रत्नावती में चार साल बाद न्याय मिला।अपने घर से बेदखल होकर मायके निर्वासित जिंदगी काट रही रत्ना ने शनिवार को समाधान दिवस में एसडीएम को मामले से अवगत कराया। एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने तुरंत उनके पट्टीदार को जेल भेज दिया और पुलिस का निर्देश दिया कि पीड़ित को उसका मकान दिलाकर सुरक्षा भी मुहैया कराई जाए। उल्लेखनीय है कि रत्नावती को 1997-98 में इंदिरा आवास योजना के तहत लाभ मिला।



रत्नावती।

योजना से मिली आर्थिक मदद से उन्होंने अपने खेत में मकान का निर्माण कराकर परिजनों के साथ रहना शुरू कर दिया। जब उनके पति फूलचंद्र बाहर कमाने चले गए तो उन्हें अकेला पाकर पट्टीदारों ने



दबंगों ने मकान पर किया कब्जा, मुख्यमंत्री से गुहार

चार साल से अधिकारियों के दरवाजे पर दस्तक दे रही पीड़ि

एक जून के अंक में प्रकाशित खबर। संवाद

सताना शुरू कर दिया। अप्रैल 2022 में उन्हें व उनके बेटे को पट्टीदारों ने मार पीटकर घर से भगा दिया।

तब मामले में लालगंज पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज करना उचित नहीं समझा। इसकी शिकायत उन्होंने एसपी से की, तब जाकर मुकदमा दर्ज हुआ। मामले का एक जून 2023 को जब अमर उजाला समाचार पत्र ने संज्ञान लेते हुए खबर प्रकाशित की, तो पुलिस व प्रशासनिक अमला चौकन्ना हुआ। मामले की जांच हुई, जिसमें रत्ना का मकान व जमीन उनके नाम होने की पुष्टि हुई।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-08-2023

# 26 दिन तक रखी नजर फिर हटाए गए थानेदार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक को कार्यभार संभाले 27 दिन हो चुके हैं। कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने थानेदारों की मीटिंग करके उन्हें अपनी प्राथमिकताओं से अवगत करा दिया था। साथ ही यह भी कह दिया था कि वह अपराध को लेकर कोई समझौता करने वाले नहीं हैं। 26 दिनों तक उन्होंने सभी थानेदारों की कार्य प्रणाली देखी और उसके बाद दो निरीक्षक व एक उपनिरीक्षक की थानेदारी छीन ली। हालांकि पुलिस अधीक्षक अभी लोगों से यही बता रहे हैं कि उन्होंने यह जो परिवर्तन किया है, वह सिर्फ रूटीन का हिस्सा है।

पुलिस अधीक्षक ने शनिवार की रात में पांच निरीक्षक समेत 10 उपनिरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला है। इसमें पथरा थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय यादव को निरीक्षक अपराध के पद पर बांसी भेजा गया है। इसके पीछे की बड़ी वजह बतायी जा रही है मासूमों के साथ दरिंदगी। बीते तीन अगस्त को थाना क्षेत्र में दो मासूमों के निजी अंग में मनबढ़ों ने मिर्ची डाल दी थी। उन्हें पेशाब पिलाया था। हालांकि विभाग बता रहा है कि घटना के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। ऐसे में थानेदारी क्यों छिनी, यह समझ से परे है। पथरा में उप निरीक्षक हरिओम कुशवाहा को थानाध्यक्ष बनाया है। वह नवंबर 2022 में ढेबरुआ थाने से एक लापरवाही के आरोप में हटाए गए थे। उनके थानाध्यक्ष रहने के दौरान एक रिक्शा चालक अपने दो बच्चों व पत्नी के साथ बाढ़ में बह गया था। ढेबरुआ व इटवा मार्ग पर बाढ़ का पानी चल रहा था, लेकिन पुलिस की तरफ से रास्ता नहीं रोका गया था

> थाना प्रभारियों को स्थानांतरण रुटीन का हिस्सा है। तमाम थानेदार लंबे समय से तैनात थे, इस लिए उन्हें हटाया गया है। उच्चाधिकारियों के अनुमोदन के पश्चात कुछ नये लोगों को मौका दिया गया है।
>
> अभिषेक कुमार अग्रवाल
> पुलिस अधीक्षक



और इसके चलते घटना घट गई थी। उनके अलावा सीओ सदर कार्यालय में तैनात रहे निरीक्षक तहसीलदार सिंह को मिश्रौलिया का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया है। पिछले वर्ष उनकी मौजूदगी में शहर में दशहरे पर्व के दौरान एक व्यक्ति की हत्या हो गई थी। इस लिए उन्हें सदर थाने से हटा दिया गया था। उन्हें सात माह बाद थानेदारी दी गई है। एसपी कार्यालय से जारी तबादला सूची में अपराध शाखा में तैनात रहे गौरव सिंह को प्रभारी निरीक्षक डिड़ई बनाया गया है।

सात माह पहले गौरव सिंह पथरा थाने से एक आरोप के चलते हटाए गए थे। डिड़ई में तैनात रहे थाना प्रभारी राजेश कुमार शुक्ला को साइबर सेल में भेजा गया है। इसके अलावा भवानीगंज थाने में तैनात रहे उपनिरीक्षक कन्हैया लाल मौर्य को थाना प्रभारी समय माता कठेला, प्रभारी निरीक्षक कठेला रहे संतोष कुमार यादव को अपराध निरीक्षक त्रिलोकपुर, प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया रहे मोतीलाल को शिवनगर डिड़ई में अपराध निरीक्षक, त्रिलोकपुर थाना प्रभारी रहे सूर्य प्रकाश सिंह को ढेबरूआ थाने में तैनाती दी गई है।

# खुनुवा बार्डर पर खाद्यान्न तस्करी का वीडियो हुआ वायरल

जासं, शोहरतगढ़ : खुनुवा सीमा के पगडंडी रास्ते से नेपाल साइकिल से चावल की तस्करी का वीडियो बनाकर किसी ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया है। यह वीडियो रविवार सुबह की बताई जा रही है। सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों के लाख कोशिशों के बाद चावल, खाद, गेंहू सहित अन्य सामानों की तस्करी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो में तस्कर साइकिल पर चावल लादकर भारतीय सीमा से नेपाल ले जा रहे हैं। सीमा के नजदीक इलाकों के गांवों में चावल को भंडारित किया जाता है। 24 अगस्त को मंडी समिति के अधिकारी रामजी यादव ने नेपाल सीमा के गांव कर्मा व गोनचौरा में दो पिकअप पर लदी 45 क्विंटल चावल पकड़कर कार्रवाई की थी।

# शांतिपूर्ण मनाएं त्योहार, समस्या तुरंत बताएं

जासं, इटवाः इटवा थाने पर रविवार की सायं पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहलुम पर्व को लेकर हुई इस बैठक में सभी नागरिकों से सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाने व शांति व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

एसडीएम करमेंद्र ने कहा कि त्योहार का आनंद तभी आता है, जब उसे सौहार्द पूर्वक मनाया जाए। सभी लोग शांतिपूर्ण त्योहार मनाएं। कहीं समस्या आती है तो तुरंत इसकी जानकारी दें, उसका त्वरित समाधान कराया जाएगा। पर्व पर बेहतर सफाई व्यवस्था रहे, इसके लिए नगर व ब्लाक प्रशासन को निर्देशित किया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी जय राम ने कहा पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, फिर भी आप सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर्ष फायरिंग प्रतिबंधित है। इससे सभी लोगों को बचने की आवश्यकता है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि प्वाइंट वार पुलिस की तैनाती की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी, किसी ने अराजकता की तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। लोगों को अफवाहों से बचने के प्रति सचेत किया। छोटे-छोटे विवादों से बचने को कहा। उप निरीक्षक राजेश पाण्डेय सहित ओम छपड़िया, अनिल जायसवाल, मार्कण्डेय पाण्डेय, कृष्णा मिश्रा, अमित मिश्रा, ओम प्रकाश, सुनील आदि उपस्थिति रहे।



इटवा थाने पर शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम करमेंद्र ● जागरण

# किसी की गई थानेदारी तो किसी को मिली कमान

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए एसपी ने शनिवार रात बड़ा फेरबदल किया। इसमें कई लोगों की थानेदारी चली गई तो कुछ लोगों की ताजपोशी हुई। कुल 10 निरीक्षक और उपनिरीक्षक इधर से उधर भेजे गए हैं।

तबादले में निरीक्षक तहसीलदार सिंह को सीओ कार्यालय से कोतवाल त्रिलोकपुर बनाया गया। जबकि एसओ त्रिलोकपुर रहे सूर्यप्रकाश सिंह को ढेबरुआ थाने में भेजा गया। इसके हटाए जाने के पीछे क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना बताई जा रही है। जिससे रोकने में रोकने में यह विफल हो रहे थे। इसके अलावा एसओ कठेला समय माता थाना संतोष कुमार यादव को अपराध निरीक्षक त्रिलोकपुर बनाया गया।

एसओ पथरा अजय कुमार यादव को अपराध निरीक्षक बांसी बनाया गया। वहीं साइबर सेल प्रभारी हरिओम कुशवाहा को थानाध्यक्ष पथरा बाजार बनाया गया। अपराध शाखा प्रभारी गौरव सिंह को थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई बनाया गया। जबकि शिनवगर डिड़ई एसओ रहे राजेश कुमार शुक्ल को साइबर सेल का प्रभारी बनाया गया।



**कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए एसपी ने किया फेरबदल**

अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी जिगिना धाम से एसओ मिश्रौलिया बनाया गया। वहीं एसओ मिश्रौलिया रहे मोतीलाल यादव को अपराध निरीक्षक शिवनगर डिड़ई बनाया गया।

कन्हैया लाल वर्मा को भवानीगंज से एसओ कठेला समय माता थाना बनाया गया। एक साथ बड़े फेरबदल से लंबे समय से थाने पर जमें अन्य थानाध्यक्षों की बेचैनी बढ़ गई है। इस संबंध में एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए फेरबदल किया गया है।

# बॉर्डर पर नहीं रुक रही चावल-खाद की तस्करी

सिद्धार्थनगर। खुनुवां के सीमाई क्षेत्रों के रास्ते से तस्कर नेपाल में साइकिल से चावल पहुंचा रहे हैं। तस्करी के इस खेल का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया है, जो इस समय तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो रविवार सुबह का बताया जा रहा है। सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की लाख कोशिशों के बाद चावल, खाद, गेहूं सहित अन्य सामन की तस्करी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों मंडी समिति, पुलिस, एसएसबी और कृषि विभाग ने नेपाल भेजे जा रहे चावल, खाद, गेहूं की कई खेप पकड़ कर सीज व अर्थदंड लगाकर कार्रवाई की थी। एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# विसरा जांच से स्पष्ट होगा किस जहर से हुई थी पिता और दो बच्चों की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया दुबे गांव में पिता और पुत्र और पुत्री का पोस्टमार्टम हो गया। वे लोग कौन सा जहरीला पदार्थ खाए थे, विसरा जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। उसी में पता चलेगा कि कौन सा जहर का सेवन हुआ था। मृतक ध्रुव के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया था कि बेटे ने खुद और पोता व पोती को जहर दे दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाया था।

क्षेत्र के कटया दुबे गांव निवासी ध्रुव (30) पुत्र पूर्णमासी 25 अगस्त शाम को अपनी आठ वर्षीय पुत्री सपना और तीन वर्षीय पुत्र फूलमर्ति के साथ घर से निकला था। सनई

## कटया दुबे में एक ही परिवार के तीन लोगों की हुई थी मौत

चौराहे के पास सड़क के किनारे तीनों को तड़पता हुआ पड़े होने की जानकारी मिली थी। तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां बेटे की मौत हो गई थी। ध्रुव मेडिकल कॉलेज जाते समय दम तोड़ दिया था। जबकि सपना की गोरखपुर मेडिकल कॉलेज इलाज के दौरान रविवार सुबह मौत हो गई थी।

मृतक के पिता पूर्वमासी ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बेटे द्वारा खुद और दोनों बच्चों को जहर खिला देने की बात कही थी। कोतवाल जोगिया यशवंत सिंह ने बताया कि विसरा जांच के लिए भेजा गया है। इससे पता चलेगा की कौन सा जहर खाने से मौत हुई थी।

# दो माह में तीन अधिकारियों पर हो चुका है हमला

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र में पिछले दो माह में तीन सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों पर हमला हो चुका है। तीनों पर हमले तब हुए हैं, जब वह सरकारी कार्य से निकले थे। बावजूद इसके स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है।

जिले में पुलिस की हनक कमजोर पड़ने लगी है। दो माह के भीतर कई ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कहीं मासूमों के साथ दरिंदगी हुई तो कहीं पर छेड़खानी का विरोध करने पर किसी की हत्या हो गई। ताजा मामला सरकारी कार्य में बाधा डालने का है। सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों पर हो रहे हमलों वह डरे हुए हैं। कुछ लोग तो डर के चलते अपना बयान भी बदल रहे हैं। पहले मुकदमा दर्ज करा रहे हैं और बाद में आरोपित का दबाव पड़ने पर अपनी बात से मुकर जा रहे हैं। इस संबंध में सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि सभी मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है। एक मामले में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। शेष मामलों में जांच जारी है। जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी भी होगी।

केस एक- पहली घटना एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा के अर्दली के साथ हुई। बीते पांच जून को वह सरकारी कार्य से कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र में जांच के लिए निकले थे। इसी दौरान अर्दली के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट की। पुलिस इस मामले में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर चुकी है। वह कहती है कि आरोपित ने अरेस्ट स्टे ले रखा है। इसके चलते उसकी गिरफ्तारी नही हो पा रही है।

केस दो- बीते 12 अगस्त को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का चालक रोहित यादव बस पर छात्राओं को लेकर परिसर से निकला। वह अभी कपिलवस्तु मार्ग पर पहुंचा कि बाइक सवार दो दबंगों ने बस को रोककर उसमें जबरन चढ़ने की कोशिश की। गाड़ी रुकने के बाद बदमाशों ने चालक के साथ हाथापाई की। छात्राओं से भी बदसलूकी की गई। चालक ने किसी तरह गाड़ी को आगे बढ़ाकर अप्रिय घटना होने से बचा लिया। इस मामले में पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बाइक का नंबर होने के बावजूद अभी तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

केस तीन- बीते 22 अगस्त को सिंचाई विभाग के अवर अभियंता मुनीब कुमार पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। वह बजहां ताल के पास विभाग की जमीन में हुए अवैध निर्माण की जानकारी लेने गए थे। कुछ दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने एक नामजद व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# छेड़खानी की शिकायत करने वाली युवती लापता

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ क्षेत्र में छेड़खानी की शिकायत करने वाली युवती लापता हो गई है। वह एक निजी अस्पताल में कार्य करती थी और उसके साथ एक अगस्त को छेड़खानी की घटना हुई थी, जिसके बाद वह घर से गायब हो गई है। पिता ने 19 अगस्त को खुनुवां चौकी पर गुमशुदगी का तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर युवती की खोजबीन में जुट गई है, लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती गांव के निकट के चौराहे पर स्थित एक निजी अस्पताल पर कार्य करती थी। प्रति दिन वह अपने घर से साइकिल से आती जाती थी। एक अगस्त को युवती ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पांच लोग बगहवा चौराहे के पास मोबाइल नंबर आदि की मांग करते हुए अभद्रता करते हैं। उनका हर दिन का यह कार्य था। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# जानलेवा हमले के आरोपी को मिली अग्रिम जमानत

सिद्धार्थनगर। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार मलिक ने प्राण घातक हमले के आरोपी साड़ी निवासी कुंवर प्रताप बारी को सशर्त अग्रिम जमानत दी है। घटना 24 फरवरी 2022 को सिद्धार्थनगर थानाक्षेत्र के साड़ी में हुई थी। सदर थाना क्षेत्र के साड़ी तिराहा निवासी श्यामू वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि रात 10:30 बजे उसके भाई अजीत वर्मा को विक्रम उर्फ आशुतोष बारी हालमुकाम नेहरू नगर नरकटहा थाना बांसी ने गाली गुप्ता देते हुए लाठी-डंडे से मारा-पीटा। इससे अजीत वर्मा को सिर में गंभीर चोटें आ गईं। शोर सुनकर वह तथा आसपास के लोग आए और बीच-बचाव किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने मारपीट एवं जानमाल की धमकी के आरोप में दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की। आरोपी कुंवर प्रताप ने आरोप पत्र दाखिल होने के पश्चात अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर साड़ी निवासी अभियुक्त कुंवर प्रताप बारी को सशर्त अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अभियुक्त को 75 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। संवाद

# सीसीकैमरा से अपराध पर लगेगा अंकुश

सिद्धार्थनगर। आपरेशन दृष्टि एवं आपरेशन त्रिनेत्र के तहत रविवार को सदर थाने की पुलिस ने क्षेत्र के रेहरा मुख्य बाजार में सीसी कैमरा लगवाया। एसओ सतीश कुमार सिंह ने कहा कि सीसी कैमरा लगवाने से अपराध पर अंकुश लगेगा और गतिविधियां कैद होंगी। जोगिया कोतवाली की पुलिस ने क्षेत्र के भगौतापुर गांव में दो सीसी कैमरा लगवाया और दुकानदार को सम्मानित किया। एसओ जोगिया यशवंत ने बताया कि सीसी कैमरा लगने से गतिविधियों कैद रहेंगी, जिससे अपराध करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। संवाद

# विशेष अभियान में 17 गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जिले की पुलिस ने शनिवार की रात विशेष अभियान चलाकर 17 अराजकतत्वों को गिरफ्तार किया है। इसमें गोल्हौरा थाना क्षेत्र के खड़रिया गांव निवासी जटाशंकर तिवारी पुत्र मणिशंकर, जोगिया थाना क्षेत्र के कठही गांव निवासी राजदेव पुत्र धूपे हैं।

पुलिस ने खेसरहा क्षेत्र के कसेहरा निवासी ज्ञानेन्द्र राय पुत्र हरिवंश, निहठा निवासी रामबरन उपाध्याय पुत्र छोटेलाल, त्रिलोकपुर के सिकटा निवासी बहाउ, रामकुमार, रानू प्रसाद पुत्र शिवरतन, शोहरतगढ़ के मेहनौली निवासी मनबहाल पुत्र धनराज, शोहरतगढ़ कस्बा निवासी आशीष व लालजी गौंड़, कोटिया बाजार निवासी कृष्णा पुत्र राम ललित को गिरफ्तार किया है। बांसी के आदिलपुर निवासी धर्मराज, सुनील, राजेंद्र नगर निवासी राजेन्द्र, बगहवा कोमर गांव निवासी संदीप, चिल्हिया थाना क्षेत्र के निविहवा निवासी कृष्णा व उस्का बाजार के लक्षनपुर निवासी लालमन को भी गिरफ्तार किया है।

# एसपी ने पांच थानेदार बदले

सिद्धार्थनगर। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने रविवार को कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने को पांच थानेदारों को हटा दिया है।

एसपी ने त्रिलोकपुर के थानेदार रहे सूर्यप्रकाश सिंह को ढेबरुआ थाने पर तैनाती दी है। इनकी जगह इंस्पेक्टर तहसीलदार सिंह को नया थानेदार बनाया है। शिवनगर डिड़ई के थानेदार रहे राजेश कुमार शुक्ल को हटाकर साइबर सेल व प्रभारी अपराध शाखा इंस्पेक्टर गौरव सिंह को शिवनगर डिड़ई का थानेदार बनाया है। पथरा थानाध्यक्ष रहे अजय कुमार यादव को हटाकर साइबर सेल में रहे हरिओम कुशवाहा को पथरा का थानेदार बनाया है। अजय को बांसी थाने में निरीक्षक अपराध बनाया है। मिश्रौलिया के थानेदार रहे मोतीलाल को हटाकर जिगिनाधाम के चौकी इंचार्ज रहे अरविंद कुमार को मिश्रौलिया का थानेदार बनाया है। कठेला समय माता के थानेदार संतोष कुमार यादव को हटाकर भवानीगंज थाने में तैनात रहे एसआई कन्हैया लाल मौर्य को नया थानेदार बनाया है।

# सवारी बैठाने को लेकर मारपीट

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर थानाक्षेत्र के बिस्कोहर कस्बे के प्राइवेट बस स्टैंड के पास रविवार दोपहर सवारी बैठाने के विवाद को लेकर दो आटो रिक्शा चालक आपस में भिड़ गए। कुछ देर के बाद दोनों जमकर मारपीट करने लगे। इस बीच बस अड्डे पर भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों चालकों को पकड़कर पूछताछ कर 151 में चालान कर दिया। चौकी प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# जहर की जांच के लिए बिसरा सुरक्षित

सिद्धार्थनगर। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के कटया दुबे गांव में पिता, पुत्र व पुत्री का पीएम हो गया। वह लोग कौन सा जहरीला पदार्थ खाए थे इसकी जांच के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है।

मृतक ध्रुव के पिता पूर्णमासी ने पुलिस को पत्र देकर बताया था कि बेटे ने खुद व पोता-पोती को जहर दे दिया था। इससे उनकी मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया था। दरअसल क्षेत्र के कटया दुबे गांव निवासी ध्रुव पुत्र पूर्णमासी 25 अगस्त की शाम अपनी आठ वर्षीय पुत्री सपना और तीन वर्षीय पुत्र फूलमर्ति के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया था। इससे तीनों की मौत हो गई थी।

# दो शातिरों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने व अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चोरी आदि में संलिप्त दो शातिरों पर पुलिस ने धारा (3)3 गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्रवाई की है। इसमें बांसी थाना क्षेत्र के अशोगवा गांव निवासी मुकेश सिंह पुत्र पवन सिंह व डुमरियागंज थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी अलाउद्दीन पुत्र हसीबुल्लाह पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार

इटवा। इटवा थाना परिसर में रविवार को एसडीएम करमेन्द्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें चेहल्लुम व जन्माष्टमी का त्योहार सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि त्योहार में किसी को भी नई परंपरा शुरू करने की इजाजत नहीं है। किसी भी प्रकार के खुराफात बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी ने भी शांति भंग करने की या किसी भी प्रकार के असामाजिक कार्य करने की कोशिश की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाएं। सीओ जयराम ने कहा कि जन्माष्टमी, चेहल्लुम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

# साइकिल से नेपाल पहुंचा रहे चावल, वीडियो वायरल

चिल्हिया। डुमरियागंज क्षेत्र के नेपाल सीमा पर चावल, खाद, गेहूं सहित अन्य सामानों की तस्करी हो रही है। यहां पगडंडी रास्तों से तस्कर साइकिल से चावल नेपाल पहुंचा रहे हैं। तस्करी के इस खेल का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। यह वीडियो रविवार सुबह की बताई जा रही है। हलांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनायें अपना त्योहार: एसडीएम

इटवा(एसएनबी)। सभी लोग श्रीष्ण जन्माष्टमी एवं चेहुल्लम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनायें।नई पस्म्परा कायम नहीं होने दिया जायेगा। कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी।

**पीस कमेटी की बैठक**

उक्त जानकारी उपजिलाधिकारी इटवा कर्मेन्द्र ने स्थानीय थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में दिया है।उन्होंने कहा कि सभी लोग उल्लास के साथ अपना त्योहार मनायें।नई परंपरा कायम नहीं होने दी जायेगी। हमारे देश की गंगा यमुनी तहजीब पूरे विश्व मे प्रसिद्ध है।भारत देश उत्सव और परंपराओं का देश है।विविधता में एकता हमारी पहचान है।इसे कायम रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी जयराम ने कहा कि असामाजिक तत्वों को चिन्हित करके उनकी कुंडली तैयार की जा रही है।हर्ष फायरिग करना अपराध है।ऐसा करने पर मुकदमा दर्ज हो जायेगा।नई परम्परा कायम करने का प्रयास कत्तई न करें।अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए सघन अभियान चल रहा है।इसमें आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है।प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि आम जनता की सेवा के लिए पुलिस पूरी तरह से तत्पर है।कानून तोड़ने का कार्य बिल्कुल न करें। खुशियों के साथ अपना त्योहार मनायें।किसी को कष्ट देने का कार्य न करें। सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत आवश्यक है।अपराधी बख्शे नहीं जायेंगे।इनकी कुंडली तैयार की जा चुकी है।कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी का पूर्ण सहयोग बहुत आवश्यक है।बैठक में ओम छापड़िया, मार्कण्डेय पांडेय,अनिल जायसवाल, कृष्णा मिश्र,आशीष श्रीवास्तव, रिजवान अहमद सिद्दीकी,वसीउल्लाह, नफीस,अजय यादव, घनश्याम जायसवाल,सुनील जायसवाल, शाबिर, रहमतुल्लाह, सहजराम चौधरी, अमित मिश्रा सहित भारी संख्या में पीस कमेटी के लोग उपस्थित रहे।



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम।

# सवारी बैठाने को लेकर आटो चालकों में मारपीट

बिस्कोहर(एसएनबी)। नगर पंचायत में स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के पास सवारी बैठाने के विवाद को लेकर दो आटो रिक्शा चालक आपस में भिड़ गए। कुछ देर के बाद दोनों जमकर मारपीट करने लगे। इस बीच बस अड्डे पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहन चालकों को पकड़कर पूछताछ कर शान्ति व्यवस्था के आरोप में धारा 151 में चालान कर न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी बिस्कोहर राकेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी पक्ष के तरफ से कोई तहरीर नही मिली है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन लोगो को 151 में चालान किया गया है।

# थानाध्यक्ष की विदाई

डिड़ई (एसएनबी)। आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय की मिसाल कायम रखने वाले शिवनगर डिडई के थानाध्यक्ष रहे राजेश शुक्ला का स्थानांतरण साइबर सेल सिद्धार्थनगर में हो गया। उनका स्थानांतरण होने पर रविवार दोपहर बाद थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। भारी संख्या में जुटे क्षेत्र के



गणमान्य लोगों सहित आम लोगों व स्टाफ के लोगों ने फूलमालाओं से लादकर श्री शुक्ल को ससम्मान विदा किया। राजेश शुक्ला ने 8 दिसम्बर 2022 को थाने की कमान हाथ में लिया था। थाने में बतौर थानाध्यक्ष उन्होंने आठ माह से अधिक समय तक कार्य किया। उन्होंने क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं देते हुए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास जगाया। श्री शुक्ल मुकदमा दर्ज करने की बजाय विवादों का पक्षकारों की सहमति से निपटारा कराने पर अधिक ध्यान दिया। इस दौरान विभाग के उप निरीक्षक विश्वमोहन राय हेड कांस्टेबल राम सारण, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल अतुल शर्मा, कांस्टेबल सुशील कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र राजभर, कांस्टेवल मनीष कुमार, महिला कांस्टेबल पारुल यादव तथ महिला कांस्टेबल प्रतिमा दुबे आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे।

# तहसीलदार सिंह को मिली त्रिलोकपुर थाने की कमान

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए कई थानेदारों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है।जिले के नए एसपी ने एक अगस्त को कार्यभाल संभाला। प्रभारी निरीक्षक पथरा बाजार अजय कुमार यादव को हटाते हुए बांसी कोतवाली निरीक्षक अपराध के पद पर तैनात किया है। सीओ सदर कार्यालय में तैनात रहे निरीक्षक तहसीलदार सिंह को मिश्रौलिया का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया है। एसपी कार्यालय से जारी तबादला सूची में अपराध शाखा में तैनात रहे गौरव सिंह को प्रभारी निरीक्षक डिड़ई बनाया गया है। डिड़ई में तैनात रहे थाना प्रभारी राजेश कुमार शुक्ला को साइबर सेल में भेजा गया है। साइबर सेल प्रभारी रहे हरिओम कुशवाहा को थाना प्रभारी पथरा, भवानीगंज थाने में तैनात रहे उपनिरीक्षक कन्हैया लाल मौर्य को थाना प्रभारी समय माता कठेला,प्रभारी निरीक्षक कठेला रहे संतोष कुमार यादव को अपराध निरीक्षक त्रिलोकपुर, प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया रहे मोतीलाल को शिवनगर डिड़ई में अपराध निरीक्षक, त्रिलोकपुर थाना प्रभारी रहे सूर्य प्रकाश सिंह को ढेबरूआ थाने में तैनाती दी गई है।

# पोखरे में डूबने से नवयुवक की मौत

**बर्डपुर(एसएनबी)।** मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दूल्हा सुमाली के टोला दुबौलिया निवासी रामधनी पुत्र राजाराम उम्र 20 गांव के बगल में स्थिति पोखरे में नहाते समय डूब गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दूल्हा शुमाली के टोला दुबौलिया निवासी रामधनी पुत्र राजाराम उम्र 20 वर्ष रविवार सुबह गांव के बगल के पोखरे में नहाने के लिए गया था। जिस दौरान वह गहरे पानी मे चला गया और डूबने लगा गांव के कुछ बच्चे उसको डूबते देखे हो हल्ला भी किए लेकिन जब तक लोग पहुचते वह डूब गया। उसे बाहर निकाले तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी मौके पर मोहाना पुलिस पहुच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया हैं।

# तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बानगंगा(एसएनबी)।** शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन में रविवार को उपनिरीक्षक रमाकान्त यादव मय टीम द्वारा न्यायालय द्वारा जारी एनबी डब्लू से सम्बन्धित अभियुक्त मनबहाल पुत्र स्वर्गीय धनराज साकिन मेहनौली थाना शोहरतगढ़, लालजी गौड़ पुत्र मंगल प्रसाद कस्बा शोहरतगढ़,आशीष पुत्र संत निवास कस्बा शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को घर के पास से समय 9.30 बजे गिरफ्तार कर न्यायालयध जेल भेजा गया।इस दौरान उपनिरीक्षक रमाकान्त यादव, का अजय यादव,का दीपक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# बाइक की चपेट में आने से महिला की मौत

**बर्डपुर(एसएनबी)।** सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भदवल निवासी कमरुन्निशा 54 सड़क पार करते समय बाइक की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गई थी जिनका इलाज चल रहा था कि इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक शनिवार को सड़क पर करके अपने घर जा रही थी इसी दौरान बर्डपुर के तरफ से आ रही बाइक ने ठोकर मार दिया।परिवार वालो ने इलाज के लिए माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज ले गए। जहा चिकित्सको ने हालात गंभीर देख मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया तो परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया और इलाज चल रहा था रविवार सुबह ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। इस संबंध में पुरानी नौगढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुच कर बाइक कब्जे में ले लिया गया है।तहरीर मिली हैं मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जा रहा हैं।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-08-2023

# महिलाओं को किया जागरूक

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र स्थित महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया।

# 15 वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम में 15 वारंटियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की।

थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त राममिलन पुत्र गोमती निवासी घोरांग को गिरफ्तार किया। थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त शिवकुमार उर्फ कोईल पुत्र स्वामीनाथ निवासी गिठनी को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया।

पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त गोरख पुत्र सोहन निवासी जमोहरा को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके सम्बंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# थाना व कार्यालयों में चला स्वच्छता अभियान

संतकबीरनगर। जनपद के सभी थाना, चौकी व पुलिस कार्यालय में जिम्मेदारों की देखरेख में स्वच्छता अभियान चलाया। एसपी ने सभी जिम्मेदारों को नियमित तौर पर श्रमदान कर साफ सफाई कर स्वच्छ बनाए रखने का निर्देश दिया।

## पुलिस पर दलित परिवार के उत्पीड़न का आरोप

# दलितों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

**महुली थाना क्षेत्र के कोल्हूगाड़ा गांव निवासी एक दलित परिवार से जुड़ा बताया जा रहा है मामला**

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के कोल्हूगाड़ा गांव निवासी एक दलित परिवार का महुली पुलिस द्वारा उत्पीड़न किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

इस सम्वन्ध में आक्रोशित कोल्हूगाड़ा गांव के दलितों ने रविवार को गांव में एकत्र होकर महुली पुलिस की इस कार्यशेली के विरोध में प्रदर्शन किया और दलित परिवार का उत्पीड़न करने में जुटी महुली थाने के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग पुलिस उच्चाधिकारियों से की है। महुली पुलिस के विरूद्ध प्रदर्शन करने वाले कोल्हूगाड़ा गांव के प्रदर्शनकारी गंगाराम, मनीराम, रामसकल, पृथ्वी पाल, अजय कुमार, दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार, राजकुमार, सर्वेश कुमार, मन्तोष कुमार, गुजराती देवी, सावित्री देवी, पुनीता देवी, शारदा देवी, किरन व मालती समेत अन्य तमाम दलितों ने बताया कि महुली पुलिस गांव निवासी दलित परिवार को फर्जी तौर पर चोरी के मुकदमें में फंसाकर दलित परिवार को प्रताड़ित करने में जुटी हुई है।



महुली पुलिस के विरोध में प्रदर्शन करते कोल्हूगाड़ा गांव के दलित।

प्रदर्शनकारी दलितों ने वताया कि बीते 25 जुलाई की रात 11 बजे वगल के गांव के कुछ लोग गांव निवासी दलित परिवार रामउग्रह पुत्र गंगाराम के घर में लूटताट करने की नियति से घुस गए तो खुसुर फसर की आवाज सुनकर घर में सो रही रामउग्रह की बहन जाग गयी तो शोर मचाने के भय से घर में घुसे लोगों ने बहन को पकड़ लिया और उसे डरा धमका कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। इस दौरान परिवार के लोग जाग गए तथा शोर मचाने लगे। शोर सुनकर तमाम लोग एकत्र हो गए और घर में घुसे दो लोगों को पकड़ भी लिया गया साथ ही पकड़े गए दोनों की मोबाइल और बाइक भी कब्जे में ले ली गयी। पकड़ें गए दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया लेकिन लिखित तहरीर देने के बाद भी पुलिस द्वारा उक्त दोनों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और दोनों को छोड़ भी दिया गया। प्रदर्शनकारी दलितों का आरोप हैं कि उसके बाद से ही प्रभारी निरीक्षक महुली द्वारा पीड़ित दलित परिवार को फर्जी मुकदमें में फंसाने के साथ साथ तरह तरह की धमकिया दी जा रही है। बीते दिनों पीड़ित दलित परिवार के खिलाफ पुलिस ने फर्जी तौर पर चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया जिसको लेकर पीड़ित दलित परिवार काफी डरे और सहमे हुए है।

प्रदर्शनकारी दलितों ने कहा कि महुली पुलिस द्वारा दलित परिवार को प्रताड़ित करने का खेल अगर बन्द नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में सैकड़ों दलित जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी घेराव करेंगे साथ ही महुली पुलिस के कार्यशैली की जांच कराने की भी मांग पुलिस अधीक्षक से करेंगे।

# तीन वर्ष पुराने नाली के विवाद का कराया समाधान

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव में बीते 3 वर्ष से जलनिकासी को लेकर चल रहे नाली का विवाद रविवार को दोनों पक्षों की सहमति से प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने समाधान करा दिया। प्रभारी निरीक्षक की इस कार्रवाई से जहां वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया तो वहीं गांव की जनता भी खुशी जता रही है। विदित हो कि थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा बीते 3 वर्ष पूर्व नाली का निर्माण कराया जाना था लेकिन गांव के ही कुछ लोगों के विरोध के चलते आज तक नाली का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। एक पक्ष के लोग बीते तीन वर्षों से तहसील,ब्लाक व जिला मुख्यालय तक का चक्कर काटते हुए अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देते रहे लेकिन विवाद का समाधान आज तक नहीं हो सका। बीते शनिवार को महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव निवासी रामकरन ने उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव व पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह को विवाद के संबंध में प्रार्थनापत्र दिया तो दोनों अधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक महुली को मौके पर जाकर विवाद का समाधान कराने का प्रयास करने का फरमान सुनाया था। अधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह रविवार को हमराही पुलिसकर्मियों व हलके के राजस्वकर्मी के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामवासियों को एकत्र किया और दोनों पक्षों से वार्ता की। घंटों चली वार्ता के बाद विवाद का समाधान हो गया और ग्राम प्रधान ने दोनों पक्षों की राजी-खुशी के बाद जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया।

# तीन स्थानों पर लगवाए 15 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से तीन स्थानों पर 15 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया।

# थानों पर हुई साफ सफाई

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पर्यावरण एवं परिसर को स्वच्छ रखने के लिए कार्यालयों एवं थाना परिसरों की



रविवार को साफ-सफाई हुई। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने झाड़ू लेकर साफ-सफाई की। इसके साथ कार्यालय एवं थाना परिसर में उगे घास एवं गंदगी को साफ करने का काम किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रविवार को पर्यावरण व परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए जनपद के समस्त थानों, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व लाइन में पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय व थाना परिसर में खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास, पेड़ों के सूखे पत्ते को काटा गया व आसपास की गंदगी की साफ-सफाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि समस्त संबंधित को नियमित तौर पर श्रमदान कर साफ-सफाई कर परिसर को स्वच्छ बनाये रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत धनघटा खलीलाबाद मार्ग पर बीते शनिवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से हुई 35 वर्षीय युवक की मौत की घटना में मृतक के परिजन की तहरीर पर रविवार को धनघटा पुलिस ने अज्ञात वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

**धनघटा थानान्तर्गत धनघटा-खलीलाबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन की ठोकर से शनिवार को एक 35 वर्षीय युवक की हो गयी थी मौत**

जानकारी के अनुसार शनिवार को अपरान्ह गोरखपुर जिले के बेलघाट थानान्तर्गत चौतरा तिवारी गांव निवासी 35 वर्षीय दिनेश पुत्र रामदरश धनघटा थानान्तर्गत धनघटा खलीलाबाद मार्ग पर प्रजापतिपुर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। दुर्घटना के बाद पहुंचे लोगों ने युवक को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया जहां चेकअप के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया था। सूचना पर रविवार को धनघटा थाने पहुंचे मृतक के परिजन-गोरखपुर जिले के बेलघाट थानान्तर्गत चौतरा तिवारी गांव निवासी रामदरश पुत्र सुजई ने अज्ञात वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध धनघटा पुलिस को लिखित तहरीर दी जिसके आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 304 ए व 279 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान कर ली जाएगी और उसके बाद मय चालक वाहन को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

## अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत धनघटा-खलीलाबाद मार्ग पर बीते दिनों वाहन की चपेट में आकर घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान हुई मौत की घटना को लेकर रविवार को धनघटा पुलिस ने दुर्घटना में शामिल चार पहिया वाहन नम्बर यूपी 50 ए डी 7555 के चालक नाम-पता अज्ञात के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के बण्डा बाजार निवासी पुष्पा देवी पत्नी शैलेन्द्र ने बताया कि बीते 6 अगस्त की शाम करीब 7 बजे उसके पति शैलेन्द्र गांव की मुख्य सड़क से होकर घर जा रहे थे उसी दौरान पीछे से उक्त चार पहिया वाहन का चालक तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पहुंचा और पति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पति शैलेन्द्र बुरी तरह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ें और उन्हें गंभीर चोटे आ गयी। पति की इलाज के दौरान मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन नम्बर यूपी 50 ए डी 7555 के चालक नाम-पता अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए व 279 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल वाहन समेत उसके चालक की पहचान कर उसे भी गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# स्नान के लिए भारी संख्या में विड़हरघाट पहुंचे श्रद्धालु

धनघटा (एसएनबी)। पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रविवार को सरयू नदी के विड़हरघाट पर स्नान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ में भारी संख्या में कांवरिए भी शामिल रहे।

**श्रद्धालुओं की भीड़ में कांवरिए रहे शामिल**

**भीड़ को नियन्त्रित करने लिए चुस्त प्रशासनिक इन्तजाम से नहीं करना पड़ा श्रद्धालुओं को जाम की समस्या का सामना**

विड़हरघाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने का अंदेशा प्रशासन को पहले से ही था। भीड़ को नियन्त्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा काफी चुस्त व्यवस्था भी कराई गई थी। इतना ही नहीं नदी में स्नान के दौरान भी नदी घाट पर भी प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए नदी की धारा में जहां वैरिकेटिंग की गई थी वहीं सुरक्षा के लिहाज से नदी के घाट पर भी महिला पुलिसकर्मी और होमगार्ड के जवानों के साथ ही पीएसीबल समेत भारी पुलिसबल भी तैनात किया गया था। पुलिसबल की तैनाती शनिवार की आधी रात से लेकर सोमवार की सुबह तक के लिए की गई है। इतना ही नहीं रात में उजाले के लिए नदी के घाट पर प्रकाश की विशेष व्यवस्था भी प्रशासन की तरफ से कराई गई है।



रविवार को विड़हरघाट पर स्नान करने पहुंची श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। फोटो : एसएनबी

विदित हो कि वैसे पूरे वर्ष हर रविवार को सरयू नदी के विड़हरघाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचते है लेकिन पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों पर जल चढ़ाने के लिए क्षेत्र से सरयू नदी के पवित्र जल भरने के लिए कांवरियों की भारी भीड़ रविवार को श्रद्धालुओं की उमड़ पड़ी। तमाम श्रद्धालु नदी में स्नान करने के साथ ही सावन के अंतिम यानि चौथे सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए नदी का पवित्र जल भरने के लिए पहुंचे थे तो श्रद्धालुओं के साथ-साथ पूरे जिले के कांवरियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पूर्व की तरह विड़हरघाट ही पहुंच कर सरयू का पवित्र जल भरा जिसके कारण रविवार को भारी भीड़ नदी तट पर उमड़ गई थी। रविवार की पूरी रात सरयू के विड़हरघाट से लेकर जिला मुख्यालय तक विड़हरघाट से खलीलाबाद मार्ग पर चारो तरफ सिर्फ कांवरियों की ही भीड़ देखने को मिल रही थी।

इस दौरान विड़हरघाट से जिला मुख्यालय तक सुरक्षा के लिहाज से हर छोटे-बड़े कस्बों-बाजारों और चौराहों पर पुलिस के जवानों की पिकेट ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव तथा सीओ धनघटा बृजेश सिंह पूरी रात भ्रमण करते रहे साथ ही प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने जहां थाना क्षेत्र के प्रजापतिपुर से लेकर विड़हरघाट तक लगातार पेट्रोलिंग करते हुए श्रद्धालुओं के आवागमन की पल-पल की जानकारी करने में जुटे रहे तो वहीं महुली थाने के प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह भी मुखलिसपुर से लेकर बाबा तामेश्वरनाथ धाम तक की सुरक्षा व्यवस्था की देखभाल के लिए लगातार मुस्तैदी से डटे रहे।

प्रशासन की चौकस व्यवस्था का परिणाम रहा कि श्रद्धालुओं को आवागमन के दौरान पूरे मार्ग पर कहीं भी जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।

# दस वारण्टी गिरफ्तार

**नाथनगर (एसएनबी)**। महुली पुलिस ने शनिवार की रात थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर 10 वारण्टियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सभी वारण्टियों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने सभी को संबंधित न्यायालय के समक्ष रविवार को पेश कर दिया जहां न्यायालय ने सभी की जमानत अर्जी को खारिज कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के घोरहट गांव निवासी अछैबर पुत्र रामफेर, महुली निवासी करमहुसेन पुत्र जब्बार, विश्वनाथपुर निवासी अखिलेश पुत्र रामअनुज, डहरौली गांव निवासी हनुमान पुत्र राजाराम, कोड़रा गांव निवासी राममिलन पुत्र रामशुभग, नटवा गांव निवासी उमापति पुत्र रामगुलाम, गिठिनी गांव निवासी कोईल पुत्र स्वामीनाथ तथा बघाड़ी उर्फ परसादीपुर गांव निवासी बुद्धिराम पुत्र रामभजन अलग-अलग अपराधिक मामलों में नामजद हैं। नामजद होने के बाद न्यायालय में चल रहे मुकदमे के परीक्षण की तारीख पेशी पर उक्त सभी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे तो न्यायालय ने सभी के खिलाफ गैर जमानती वारण्ट जारी कर महुली पुलिस को सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने का निर्देश बीते दिनों दिया था जिसके अनुपालन में छापेमारी कर गिरफ्तार करते हुए रविवार को सभी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# चोरी व बकाये के मामले में 124 मुकदमे दर्ज

जासं, संतकबीर नगर : विद्युत वितरण खंड-खलीलाबाद में बिजली चोरी व बकाया वसूली के लिए दबिश जारी है। 57 दिन में इन दोनों मामले में 124 मुकदमें दर्ज किए गए हैं। बकाया के कारण व चोरी से बिजली उपभोग करने पर 540 लोगों के कनेक्शन काटे गए हैं। इससे ऐसे उपभोक्ताओं में खलबली मची हुई है।

विद्युत वितरण खंड-खलीलाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष एक जुलाई से 26 अगस्त तक चोरी से बिजली उपभोग करने के मामले में 76 और बकाया के कारण 48 कुल 124 मुकदमें औद्योगिक क्षेत्र-खलीलाबाद स्थित बिजली थाने में दर्ज किए गए हैं। जांच के दौरान क्षमता से अधिक विद्युत उपभोग करते हुए 52 उपभोक्ता पकड़े गए। बकाया के चलते और चोरी से बिजली उपभोग करने के मामले में 540 लोगों के कनेक्शन काटे गए हैं। इससे ऐसे उपभोक्ताओं में खलबली मची हुई है। अधिशासी अभियंता रणधीर कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति चोरी से बिजली का उपभोग कदापि न करें। कनेक्शन लेते समय आवेदन में दर्शाए गए भार से अधिक बिजली का उपयोग न करें। समय से बिजली बिल का पैसा जमा करते रहें। यदि कोई दिक्कत हो तो उनसे संपर्क कर सकते हैं। समस्या का तुरंत निस्तारण कराया जाएगा।

# फरार चल रहे 15 वारंटियों को भेजा गया जेल

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने फरार चल रहे 15 वारंटियों को रविवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसमें धनघटा पुलिस ने घोरांग गांव निवासी राममिलन, महुली पुलिस ने गिठनी गांव निवासी शिवकुमार उर्फ कोईल को एक चाकू के साथ, घोरहट गांव निवासी अछैबर केवट व पुष्पराज, महुली पुरवा निवासी करम हुसैन, विश्वनाथपुर गांव निवासी अखिलेश पाण्डेय, डहरौली गांव निवासी हनुमान, कोड़रा गांव निवासी राममिलन, कोल्हुआ (पोपया) गांव निवासी श्यामदेव व राहुल, नटवा गांव निवासी उमापति यादव, गायघाट गांव निवासी अजीत सिंह व इनके भाई प्रदीप सिंह, प्रसादीपुर गांव निवासी बुद्धिराम को गिरफ्तार किया है। जबकि मेंहदावल पुलिस ने जमोहरा गांव निवासी गोरख को गिरफ्तार किया है। (विज्ञप्ति)

# शांतिभंग की आशंका में छह आरोपित पकड़े गए

संतकबीर नगर : जनपद की दो थाने की पुलिस ने रविवार को शांतिभंग की आशंका में छह लोगों को उनके गांव से पकड़कर थाने पर लाई। इसमें कोतवाली खलीलाबाद ने चार व बेलहरकला पुलिस ने दो लोगों को दबोचा है। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। (विज्ञप्ति)

# 65 वाहनों से 84 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से रविवार को अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 65 वाहन के चालकों से 84 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# रंजिश में मारपीट सगे भाइयों समेत तीन पर केस

बखिरा। क्षेत्र के मलेन गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

रामबुझारत यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश की बात को लेकर गांव के उपेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव व चन्द्ररेखा 22 अगस्त को उसकी दुकान पर आकर उसके बेटे धनंजय को मारने पीटने लगे। बीच बचाव में आए बेटे विजय, भाई राम बहाल व चाचा राजकुमार को भी अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। उसने किसी तरह से बचाव करके मामले को शांत कराया। पुलिस ने उपेंद्र, धर्मेंद्र व चंद्ररेखा पर मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

# 20 शीशी देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने रविवार को बंजरिया मोड के पास से 20 शीशी देसी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया। कोतवाल ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान अश्विनी कुमार राय निवासी मंझरिया कोतवाली के रुप में हुई। संवाद

# अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

बखिरा। क्षेत्र के मदरहा गांव के निकट एक व्यक्ति अवैध चाकू के साथ पकड़ा गया। आरोपी पर आर्म्स अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, फिर मुचलके पर छोड़ दिया गया। एसओ श्याममोहन ने बताया कि दुर्गजोत चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल राधेश्याम वर्मा व कांस्टेबल अनुज कुमार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। सूचना मिलने पर वह मदरहा गांव के निकट पहुंच गए तभी छरांछ नहर से कुछ पहले एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। तलाशी में आरोपी के पास से एक अदद अवैध चाकू मिला। आरोपी की पहचान दुर्गजोत निवासी यार मोहम्मद के रूप में हुई है। संवाद

# तीन स्थानों पर लगवाए गए 15 सीसी कैमरे

जासं, संतकबीर नगर: आपरेशन त्रिनेत्र के तहत हर घर सीसी कैमरा लगाने का अभियान चल रहा है। रविवार को पुलिस द्वारा जनसहयोग से तीन स्थानों पर 15 सीसी कैमरे लगवाए गये। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर तीन, दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर सात, मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसी कैमरे लगवाए।

यह कैमरा लगाने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने जनपद के लोगों से अपील की है कि वे घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे जरूर लगवाएं।

कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। इससे कानून व्यवस्था बेहतर करने में मदद मिलेगी। (विज्ञप्ति)

# युवक की मौत के मामले में स्कूटी चालक पर केस

**बखिरा।** एक महीने पूर्व बीएमसीटी मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक बाइक चालक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पड़रिया गांव निवासी रामसमुझ ने बताया कि उनका बेटा 29 जुलाई को बाइक से चमनगंज जा रहा था। चमनगंज चौराहे से पहले ही पहुंचने पर शाम को साढ़े सात बजे विपरीत दिशा से आ रहे एक स्कूटी चालक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर होने से बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

सूचना मिलने पर वह भी मौके पर पहुंच गए थे। संवाद

# तीन स्थानों पर लगवाए गए 15 सीसीटीवी कैमरे

**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में रविवार को पुलिस ने जनसहयोग से तीन स्थानों पर 15 सीसीटीवी कैमरे लगवाए।

एसपी ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरे, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर सात सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत ज़नसामान्य से अपील की जा रही है कि वे अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-08-2023

# त्योहार में कायम रखें भाईचारा

वजीरगंज। थाना क्षेत्र में जन्माष्टमी चेहल्लुम व रक्षाबंधन त्योहार को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक एसओ अभय सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। इसमें लोगों से आपसी तालमेल बनाकर त्योहार मनाने की अपील की गई।

एसओ ने कहा कि त्योहार आपस में मिलजुलकर करना चाहिए। आपसी तालमेल से लोग एक-दूसरे के मिलकर मनाएं। जहां भी पुलिस की आवश्यकता हो तुरंत सूचना दें। ग्राम पंचायत रसूलपुर, करदा, परसापुर महडौर, विरहमतपुर, नगवा, जगदीश पुर कटरा, सहिबापुर, बौगडा, वजीरगंज व दुर्जनपुर घाट में चेहल्लुम शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। कहा कि कोई नई परंपरा न अपनाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में कमेटी बना कर छोटे-छोटे मामले पंचायत में निपटा लें।

# बालिका बरामद आरोपी हत्थे चढ़ा

नवाबगंज। थानाक्षेत्र के एक गांव से भगाई गई बालिका को पुलिस ने घटना के दो दिनों के भीतर बरामद करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड के लिए पेश किया।

पीड़िता के पिता ने शनिवार को थाने मे तरबगंज थानाक्षेत्र के सरावां गांव के रहने वाले अंकित के विरूद्ध स्कूल जाते समय बेटी को बहला फुसलाकर भागा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचनाधिकारी ढेमवा चौकी इंचार्ज साहेब कुमार ने बताया की सोमवार के सुबह सरयू के पुराने पुल के निकट हाईवे पर बालिका और आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया।

# बिना परमिट पेड़ काटने पर में दो लोग फंसे

छपिया। वन क्षेत्र रेंज सादुल्लाह नगर के एलनपुर बीट प्रभारी ने बिना परमिट के सागौन के पेड़ काटने पर दो लोगों के विरुद्ध छपिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वन दरोगा कैलाशनाथ शुक्ला ने बताया की शिकायती सूचना के आधार पर हुई जांच में क्षेत्र के घुरहूजोत गांव में बिना परमिट के 30 हरे सागौन के पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई। जिसके आधार पर गांव के पेड़ खरीदने वाले के खिलाफ वन अधिनियम अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# बालिका को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

तरबगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक बालिका के अपहरण मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पास्को एक्ट दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी शिवबचन यादव पुत्र हीरालाल यादव निवासी खाले शीशौ मुरावनपुरवा ने एक माह पहले बालिका का अपहरण किया था। तरबगंज पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।आरोपी को उपनिरीक्षक संदीप वर्मा ने टीम के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार पकड़े

- फूस के घर में आरोपी बना रहे थे अवैध असलहे
- एसओजी-कोतवाली पुलिस ने मिलकर की कार्रवाई

मनकापुर, संवाददाता। अवैध असलहे का कारोबार करने वाले गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। ग्राम मऊ में एक फूस के घर में चल रहे अवैध असलहा फैक्ट्री पर पुलिस व एसओजी की संयुक्त ने छापेमारी करके निर्मित व अर्धनिर्मित असलहों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

रविवार को एसआई प्रबोध कुमार, एसआई सर्वजीत गुप्ता व एसओजी, कस्बा प्रभारी एसआई अंकित सिंह मय फोर्स ग्राम मऊ गांव स्थित निर्मल कोरी के मड़हा में बनाये जा रहे अवैध असलहा फैक्ट्री में छापेमारी की। इस मौके से अवैध एक 12 बोर व एक 315 बोर तमंचा व 01 अर्धनिर्मित तमंचा 315 बोर तथा अवैध तमंचा बनाने के तमाम उपकरण, भठ्ठी आदि सामानों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम मोहम्मद शब्बीर पुत्र मोहम्मद जमी निवासी मोहल्ला रफी नगर कस्बा मनकापुर, सूबेदार शेख पुत्र सलीम निवासी ग्राम शेखपुरवा, शिवम यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी ग्राम अशरफपुर के मजरा भवानी सिंह पुरवा, विश्राम यादव पुत्र बुद्धराम यादव निवासी ग्राम जगदीशपुरके रहने वाले हैं। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाई कर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

कटरा बाजार। एक अदद नाजायज चाकू और तीन सौ नशीली गोली के साथ दो लोगों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कटहवा नहर पुलिया के पास घूम रहे संदिग्ध राकेश पुत्र शिव कुमार निवासी माधव पुरवा बनगांव को रोक कर चेक किया गया। वहीं कुर्मी बरवलिया के बाबा कुट्टी तिराहे पर घूम रहे प्रीतम कश्यप की तलाशी की गई।

# किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

धानेपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी को को घर पर काम पर आने वाला एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पिता की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने आरोपी को दबोच लिया है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मामला दर्ज हुआ

- मामले का आरोपी युवक कानपुर का है निवासी
- शादी से पहले दहेज का सामान मांग रहे थे ससुरालवाले

बभनजोत, संवाददाता। शादी का झांसा देकर युवती से युवक ने कई बार दुष्कर्म किया। मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच-पड़ताला शुरू कर दी है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने शादी का झांसा देकर एक युवक पर कई बार शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर आनन-फानन में खोड़ारे पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए तहरीर मे बताया है कि मोहम्मद हुसैन निवासी कानपुर से शादी तय थी किन्तु युवक के माता-पिता दहेज का पूरा सामान शादी से पहले मांगने लगे। इस पर उसके पिता ने दहेज का सामान शादी से पहले देने से मना कर दिया गया। इसके बाद युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। पीडिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म व उसके माता-पिता के खिलाफ धमकी का मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# बहू ने किया भतीजी का अपहरण, केस

उमरी बेगमगंज। कोतवाली देहात निवासी एक व्यक्ति ने अपनी सगी बहू के ऊपर अपनी भतीजी का अपहरण कर गायब कर देने का आरोप लगाया है। किशोरी के चाचा ने बताया कि 19 अगस्त को उनकी बहू नीलम उनकी भतीजी को अपने साथ लेकर मायके गई थी। फिर वहां पर उन्होंने भतीजी के गायब हो जाने की फोन पर सूचना दी। पूछताछ करने पर बहू कई तरह के बहाने बनाने लगी। उन्हें पूरा विश्वास है कि बहू ने अपने मायके में किसी युवक के साथ भेजकर गायब कर दिया है। उनके द्वारा उमरी थाने पर तहरीर दी परंतु रिपोर्ट नहीं लिखी गई। थानाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि दी गई तहरीर के अनुसार नीलम, नंदू, शिवलाल, निर्मल, मनोज, ननके, सुशील निवासीगण पांडे पुरवा थाना उमरी बेगमगंज के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश की जा रही है।

# सभी थानों पर चला सफाई अभियान

गोण्डा। रविवार को जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मियों ने साफ–सफाई चलाया। एसपी अंकित मित्तल के निर्देश पर चलाए गए अभियान के बाद थाना परिसरों में सफाई देखने को मिली। इस दौरान विशेष रूप से थानों पर खाली पड़े हुए स्थान पर जगह–जगह उगी हुई घास को कटवाने व गंदगी को साफ करने का निर्देश दिए गए थे।

# नशीली गोलियों के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाल ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान दरोगा भानु प्रताप सिंह ने सूचना पर आरोपी संदीप शुक्ला को गायत्रीपुरम चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 68 नशीली गोलियां बरामद किया गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# रंजिश में दो पक्ष भिड़े चार घायल, आठ पर केस

परसपुर। ग्राम भौरीगंज के मंगलौसा में भूमि रंजिश में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। आरती पाण्डेय व दूसरे पक्ष के गौरव पाण्डेय ने थाने में तहरीर दी है। एसओ ने बताया कि चतुरभुजी, गौरव, मनीष, आशुतोष व दूसरे पक्ष के रामू, द्वारिका, प्रमोद व दिनेश पर घर में घुसकर मारपीट करने का केस दर्ज हुआ है।

# फर्जी बताकर स्टे आर्डर फाड़ा, दर्ज होगा मुकदमा

तरबगंज। स्थानीय तहसील में एक अधिवक्ता पर आयुक्त कोर्ट के आदेश व अभिलेख को फाड़ने के मामले में एसडीएम ने आरोपी अधिवक्ता पर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश रजिस्टार कानूनगो को दिये हैं।

मामला तहसील क्षेत्र के नहदही ग्राम सभा का है। जहां भूमि बंटवारा के सम्बंध मे एसडीएम कोर्ट पर किशुनदत्त ने वाद दायर किया गया था। इसमें एसडीएम कोर्ट से जग प्रसाद के पक्ष में एक पक्षीय आदेश पारित किया था। इसके खिलाफ किशुन दत्त ने आयुक्त कोर्ट पर वाद दायर किया गया। आयुक्त ने एसडीएम के आदेश को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया। स्थगन आदेश को खतौनी मे दर्ज कराने के बाद पहुंचे दूसरे पक्ष के अधिवक्ता ने आदेश को फर्जी बताकर आरके से छीनकर फाड़ दिया।

# वन अधिनियम में 30 पेड़ काटने का कराया केस

संसू, मसकनवा : सादुल्लाह नगर वन क्षेत्र रेंज के घुरहूजोत गांव में बिना परमिट के 30 हरे सागौन के पेड़ काटे जाने की शिकायत की गई है। वन दरोगा कैलाश नाथ शुक्ल ने गांव के राधेश्याम यादव व पेड़ खरीदार अजित सिंह निवासी नाथपुर थाना परशुरामपुर जिला बस्ती के विरुद्ध वन अधिनियम में मुकदमा कराया है।

# अवैध असलहा समेत पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

संसू, मनकापुर : ग्राम बड़कामऊ में उपनिरीक्षक प्रबोध कुमार, अंकित व एसओजी प्रभारी सर्वजीत गुप्ता ने छापेमारी की। तमंचा व उसे बनाने का उपकरण बरामद किया है। मोहम्मद शब्बीर निवासी मुहल्ला रफीनगर, सूबेदार शेख निवासी ग्राम शेखपुरवा, शिवम यादव निवासी अशरफपुर के भवानी सिंह पुरवा व विश्राम यादव निवासी जगदीशपुर को गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# 19 नामजद समेत 54 पर मुकदमा दर्ज, आंदोलन करेंगे रोडवेज कर्मी

संसू, गोंडा : डिपो पर खड़ी बस के चालान व चालक को थाने पर ले जाने के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने शुक्रवार को मार्ग जाम करके प्रदर्शन किया था। पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की। कोतवाल से माफी मांगने पर अड़े कर्मियों ने डिपो के पास तिरछी बस खड़ी करके आवागमन बाधित किया था। इस मामले में 19 नामजद व 35 अज्ञात समेत 54 कर्मियों पर पुलिस ने मुकदमा किया है।

उप निरीक्षक पिंटू कुमार यादव ने तहरीर देकर कहा कि रोडवेज कर्मियों ने सड़क पर बस खड़ी करके जाम लगा दिया था। जाम खुलवाने का प्रयास किया तो सभी हमलावर हो गए। उपनिरीक्षक की तहरीर पर नगर कोतवाली में रवि मिश्र, अरुणभान तिवारी, जय प्रताप सिंह परिचालक, बृजेश सिंह बाबू, राम नायक शुक्ल, अमन सिंह परिचालक, प्रतीक श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र प्रकाश, राजेश यादव, संतोष कुमार, अभिषेक पटेल, मनोज मिश्र, फारुकी, पवन कुमार, एमपी सिंह भदौरिया, राम कुशल, सुनहरी सिंह, आदित्य कुमार, शिवम दुबे के साथ 30 से 35 अज्ञात लोगों पर मुकदमा किया गया है। उप निरीक्षक राजेंद्र कनौजिया को जांच सौंपी गई है। नगर कोतवाल राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों ने अचानक रोड जाम करने से लोगों को परेशानी हुई। उप निरीक्षक से धक्का-मुक्की की गई थी।

**पुलिस पर लगाया मनमानी का आरोप**: रोडवेज कर्मचारी नेता रवि मिश्र ने पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाया है। कहा कि मांगों को मानते हुए कारंवाई न करने का आश्वासन दिया गया था। मुकदमा करना गलत है। डीएम से मिलकर स्थिति से अवगत कराएंगे। संगठन के प्रदेश नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। कर्मियों ने मुकदमा समाप्त न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।





## आरोपित गिरफ्तार

नवाबगंज : किशोरी के अपहरण के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने मुकदमा कराया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि शिवदयालगंज से आरोपित को गिरफ्तार किया है। (संसू)

## वांछित गिरफ्तार

आर्यनगर : पांच साल पहले हुई मारपीट की घटना के वांछित कौड़िया के तेलिया कोट गांव निवासी संतू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

# बिना परमिट के काटे सागौन के 30 पेड़

मसकनवा (गोंडा)। वन दरोगा कैलाशनाथ शुक्ल ने बताया कि घुरहूजोत गांव में बिना परमिट के सागौन के 30 हरे पेड़ काट लिए गए। पेड़ों के मालिक राधेश्याम यादव व पेड़ खरीदने वाले बस्ती के नाथपुर निवासी अजित सिंह के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। (संवाद)

# दो जोड़े साथ रहने को हुए राजी

गोंडा। पुलिस लाइंस में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें आठ मामले आए। संधिकर्ताओं ने सभी को आमने-सामने बैठाकर संवाद कराया। दो जोड़े साथ रहने को राजी हो गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक पूनम यादव, गंगाधर शुक्ल, राजमंगल मौर्य, शशि कुमार भारती, यशोदा नंदन त्रिपाठी मौजूद रहे। (संवाद)

# एक-दूसरे की भावनाओं का करें सम्मान

करनैलगंज (गोंडा)। चेहल्लुम, कजरी तीज व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत रविवार शाम कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओ चंद्रपाल शर्मा ने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। अफवाहों पर ध्यान न देकर पुलिस को सूचना दें। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने कहा कि शांति-व्यवस्था में खलल डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में शमीम अच्छन, मोहित पांडेय, कन्हैयालाल वर्मा, आशीष गिरि, अकबाल रजा कुरैशी, मोहम्मद अहमद, नजीर इंडियन मौजूद रहे। (संवाद)

# 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

गोंडा। छपिया इंस्पेक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार को चिकमंडी मसकनवा से 25 हजार के ईनामी मो. इरशाद को गिरफ्तार किया गया है। वह आठ माह से फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक उसके खिलाफ चोरी समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। फरारी के दौरान एसपी ने उस पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। (संवाद)

# मारपीट में नौ लोगों पर केस

परसपुर (गोंडा)। दो जगह हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित पांच लोगों को चोटें आई हैं। दोनों मामलों में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम भौरीगंज मंगलौसा निवासी आरती पांडेय ने चतुर्भुजी पांडेय, गौरव पांडेय, मनीष पांडेय व आशुतोष पांडेय के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसी प्रकरण में गौरव ने भी रामू तिवारी, द्वारिका पांडेय, प्रमोद पांडेय व ग्राम बसंतपुर निवासी दिनेश के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दूसरी घटना भभूती पांडेय पुरवा बेलमत्थर की है। अशोक ने संतोष के खिलाफ केस दर्ज कराया है। (संवाद)

# स्वच्छता मुहिम : थानों में चला सफाई अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। एसपी अंकित मित्तल के निर्देश पर पुलिस महकमे ने स्वच्छता मुहिम की शुरुआत की है। रविवार को जिले के सभी स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर थाना भवन व परिसर की साफ-सफाई की।



करनैलगंज कोतवाली में सफाई करते कोतवाल व अन्य। संवाद

पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की। नगर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। वजीरगंज में थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में थाना परिसर की सफाई कराई गई। करनैलगंज में कोतवाल चितवन कुमार ने मातहतों के साथ कोतवाली परिसर की सफाई की।

धानेपुर में थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने पुलिसकर्मियों के साथ थाना परिसर की सफाई की। इसके अलावा जिलेभर के थानों में पुलिसकर्मियों ने सफाई अभियान चलाकर परिसर की सफाई की।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

खोड़ारे (गोंडा)। खोड़ारे के एक गांव की रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर कानपुर के युवक ने उससे नजदीकी बना ली और दुष्कर्म किया। युवती ने आरोपी व उसके माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि उसका निकाह 21 मई 2023 को मोहम्मद हुसैन निवासी राजूनगर मछारिया कानपुर से तय हुआ था। इसके बाद मोहम्मद हुसैन फोन पर उससे बातचीत करने लगा। उसका युवती के घर आना-जाना शुरू हो गया। आरोप है कि मोहम्मद हुसैन निकाह करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। 10 मई 2023 को मोहम्मद हुसैन के पिता अब्दुल वाहिद व मां युवती के घर पहुंचे और दहेज का पूरा सामान शादी से पहले मांगने लगे। युवती के पिता ने शादी से पहले सामान देने से मना किया तो निकाह करने से इंकार कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि युवती की तहरीर पर मोहम्मद हुसैन खिलाफ दुष्कर्म व उसके माता-पिता के खिलाफ अभद्रता व धमकी का केस दर्ज किया गया है।

## पति समेत छह पर प्रताड़ना का केस

इटियाथोक (गोंडा)। इटियाथोक की रहने वाली राजकुमारी ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि उसने बेटी आरती की शादी पांच वर्ष पूर्व विकास निवासी कर्मडीह कलां से की थी। राजकुमारी का आरोप है कि विकास, ससुर पराग, सास कलावती, देवर विक्रम, धर्मराज व शीला ने दहेज में बोलेरो न लाने पर आरती से गहने छीन लिए और पीटकर घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## किशोरी के अपहरण का आरोपी दबोचा

तरबगंज (गोंडा)। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी को शिवबचन यादव अगवा कर ले गया था। आरोपी शिवबचन को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# असलहा फैक्टरी पकड़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

## मनकापुर में तमंचे बना रहे चार लोग दबोचे, दो निर्मित व एक अर्द्धनिर्मित तमंचा और बनाने के उपकरण मिले

गोंडा। स्वाट व मनकापुर पुलिस ने शनिवार देर रात वड़कामऊ गांव में दबिश दी। पुलिस टीम ने गांव के एक मड़हे में असलहा वनाते चार लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मौके पर 12 बोर के दो निर्मित व 315 बोर का एक अर्द्धनिर्मित तमंचा और इन्हें बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं।

एएसपी शिवराज ने बताया कि शनिवार रात स्वाट के उपनिरीक्षक सर्वजीत गुप्ता व मनकापुर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रबोध कुमार टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। तभी सूचना मिली कि क्षेत्र के वड़कामऊ के रहने वाले निर्मल कोरी के मड़हे में अवैध शस्त्र बनाए जा रहे हैं। वहां दबिश दी गई तो चार लोग असलहे बनाने मिले। चारों को दबोच लिया गया। इनमें मो. शब्बीर निवासी रफीनगर, सूबेदार शेख निवासी शेखपुरवा, शिवम यादव निवासी भवानी सिंह पुरवा अशरफपुर व विश्राम यादव निवासी वड़कामऊ शामिल हैं।

चारों के पास से 12 बोर के दो निर्मित तमंचे, 315 बोर का एक अर्द्धनिर्मित तमंचा व असलहा बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। आरोपियों ने पूछताछ वताया कि वह सभी निर्मल कोरी के साथ मिलकर तमंचा बनाकर वेचने का काम करते हैं। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली मनकापुर में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।



मनकापुर कोतवाली में पुलिस की गिरफ्त में असलहे बनाने के आरोपी। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-28-08-2023

# पांच वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

बलरामपुर : पांच वारंटियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। थाना रेहरा बाजार में ग्राम भगवानुपर ग्रंट निवासी सुखदेव उर्फ खजांची, थाना सादुल्लाहनगर में आर्म्स एक्ट के तहत मद्दोघाट निवासी राम किशुन, थाना हरैया में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में गणेशपुर निवासी मद्दे व हरिहरपुर गणेशपुर निवासी मंशाराम उर्फ मंतराम को जेल भेज दिया गया है। थाना गौरा चौराहा में हरवंशपुर मझौवा निवासी धर्मेंद्र भी जेल भेजा गया है। (संसू)

# दो गांवों में फैली लंपी बीमारी पशुपालकों को सता रही चिंता

**संवादसूत्र, हरैया सतघरवा (बलरामपुर) :** गोवंशों में फैली लंपी से विकास खंड हरैया सतघरवा के राजीपुर व सिंहपुर गांव के पशुपालकों को चिंता सता रही है। लंपी से प्रभावित होने के बाद गोवंशों को टीका नहीं लगाया जा सकता है। सिर्फ इलाज से ही उन्हें ठीक किया जा सकता है। पशुपालकों ने लंपी से प्रभावित गोवंशों का इलाज कराने की मांग की है।

विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत राजीपुर व सिंहपुर के पशुपालक राजू, मिश्रीलाल वर्मा, रामपूरन व फकीरे ने बताया कि उनके गोवंशों में लंपी की बीमारी फैली है। हम लोग प्रभावित गोवंशों के इलाज को लेकर परेशान हैं। प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि गोवंशों में लंपी तेजी से फैल रही है। गांव के कई पशुपालकों के गोवंशों में लंपी के लक्षण पाए गए हैं। इसकी सूचना पशु चिकित्सक को तत्काल दी गई है। पशु चिकित्साधिकारी शिवपुरा डा. अनुरुद्ध सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बेसहारा गोवंशों में इस बीमारी के लक्षण दिख रहे हैं। गांवों में टीम भेजकर इलाज किया जा रहा है। रोग का परीक्षण कराया जा रहा है कि लंपी वायरस है या कोई अन्य बीमारी है।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# छुट्टे मवेशियों को गोआश्रय केंद्र भेजने का अभियान शुरू

संवाद न्यूज़ एजेंसी

## डीएम आवास व शहर से 32 छुट्टे मवेशियों को पकड़ कर भेजा केंद्र

बलरामपुर। छुट्टा मवेशियों से होने वाली परेशानी से लोगों को निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका ने अभियान शुरू कर दिया है। उनको पकड़कर गोआश्रय केंद्र भेजा जाने लगा है। अभियान के तहत 32 छुट्टे मवेशियों को पकड़ कर गोआश्रय केंद्र भेजा गया है।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि वीर विनय चौराहे से बहादुरपुर, जिला अधिकारी आवास तक चले अभियान में छुट्टे मवेशियों को पड़कर बहराइच रोड स्थित नगर पालिका द्वारा संचालित गो आश्रय केंद्र पर भेजा गया है। बताया कि इनको पकड़ने का अभियान निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी मवेशी पालकों को चेतावनी दी है कि अपने-अपने मवेशियों को बांधकर रखें। अभियान के दौरान यदि वे घूमते पाए गए तो उसे पड़कर गोआश्रय केंद्र भेज दिया जाएगा। अभियान में पालिका परिषद के सुरेश कुमार गुप्ता व बृजेश पाल शामिल हैं।

# त्रिनेत्र मित्र को किया सम्मानित

बलरामपुर। जिले के दो थाना क्षेत्रों में रविवार को त्रिनेत्र मित्र को सम्मानित किया गया। सादुल्लाहनगर थाने की पुलिस ने सादुल्लाहनगर कस्बे में सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले अखिलेश गुप्ता और संदीप कुमार को सम्मानित किया है। इसी तरह तुलसीपुर थाने की पुलिस ने गनवरिया निवासी हसनैन को सीसीटीवी लगवाने पर सम्मानित किया। (संवाद)

# निजी वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर कार्रवाई



बलरामपुर। निजी वाहनों का व्यावसायिक प्रयोग करना वाहन स्वामियों को भारी पड़ गया। परिवहन विभाग ने निजी वाहनों को बुकिंग पर चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई।

एआरटीओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में निजी वाहनों को व्यवसाय के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ 23 से 25 अगस्त तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अलग-अलग क्षेत्र से नौ वाहनों को सीज किया गया। वहीं 20 निजी वाहनों पर करीब आठ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। उन्होंने निजी वाहनों को स्वयं के लिए इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। बुकिंग पर चलाए जाने पर सीज करने की चेतावनी दी। (संवाद)

# महिलाओं को दी कानून की जानकारी

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर रविवार को पेहर बाजार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 102 व 108 के बारे में जानकारी देते हुए उसके उपयोग का तरीका भी बताया। इस दौरान महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पर्चा भी बांटा गया। (संवाद)

# छह पारिवारिक मामलों का निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छह पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, संजय कुमार पांडेय, वंदना मिश्रा, तनवीर जहां, हेमा, ज्योति व महिला थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# पुलिस ने एक को पकड़ा

बलरामपुर। गौरा चौराहा थाने की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज नरायन गुप्त ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान धर्मेंद्र निवासी ग्राम हरवंशपुर मझौवा के रूप में हुई है। (संवाद)

# वन अधिनियम में गिरफ्तार

बलरामपुर। हरैया थाने की पुलिस ने वन अधिनियम के तहत वांछित रहे एव अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान मंसाराम निवासी ग्राम हरिहरपुर गणेशपुर के रूप मे हुई है। उसे जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार

बलरामपुर। रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वारंटी रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सीओ ज्योतिश्री ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान सुखदेव निवासी ग्राम भगवानपुर ग्रंट के रूप में हुई है। (संवाद)

# मारपीट मामले में अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा पुलिस में घर में घुसकर मारपीट के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र पुत्र रामदास निवासी हरवंशपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त मारपीट सहित अन्य मामले में न्यायालय से वांछित थे।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस ने फॉरेस्ट सहित अन्य मामले में दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक सुनील कुमार पाल ने बताया कि मद्दे पुत्र पुत्तीलाल, मंशाराम उर्फ मस्तराम पुत्र रामेश्वर निवासीगण गणेशपुर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मद्दे फॉरेस्ट एक्ट में तथा मंसाराम घर में घुसकर मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त थे।

# आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट व आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। उप निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रामकिशुन पुत्र राजाराम निवासी थाना सादुल्लाह नगर उपरोक्त मामले में वांछित अभियुक्त थे जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# मारपीट समेत अन्य मामले में अभियुक्त को दबोचा

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने मारपीट सहित अन्य मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक धर्मराज यादव ने बताया कि सुखदेव उर्फ खजांची पुत्र सुंदर निवासी भगवानपुर को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-08-2023

# पांच वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

बलरामपुर : पांच वारंटियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। थाना रेहरा बाजार में ग्राम भगवानुपर ग्रंट निवासी सुखदेव उर्फ खजांची, थाना सादुल्लाहनगर में आर्म्स एक्ट के तहत मद्दोघाट निवासी राम किशुन, थाना हरैया में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में गणेशपुर निवासी मद्दे व हरिहरपुर गणेशपुर निवासी मंशाराम उर्फ मंतराम को जेल भेज दिया गया है। थाना गौरा चौराहा में हरवंशपुर मझौवा निवासी धर्मेंद्र भी जेल भेजा गया है। (संसू)

# दो गांवों में फैली लंपी बीमारी पशुपालकों को सता रही चिंता

**संवादसूत्र, हरैया सतघरवा (बलरामपुर) :** गोवंशों में फैली लंपी से विकास खंड हरैया सतघरवा के राजीपुर व सिंहपुर गांव के पशुपालकों को चिंता सता रही है। लंपी से प्रभावित होने के बाद गोवंशों को टीका नहीं लगाया जा सकता है। सिर्फ इलाज से ही उन्हें ठीक किया जा सकता है। पशुपालकों ने लंपी से प्रभावित गोवंशों का इलाज कराने की मांग की है।

विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत राजीपुर व सिंहपुर के पशुपालक राजू, मिश्रीलाल वर्मा, रामपूरन व फकीरे ने बताया कि उनके गोवंशों में लंपी की बीमारी फैली है। हम लोग प्रभावित गोवंशों के इलाज को लेकर परेशान हैं। प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि गोवंशों में लंपी तेजी से फैल रही है। गांव के कई पशुपालकों के गोवंशों में लंपी के लक्षण पाए गए हैं। इसकी सूचना पशु चिकित्सक को तत्काल दी गई है। पशु चिकित्साधिकारी शिवपुरा डा. अनुरुद्ध सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बेसहारा गोवंशों में इस बीमारी के लक्षण दिख रहे हैं। गांवों में टीम भेजकर इलाज किया जा रहा है। रोग का परीक्षण कराया जा रहा है कि लंपी वायरस है या कोई अन्य बीमारी है।


जिले की महत्वपूर्ण खबरें

www.jagran.com पर पढ़ें

# छुट्टे मवेशियों को गोआश्रय केंद्र भेजने का अभियान शुरू

संवाद न्यूज़ एजेंसी

## डीएम आवास व शहर से 32 छुट्टे मवेशियों को पकड़ कर भेजा केंद्र

बलरामपुर। छुट्टा मवेशियों से होने वाली परेशानी से लोगों को निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका ने अभियान शुरू कर दिया है। उनको पकड़कर गोआश्रय केंद्र भेजा जाने लगा है। अभियान के तहत 32 छुट्टे मवेशियों को पकड़ कर गोआश्रय केंद्र भेजा गया है।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि वीर विनय चौराहे से बहादुरपुर, जिला अधिकारी आवास तक चले अभियान में छुट्टे मवेशियों को पड़कर बहराइच रोड स्थित नगर पालिका द्वारा संचालित गो आश्रय केंद्र पर भेजा गया है। बताया कि इनको पकड़ने का अभियान निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी मवेशी पालकों को चेतावनी दी है कि अपने-अपने मवेशियों को बांधकर रखें। अभियान के दौरान यदि वे घूमते पाए गए तो उसे पड़कर गोआश्रय केंद्र भेज दिया जाएगा। अभियान में पालिका परिषद के सुरेश कुमार गुप्ता व बृजेश पाल शामिल हैं।

# त्रिनेत्र मित्र को किया सम्मानित

बलरामपुर। जिले के दो थाना क्षेत्रों में रविवार को त्रिनेत्र मित्र को सम्मानित किया गया। सादुल्लाहनगर थाने की पुलिस ने सादुल्लाहनगर कस्बे में सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले अखिलेश गुप्ता और संदीप कुमार को सम्मानित किया है। इसी तरह तुलसीपुर थाने की पुलिस ने गनवरिया निवासी हसनैन को सीसीटीवी लगवाने पर सम्मानित किया। (संवाद)

# निजी वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर कार्रवाई



**बलरामपुर।** निजी वाहनों का व्यावसायिक प्रयोग करना वाहन स्वामियों को भारी पड़ गया। परिवहन विभाग ने निजी वाहनों को बुकिंग पर चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई।

एआरटीओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में निजी वाहनों को व्यवसाय के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ 23 से 25 अगस्त तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अलग-अलग क्षेत्र से नौ वाहनों को सीज किया गया। वहीं 20 निजी वाहनों पर करीब आठ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। उन्होंने निजी वाहनों को स्वयं के लिए इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। बुकिंग पर चलाए जाने पर सीज करने की चेतावनी दी। (संवाद)

# महिलाओं को दी कानून की जानकारी

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर रविवार को पेहर बाजार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 102 व 108 के बारे में जानकारी देते हुए उसके उपयोग का तरीका भी बताया। इस दौरान महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पर्चा भी बांटा गया। (संवाद)

# छह पारिवारिक मामलों का निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छह पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, संजय कुमार पांडेय, वंदना मिश्रा, तनवीर जहां, हेमा, ज्योति व महिला थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# पुलिस ने एक को पकड़ा

बलरामपुर। गौरा चौराहा थाने की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज नरायन गुप्त ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान धर्मेंद्र निवासी ग्राम हरवंशपुर मझौवा के रूप में हुई है। (संवाद)

# वन अधिनियम में गिरफ्तार

बलरामपुर। हरैया थाने की पुलिस ने वन अधिनियम के तहत वांछित रहे एव अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान मंसाराम निवासी ग्राम हरिहरपुर गणेशपुर के रूप मे हुई है। उसे जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार

बलरामपुर। रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वारंटी रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सीओ ज्योतिश्री ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान सुखदेव निवासी ग्राम भगवानपुर ग्रंट के रूप में हुई है। (संवाद)

# मारपीट मामले में अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा पुलिस में घर में घुसकर मारपीट के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र पुत्र रामदास निवासी हरवंशपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त मारपीट सहित अन्य मामले में न्यायालय से वांछित थे।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस ने फॉरेस्ट सहित अन्य मामले में दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक सुनील कुमार पाल ने बताया कि मद्दे पुत्र पुत्तीलाल, मंशाराम उर्फ मस्तराम पुत्र रामेश्वर निवासीगण गणेशपुर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मद्दे फॉरेस्ट एक्ट में तथा मंसाराम घर में घुसकर मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त थे।

# आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**बलरामपुर।** थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट व आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। उप निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रामकिशुन पुत्र राजाराम निवासी थाना सादुल्लाह नगर उपरोक्त मामले में वांछित अभियुक्त थे जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# मारपीट समेत अन्य मामले में अभियुक्त को दबोचा

**बलरामपुर।** थाना रेहरा बाजार पुलिस ने मारपीट सहित अन्य मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक धर्मराज यादव ने बताया कि सुखदेव उर्फ खजांची पुत्र सुंदर निवासी भगवानपुर को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-28-08-2023

## गोवंशों को संरक्षित करें पशुपालक



**इकौना / कटरा (श्रावस्ती)।** इकौना तहसील सभागार में रविवार को एसडीएम ने सीओ सहित भाकियू पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान उन्होंने तहसील क्षेत्र के पशुपालकों को अपने गोवंशों को संरक्षित करने की बात कही। ऐसा न होने पर संबंधित गोवंशों को गोशाला में संरक्षित कराने को कहा। एसडीएम रामदत्त राम ने रविवार को भाकियू पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बीडीओ इकौना व गिलौला को गांवों में डुग्गी मुनादी कराकर पशुपालकों से अपने गोवंशों को सुरक्षित रखने की सूचना देने का निर्देश दिया। साथ ही 28 से 30 अगस्त तक मुनादी के बाद पशुओं की गणना कराने एवं पांच सितंबर को इसकी समीक्षा करने की बात कही। इस दौरान सीओ संतोष कुमार, भाकियू जिलाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा, बीडीओ चन्द्र भूषण तिवारी सहित कई किसान नेता मौजूद रहे। संवाद

# चाकू के साथ एक धरा गया

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** सोनवा पुलिस ने रविवार रात एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के बेड़ियन पुरवा निवासी सुभान अली पुत्र अब्बास के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई किया है। संवाद

# दो चोरों को पकड़ा

**श्रावस्ती।** सोनवा पुलिस ने रविवार काा एक बाइक पर सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया। कल्याणपुर चौराहे से हुई इस गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने चोरी का एक बकरा भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनपुरवा निवासी अजय कुमार व बहराइच के थाना रिसिया अंतर्गत ग्राम बेंडियन पुरवा निवासी सुभान अली के रूप में हुई। संवाद

# 25 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 25 वाहनों का ई-चालान कर 26,500 रुपये शमन भी किया। संवाद

# कच्ची शराब के साथ तीन दबोचे

**श्रावस्ती**। सिरसिया पुलिस ने शनिवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान थुनिया मोड़ के पास से छोटका उल्लहवा निवासी कंधई लाल को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं पुलिस ने गेहुंआ भारी से एक व्यक्ति को एक पिपिया में 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के दुर्गापुर निवासी अर्जुन गिरी के रूप में हुई। वहीं मल्हीपुर पुलिस ने मिश्री पुरवा निवासी राम धीरज वर्मा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। संवाद

# छह वारंटी गिरफ्तार

**श्रावस्ती**। हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने रविवार को ऑपरेशन धरपकड़ अभियान के दौरान छह वारंटियों को गिरफ्तार किया। जिनमें धन्नीपुरवा निवासी परमेश्वर उर्फ भुजऊ, इमिलिया करनपुर के मजरा कटवा निवासी ईदू, पटपरगंज निवासी टुल्लू उर्फ टिल्लू पुत्र अहमद खान, महरूमुर्तिहा के मजरा बृजवासी निवासी पुत्तीलाल, गोपालसराय के मजरा नानकार निवासी इंसूफ की पत्नी व मोहनलाल पुरवा निवासी अब्दुल सलाम की पत्नी शामिल हैं। जिन्हें संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है। संवाद

# करंट लगने से कांवड़िया झुलसा, रेफर

**इकौना (श्रावस्ती)।** गिलौला के कोट मुबारकपुर से शनिवार रात कांवड़ यात्रा निकाली गई। यह कांवड़ यात्रा इकौना के सीताद्वार पहुंची। जहां से सभी जल लेकर रविवार सुबह पांच बजे गोंडा जिले के खरगूपुर स्थित पृथ्वीनाथ महादेव जलाभिषेक करने के लिए निकले थे। इस दौरान गिलौला निवासी सुनील उर्फ पुत्तन (22) ने लोहे की छड़ी में धर्मध्वज ले रखा था। सीएचसी इकौना के निकट उसका झंडा हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां से बाद में उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। संवाद

# दो मजदूरों को ट्रैक्टर-ट्रॉली से नीचे गिराया

**इकौना (श्रावस्ती)।** गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर, लेंगड़ी मोड़ व माजरे के 32 मजदूर शनिवार को इकौना कस्बे में काम करने गए थे। जहां से सभी देर शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली इकौना थाना क्षेत्र के परसौरा गांव के निकट पहुंची, तभी ट्रॉली में मौजूद दो गुटों में विवाद हो गया। इसके बाद एक गुट के मजदूरों ने गोपालपुर के लंगड़ी मोड़ निवासी रोहित (22) व कन्हैया लाल (30) को ट्रॉली से धक्का दे दिया। जिससे दोनों मजदूर गिरकर घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी इकौना लाया गया। जहां से इलाज के बाद दोनों को घर भेज दिया गया है। संवाद

# 505 ग्राम चरस के साथ दबोचा गया तस्कर

**संसू, श्रावस्ती** : नवीन मार्डन श्रावस्ती पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दूबे दुनक्का तिराहे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से चरस बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक रामसजीवन निषाद पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान सूचना पर कटरा बाजार जाने वाली सड़क पर दूबे दुनक्का तिराहे पर टीम के साथ पहुंचे। यहां मौजूद रमवापुर डकाही निवासी ज्ञानेंद्र पांडेय उर्फ रामफूल पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 505 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक कुलदीप राय, आरक्षी अमित कुमार शुक्ला, देवेंद्र यादव व कुलदीप कुमार शामिल रहे।

## महिलाओं को बताए अधिकार

**श्रावस्ती** : शक्ति मोबाइल ने गांवों में चौपाल लगाया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों की जानकारी दी। साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। जागरूकता पंफ्लेट का भी वितरण किया। (वि.)

## गोवध के आरोपित दबोचे

**श्रावस्ती** : भिनगा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गोवध के आरोप में फरार चल रहे संभारपुरवा निवासी ननऊ व महताब को खपरीपुर मोड़ के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से लोहे का बाका, छुरी, लकड़ी का ठीहा बरामद किया गया है। आरोपितों को जेल भेजा गया है। (वि.)

# 25 वाहनों का किया चालान, शुल्क वसूला

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगा कर 25 वाहनों का चालान किया गया। इसके साथ ही 26 हजार 500 रुपए शमन शुल्क लगाया गया। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को चेतावनी भी दी जाती है। हमेशा हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करें तथा वाहनों के कागजात अपने पास रखें।

# जहरखुरानी के शिकार युवक को अस्पताल भेजा

- कपड़ा व्यापारी ने पुलिस को सूचना देकर सीएचसी इकौना में भर्ती कराया
- कानपुर की फर्म का मुनीम बकाया वसूली करने आया था

इकौना, संवाददाता। कानपुर की एक फर्म का मुनीम तगादा करने आया था। लेकिन रोडवेज बस में जहर पुरानी का [illegible] हो गया। वह खाली हाथ [illegible]ते हुए कपड़ा व्यापारी के यहां [illegible]र बेहोश हो गया। कपड़ा [illegible] ने डायल 112 पुलिस को [illegible]कर सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

कानपुर की फर्म हर्ष टेक्सटाइल का मुनीम मनोज शुक्ला फर्म की बकाया वसूली करने के लिए रोडवेज की बस से लखनऊ से इकौना आ रहा था। रास्ते में वह जहर खुरानी का शिकार हो गया। जहर खुरानी गिरोह के लोगों ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसका बैग व पर्स निकाल ले गए। इकौना पहुंचने पर जब होश आया तो बस से उतर कर इकौना के कपड़ा व्यापारी की दुकान पर पहुंचा और बेहोश हो गया। इस पर व्यापारी ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मुनीम को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। लेकिन हालत खराब होने के कारण मेडिकल कालेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में कस्बा प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि मुनीम मनोज शुक्ला को होश आ गया है और उसकी हालत में सुधार हो रहा है। उसके परिवार के लोग मेडिकल कॉलेज बहराइच पहुंच गए हैं।

# आधा दर्जन वारंटी गिरफ्तार

श्रावस्ती। थानाध्यक्ष हरदत्तनगर गिरंट इन्द्रसेन सिंह ने पुलिस टीम के साथ आधा दर्जन वारंटियों को गिफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों को न्यायालय में पेश किया गया। पकड़े गए लोगों में परमेश्वर उर्फ भुजऊ पुत्र हरीराम निवासी धन्नी पुरवा, ईदू पुत्र यासीन खां निवासी ग्राम कटवा, टुल्लू उर्फ टिल्लू पुत्र अहमद खान निवासी ग्राम पटपरगंज, पुत्तीलाल पुत्र बाउर निवासी बृजवासी महरू मूर्तिहा, इसूफ की पत्नी निवासी नानकार तथा अब्दुल सलाम की पत्नी निवासी मोहनलाल पुरवा शामिल हैं।

# स्कूल के रसोई घर का ताला तोड़ कर चोरी

कटरा। नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ पंडित में शनिवार की रात में चोरों ने रसोईघर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर बर्तन व राशन,मसाला चुरा लिया। प्रधानाध्यापक शिव शंकर गौतम ने बताया कि चोरों ने रसोई गैस का एक सिलिंडर,चावल, दाल, तेल, मसाला और बर्तन थालियां, गिलास आदि की चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह स्कूल खुलने पर रसोइया ने इसकी जानकारी दी। चोरों ने ताला तोड़ कर सब कुछ तितर-बितर कर दिया था।

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। थानाध्यक्ष सिरसिया विसुनदेव पाण्डेय ने गेहुंआभारी मोड़ के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति के पास से एक पिपिया से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्ति पर आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान अर्जुन गिरी पुत्र नान्हू निवासी दुर्गापुर के रूप में हुई है।